ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • वैशाख शुक्ल पक्ष 10 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 30 अप्रैल 2023 • वर्ष-29 • अंक-194 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

डांस के बारे में बोले ऋतिक रोशन, 'मैं... पेज 10 पर



## झारखंड में दो सरकारें काम कर रहीं : सरयू राय



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

राष्ट्रीय कोलियरी कांग्रेस के अध्यक्ष सह जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने शनिवार को यहां कहा कि उत्तरप्रदेश के माफिया डॉन अतीक अहमद की तर्ज पर झारखंड में भी योगेंद्र तिवारी और प्रेम प्रकाश जैसे लोग काम कर रहे हैं। वे शनिवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने शराब के अवैध कारोबार के बाबत कहा कि जिसने भी शिकायत की, उसे लगातार धमकियां मिल रही हैं। राज्य में स्थिति ऐसी है कि निर्दोष फंस रहे हैं और दोषी बच रहे हैं। राज्य में दो सरकारें चल रही हैं। एक हेमंत सोरेन की सरकार और दूसरी कांग्रेस की सरकार। मुख्यमंत्री का भी सरकार पर नियंत्रण नहीं है। जो पावर मुख्यमंत्री का है, वह काम कांग्रेस के मंत्री करते हैं। विधायक सरयू राय ने कहा कि रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन ने सेना की जमीन को भी क्लीन चिट दे दी। डीसी ने दस्तावेज बदलकर सेना की जमीन की भी बिक्री करा दी लेकिन ईडी ने इस फजीर्वाड़े को पकड़ लिया। उन्होंने कहा कि झारखंड में फिलहाल एक कहावत प्रचलित हो रही है कि जो जमीन सरकारी है, वह हमारी है। सरकार के संरक्षण में सरकारी जमीन अधिकारी बेचवा रहे हैं। यही हाल कोयले के अवैध खनन का है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन मिलकर कोयले का अवैध कारोबार कर रही है।

## हत्या के तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला व्यवहार न्यायालय के जिला अपर सत्र न्यायाधीश अमरेश कुमार की अदालत ने शनिवार को हत्या के एक मामले में तीन दोषियों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। इस मामले में चंद्रमा सिंह ने रेहला थाना में 22 सितंबर, 2013 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि 21 सितंबर, 2013 की रात 8:30 बजे चन्द्रमा सिंह घर के दरवाजे पर थे। इस बीच जानकारी मिली कि कधवन स्टैंड स्थित फूड जंक्शन होटल के समीप उनके पुत्र अजीत सिंह के साथ सुनील कुमार सिंह की नोक-झोंक हो रही है। जानकारी के बाद उनका दूसरा पुत्र नरेंद्र कुमार अपने भाई के साथ वहां पहुंचा। इसी दौरान सुनील कुमार सिंह ने उनके पुत्र अजीत सिंह को पिस्तौल से गोली मारकर घायल कर दिया। उनके दूसरे पुत्र नरेंद्र सिंह ने सुनील सिंह को पकड़ने की कोशिश की तो उसे भी गोली लग गई। दोनों का इलाज सदर अस्पताल मेदिनीनगर में चला, जहां इलाज के दौरान अजीत सिंह की मौत हो गई । जबकि नरेंद्र सिंह को रांची रेफर कर दिया गया। चंद्रमा सिंह ने पुत्र की हत्या के मामले में आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस मामले में अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए रेहला थाना के कधवन निवासी सुनील कुमार सिंह, चंदा देवी और अनिता देवी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार व 25-25 हजार रुपये अलग-अलग धाराओं में अर्थदंड भी लगाया है।

## ईडी कोर्ट ने वीरेंद्र राम सहित चार लोगों के खिलाफ दायर आरोप पत्र पर लिया संज्ञान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दायर आरोप पत्र पर ईडी कोर्ट ने संज्ञान लिया है। अब मामले में चारों आरोपितों के खिलाफ ट्रायल शुरू होगा। कोर्ट ने इन आरोपितों की उपस्थिति की तिथि 12 मई निर्धारित की है। इससे पूर्व 21 अप्रैल को वीरेंद्र राम, उनके भाई आलोक रंजन, वीरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी देवी और पिता गेंदा राम के खिलाफ ईडी की अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। यह आरोप पत्र ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में दायर हुआ है। बीते दिनों ईडी की टीम ने वीरेंद्र राम की 3928 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की थी। जब्त की गई संपत्ति वीरेंद्र की ओर टेंडर में कमीशन से उगाही अर्जित की गई है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने बीते 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### ईडी के रडार पर आई कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद



**रांची।** झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रडार पर बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद आ गई हैं। कांग्रेस विधायक के खिलाफ ईडी के रांची जोनल आफिस में मनी लाउंड्रिंग की शिकायत की गई थी। शिकायत के आधार पर ईडी के डिप्टी डायरेक्टर स्तर के अधिकारी ने राज्य पुलिस से अंबा प्रसाद के खिलाफ दर्ज सारे एफआईआर की जानकारी मांगी थी। ईडी ने पुलिस से पूछा था कि अंबा प्रसाद के खिलाफ प्रिडिकेटिव आफेंस का कोई केस दर्ज है या नहीं। ईडी के पत्राचार के बाद पुलिस ने विधायक के खिलाफ दर्ज कांडों की सूची ईडी के जोनल आफिस को भेज दी है। किन किन कांडों की सूची ईडी को भेजी गई। ईडी सूत्रों के मुताबिक, दर्ज कांड की समीक्षा के बाद यह तय किया जाएगा कि ईडी किसी केस को टेकओवर करेगी या नहीं। हालांकि फिलहाल ईडी ने किसी कांड में ईसीआईआर दर्ज नहीं किया है। इस मामले में विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि फिलहाल मैं कुछ भी प्रतिक्रिया नहीं दे सकती हूं। मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है।

## NEWS इन ब्रीफ

### रांची- सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस का होगा स्टॉपेज

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद वीडी राम के अथक प्रयासों के फलस्वरुप रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18635/18636 का 10 मई के बाद हैदरनगर एवं उंटारी रोड़ रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज प्रारंभ होगा। यह जानकारी रेलवे बोर्ड के कार्यपालक निदेशक विकास जैन ने दी है। सांसद ने उन्हें बताया कि नोटिफिकेशन जारी होने के बाद दोनों स्टेशनों पर कार्यक्रम आयोजित कर ट्रेनों का स्टॉपेज होगा। उल्लेखनीय है कि उक्त ट्रेन के स्टॉपेज की मांग लगातार हैदरनगर एवं उंटारी रोड़ प्रखंड की जनता द्वारा की जा रही थी। इस ट्रेन के स्टॉपेज के लिए लोकसभा में भी मामले को उठाया गया था तथा सांसद ने व्यक्तिगत रूप से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर अनुरोध किया था एवं पत्राचार भी किया था। सांसद ने इसके लिए पीएम और रेल मंत्री को अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की तमाम जनता की ओर से धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया है।

### पत्नी और बेटी का हत्यारोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कोर्ट ने पत्नी और बेटी के हत्यारोपी रामअवतार मेहता उर्फ रामाधार मेहता को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। अभिमन्यु कुमार की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। अदालत में इस मामले में अभियोजन की ओर से नौ गवाहों की गवाही कराई गई, मगर अभियोजन घटना को साबित करने में असफल रहा। बचाव पक्ष की ओर से एलएडीसी के चीफ अमिताभ चन्द सिंह व डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने बहस की। दोनों ने रामअवतार मेहता को निर्दोष बताया और कोर्ट से बरी करने की मांग की। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद साक्ष्य के अभाव में रामअवतार मेहता को बरी कर दिया। गौरतलब है कि रामाधार मेहता 6 जून 2016 से जेल में बंद था। फिलवक्त वह चास जेल में बंद था।

### सभी को सामाजिक सुरक्षा देना सर्वोच्च प्राथमिकता

**रांची।** मुख्यमंत्री ने कहा- समाज के हर वर्ग को सामाजिक सुरक्षा मिले, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि चाहे वह सरकारी कर्मी हो या फिर बुजुर्ग अथवा दिव्यांग, परित्यक्ता अथवा एकल महिला। हर किसी को सामाजिक सुरक्षा कवच देने के लिए यूनिवर्सल पेंशन स्कीम और एनपीएस को लागू कर सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेंशन किसी के भी बुढ़ापे की लाठी होती है। यह उन्हें आर्थिक रुप से मजबूत करता है और सरकार उन्हें इसका लाभ देने के लिए सदैव प्रयासरत रही है।

## जगन्नाथ मंदिर का सीएम ने किया दर्शन

### झारखंडवासियों की उन्नति, सुख-समृद्धि-शांति, खुशहाली और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना की



**पुरी/रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना सोरेन संग शनिवार को ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ मंदिर के दर्शन किए। उन्होंने पारंपरिक विधि-विधान से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की पूजा-अर्चना कर झारखंड और झारखंडवासियों की उन्नति, सुख-समृद्धि-शांति, खुशहाली और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना की। उन्होंने आशीर्वाद के रूप में भगवान जगन्नाथ का भोग ग्रहण किया। इससे पहले मुख्यमंत्री के यहां आगमन पर मंदिर प्रबंधन ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया और प्रतीक चिन्ह के रूप में श्री जगन्नाथ मंदिर की तस्वीर भेंट की गई।

पुरी में मुख्यमंत्री ने स्थानीय मीडिया के साथ संवाद करते हुए हेमंत सोरेन ने कहा कि कल कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के समारोह में शामिल होने का मौका मिला था। इस संस्थान के संस्थापक डॉ अच्युत सामंता यहां गरीब और वंचित आदिवासी समुदाय के 40 हजार से ज्यादा बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देकर उनका उज्जवल भविष्य गढ़ रहे हैं। वे जिस तरह इनोवेटिव और क्रिएटिव कार्य कर रहे हैं, इसे जानने-समझने और देखने के लिए यहां आया। हमारी इच्छा है कि डॉ सामंता के साथ मिलकर झारखंड के बच्चों के लिए भी इसी तरह का संस्थान स्थापित करें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को कहा कि झारखंड में नक्सली गतिविधियां अब अंतिम पड़ाव पर है। नक्सली बहुत हद तक कमजोर हो चुके हैं। हालांकि, कुछ नक्सली घटनाएं भी हो रही हैं लेकिन मुझे विश्वास है कि सभी राज्य मिलकर निश्चित तौर पर नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगाने में कामयाब होंगे। अभी हाल ही में जिस तरीके से नक्सलियों का सफाया हुआ है, वह शानदार रहा है। हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिले, इस दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में कल एयर एंबुलेंस सेवा की शुरूआत की गई है। समाज के गरीब और बीपीएल भी इसका लाभ ले सकें, सरकार ने इसे सुनिश्चित किया है। समाज के हर वर्ग को सामाजिक सुरक्षा मिले, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मी, बुजुर्ग, दिव्यांग, परित्यक्ता या एकल महिला हर किसी को सामाजिक सुरक्षा कवच देने के लिए यूनिवर्सल पेंशन स्कीम और एनपीएस को लागू कर सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाया है।

### अफजल अंसारी की संसद सदस्यता जाना तय

## कोर्ट ने सुनाई चार साल की सजा



**गाजीपुर।** गाजीपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने बीएसपी सांसद अफजल अंसारी को गैंगस्टर एक्ट में दोषी करार दिया है। अफजल अंसारी को 4 साल की सजा सुनाई गई है और 1 लाख का जुमार्ना लगा है। इसके साथ ही उन्हें कस्टडी में ले लिया गया है। बसपा सांसद अफजल अंसारी पर गैंगस्टर एक्ट के तहत चल रहे केस में कोर्ट ने फैसला सुनाया है। बीते 1 अप्रैल को कोर्ट ने बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। साल 2007 में दर्ज हुए इस मामले में बांदा जेल में बंद मुख्तार अंसारी और उनके सांसद भाई अफजल अंसारी आरोपी थे। इससे पहले कोर्ट ने मुख्तार अंसारी को दस साल की सजा सुनाई है और उसके उपर 5 लाख का जुमार्ना भी लगाया है।

**संसद सदस्यता जाना तय :** किसी संसद सदस्य को दो साल या दो साल से उपर की सजा होती है तो उसकी सांसदी जान तय है। इस समय अफजल अंसारी गाजीपुर से सांसद हैं और वह बसपा के टिकट पर जीते थे। बता दें कि साल 2005 में 29 नवंबर को बीजेपी के मोहम्मदाबाद से तत्कालीन विधायक कृष्णानंद राय सहित सात लोगों को गोलियों से छलनी किया गया था। इस हत्याकांड में मुख्तार अंसारी और उसके भाई अफजल को आरोपी बनया गया था।

## गालियां देने वाले मिट्टी में मिल जाएंगे : मोदी

**हमनाबाद (कर्नाटक)।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में अब केवल कुछ दिन बाकी रह गए हैं। ऐसे में बीजेपी की ताबड़तोड़ रैलियों का दौर जारी है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कर्नाटक में बीदर के हुमनाबाद में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने डबल इंजन सरकार का मतलब डबल बेनिफिट बताया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस ने अब तक मुझे 91 बार गाली दी। जब-जब कांग्रेस ने गाली दी, तब-जब जनता ने सजा दी। कहा कि कांग्रेस की गाली का जवाब जनता वोट से देगी, कांग्रेस की गालियों की लिस्ट बहुत लंबी है। कांग्रेस के बड़े नेता गाली देते रहते हैं। कई महापुरुष भी कांग्रेस की गालियों के शिकार हुए हैं। गालियां देने वाले मिट्टी में मिल जायेंगे। मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस राज में 100 से ज्यादा सिंचाई योजनाएं दशकों से लटकी हुई थीं। लेकिन पिछले 9 सालों में दशकों से अधूरी पड़ी 60 से ज्यादा सिंचाई योजनाओं को हमने पूरा किया। उन्होंने बीदर से उनके विधानसभा चुनाव की शुरूआत होने पर खुशी जताई और बताया कि इस जगह का आशीर्वाद उन्हें तब भी मिला था जब वह पीएम बने थे। उन्होंने इस चुनाव को कर्नाटक को देश में नंबर 1 राज्य बनाने का चुनाव बताया। राज्य का विकास तभी हो सकता है जब उसके सभी अंगों का विकास हो। यह चुनाव राज्य की भूमिका तय करेगा और इसे नंबर 1 बनाने के लिए डबल इंजन सरकार राज्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस शासन की तुलना में बीजेपी शासन में राज्य में विदेशी निवेश तीन गुना बढ़ा है। प्रदेश में दोगुनी गति से दोहरा विकास हो रहा है। कर्नाटक फिर से भाजपा के लिए तैयार है। कांग्रेस ने केवल कर्नाटक के किसानों और लोगों से झूठे वादे किए थे, कांग्रेस सरकार के तहत राज्य के किसानों को कोई लाभ नहीं मिला। कांग्रेस ने सिर्फ तुष्टीकरण को बढ़ावा दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस गरीबों के संघर्ष और दर्द को कभी नहीं समझेगी। कांग्रेस ने यहां सदनों की गति धीमी की। लेकिन भाजपा ने यहां महिलाओं को मकान का मालिकाना हक दे दिया।

### राहुल गांधी के मामले की सुनवाई दो मई को

**एजेंसी। अहमदाबाद**

गुजरात उच्च न्यायालय ने राहुल गांधी की मोदी उपनाम टिप्पणी पर एक आपराधिक मानहानि मामले में उनकी सजा को चुनौती देने वाली अपील पर सुनवाई करते हुए कहा कि वह मामले की सुनवाई 2 मई को जारी रखेगा। राहुल गांधी की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के नामी वरिष्ठ वकील डॉ अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट में दलीलों को रखा। सिंघवी ने सजा पर रोक की मांग की है। सिंघवी ने कहा कि जब नवजोत सिंह सिद्धू को सजा पर स्थगन आदेश दिया जा सकता है तो राहुल गांधी को क्यों नहीं? लंबी दलीलों के दौरान सिंघवी ने सूरत कोर्ट द्वारा दी गई सजा पर कई गंभीर कानूनी सवाल खड़े किए। डॉ सिंघवी ने आपराधिक मानहानि से जुड़े मामलों के सुप्रीम कोर्ट के संवैधानिक पीठ के द्वारा दिए फैसले भी अपनी दलील के समर्थन में पेश किए जो संविधान में दिए प्रावधानों के तहत भारत के सभी कोर्ट में लागू होता है।

### लोस चुनाव के मद्देनजर 13 मई के बाद पटना में होगी 19 विपक्षी दलों की बैठक

## केंद्र की सत्ता बदलो अभियान गांधी मैदान से शुरू करने की योजना

**-ब्यूरो**

नई दिल्ली। कर्नाटक विधान सभा चुनाव (चुनाव परिणाम 13 मई को आएगा) के बाद बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी एकता को लेकर 19 विपक्षी दलों की बैठक होगी। कोशिश पटना के गांधी मैदान से ही केन्द्र की मोदी सरकार हटाओ आंदोलन शुरू करने की होगी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मिलने कोलकाता गये थे , तो ममता ने कहा था - अच्छा होगा विपक्षी एकता आंदोलन की शुरूआत जेपी आंदोलन की तरह बिहार से पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान से हो।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ममता बनर्जी के अनुरोध को मान लिया है। उन्होंने इसका संकेत देते हुए 29 अप्रैल को पटना में कहा - हम लोग सभी नेताओं के साथ मिलकर बातचीत कर रहे हैं। अभी कुछ और लोगों से बातचीत होनी है। इसके बाद तय हो जायेगा कि कहां पर बैठक होगी। बहुत लोगों की राय है कि बैठक पटना में होनी चाहिए।यह सभी लोगों की राय से तय होगा। नीतीश ने कहा कि यदि सभी लोग चाहेंगे, तो बिहार में जरुर बैठक होगी। अभी एक राज्य में (कर्नाटक) चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। कई दल उस चुनाव में लगे हैं ,चुनाव के बाद यह सब होगा। बिहार में सभी पार्टियों के साथ मीटिंग होगी ,तो यह खुशी की बात होगी। जो भी होगा वह सभी लोगों की राय से ही होगा। मालूम हो कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्षी एकता को लेकर 24 अप्रैल को कोलकाता में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**कार्यक्रम** सर्वेक्षण में 890 पत्रकारों, मीडिया शिक्षकों, मीडिया शोधार्थियों और जनसंचार के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया

## मन की बात ने कराया भारत का भारत से परिचय




**नई दिल्ली।** भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार 76 फीसदी भारतीय मीडियाकर्मियों की राय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात ने भारत का भारत से परिचय कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं, 75% लोगों का कहना है कि 'मन की बात' एक ऐसे मंच के रूप में सामने आया है, जहां लोगों का ऐसे व्यक्तियों से परिचय कराया जाता है, जो जनसामान्य के जीवन में सार्थक बदलाव लाने के लिए निस्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं। आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी ने बताया कि संस्थान के आउटरीच विभाग द्वारा यह सर्वेक्षण 12 से 25 अप्रैल, 2023 के बीच किया गया। इस सर्वेक्षण में देशभर के 116 अकादमिक संस्थानों, विश्वविद्यालयों एवं मीडिया समूहों के कुल 890 पत्रकारों, मीडिया शिक्षकों, मीडिया शोधार्थियों और जनसंचार के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इनमें 326 महिलाएं एवं 564 पुरुष शामिल थे। सर्वे में शामिल होने वाले 66% लोग 18 से 25 वर्ष की उम्र के थे। सर्वेक्षण में शामिल लोगों के अनुसार 'देश की जानकारी' और 'देश के प्रति प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण', दो प्रमुख कारण हैं, जो दर्शकों को इस कार्यक्रम को सुनने के लिए प्रेरित करते हैं। अध्ययन के तहत लोगों से जब यह पूछा गया कि अगर कभी वे कार्यक्रम को लाइव नहीं सुन पाते हैं, तो फिर कैसे सुनते हैं, तो 63 प्रतिशत लोगों का कहना था कि अन्य माध्यमों की तुलना में वे यूट्यूब पर मन की बात सुनना ज्यादा पसंद करते हैं। वहीं, 76% लोगों के अनुसार 'मन की बात' में विभिन्न मुद्दों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुनकर उन्हें ऐसा एहसास होता है कि वे भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदार हैं। प्रो. द्विवेदी के अनुसार सर्वेक्षण में यह भी समझने की कोशिश की गई कि प्रधानमंत्री द्वारा 'मन की बात' में चर्चा किए गए किस मुद्दे ने लोगों के जीवन को सबसे ज्यादा प्रभावित किया। इसके जवाब में 40% लोगों ने कहा की 'शिक्षा' सबसे प्रभावशाली विषय है, जिसने उन्हें सोचने पर मजबूर किया, वहीं 26% लोगों के अनुसार 'जमीनी स्तर पर काम करने वाले गुमनाम समाज-शिल्पियों' से संबंधित जानकारी उनके लिए काफी रोचक रही। अध्ययन में यह भी जानने का प्रयास किया गया कि 'मन की बात' में चर्चा किए गए विषयों के बारे में लोग किनसे ज्यादा बातचीत करते हैं। 32% लोगों ने कहा कि वे अपने परिवार के सदस्यों से इस बारे में अपने विचार साझा करते हैं, वहीं 29% लोगों के अनुसार वे अपने दोस्तों और साथियों के साथ इस विषय पर बातचीत करते हैं। सर्वेक्षण के दौरान एक रोचक तथ्य यह भी सामने आया कि 'मन की बात' कार्यक्रम सुनने के लिए जहां 12% लोग रेडियो और 15% लोग टेलीविजन का प्रयोग करते हैं।

### पीएम के 'मन की बात' के 100वें एपिसोड का जश्न




**भुवनेश्वर।** प्रसिद्ध सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने ओडिशा के पुरी समुद्र तट पर मन की बात के 100 एपिसोड का जश्न मनाने के लिए 100 रेडियो के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक रेत की आकृति बनाई है। पटनायक ने लगभग सात टन रेत का उपयोग करके 8 फुट ऊंची रेत कला बनाई है। उन्होंने 100 रेत रेडियो से प्रधानमंत्री की एक रेत की मूर्ति भी बनाई। मूर्तिकला को पूरा करने के लिए उनके सैंड आर्ट स्कूल के छात्र उनके साथ शामिल हुए। पटनायक ने कहा, इससे पहले, मैंने विभिन्न अवसरों पर 'मन की बात' में कुछ रेत की मूर्तियां बनाईं। इसके अलावा, रेडियो पर रेत की मूर्तियां भी विश्व रेडियो दिवस जैसे अवसरों पर बनाई गईं। 3 अक्टूबर 2014 को पहली बार प्रसारित मोदी का प्रमुख रेडियो संबोधन 30 अप्रैल को 100 एपिसोड पूरे करेगा। अब तक, पद्म विजेता कलाकार ने दुनिया भर में 60 से अधिक अंतरराष्ट्रीय सैंड आर्ट प्रतियोगिताओं और उत्सवों में भाग लिया है और कई पुरस्कार जीते हैं। वह हमेशा अपनी सैंड आर्ट के जरिए विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता पैदा करने की कोशिश करते हैं। उनकी रेत कलाओं की संयुक्त राष्ट्र, डब्ल्यूएचओ और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण द्वारा सराहना की जाती है।

**NEWS इन ब्रीफ**

### ज्योति आईटीआई में स्किल प्रतियोगिता का प्रशिक्षण

**मेदिनीनगर।** कांदु मुहल्ला स्थित ज्योति आईटीआई में स्किल प्रतियोगिता का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को प्रेरित करने हेतु वार्षिक परीक्षा के पूर्व स्किल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें सभी प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। साथ ही अपने कौशल का प्रदर्शन किया। मौके पर उपस्थित संस्थान के सचिव ज्योति पांडे ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से प्रशिक्षणार्थियों को अनुभव प्राप्त होता है।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**मेदनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम इमली निवासी जयमंगल राम के पुत्र प्रवेश कुमार उम्र 25 वर्ष की मौत जहरीला पदार्थ के सेवन करने से हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक प्रवेश कुमार के सभी परिजन अपने किसी रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में गए थे। प्रवेश कुमार घर में अकेला था। इसी बीच शुक्रवार की रात वह जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया और सुबह तक उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया और इस घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। और अपने देखरेख में प्रवेश का इलाज कराया कुछ देर इलाज चलने के बाद उसकी मौत हो गई। वहीं सदर अस्पताल में मौत होने के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।

### अज्ञात महिला का शव बरामद

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा पहाड़ी के पास से चैनपुर थाना की पुलिस ने शनिवार की सुबह एक अज्ञात शव बरामद किया है। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा के ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया कि सेमरा पहाड़ी पर एक अज्ञात महिला का शव पड़ा हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं शव मिलने के बाद से पुलिस अज्ञात महिला के परिजनों पता लगाने में जुट गई है।

### राकेश सिंह बने आरपीआई के प्रदेश उपाध्यक्ष

**मेदिनीनगर।** झारखंड के राजधानी रांची में आयोजित बैठक में सामूहिक निर्णय लेते हुए आरपीआई के झारखंड प्रभारी चंदन कुमार शर्मा द्वारा आरपीआई प्रमुख एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री भारत सरकार नई दिल्ली रामदास आठवले के निर्देशानुसार मजदूर नेता राकेश सिंह को राज्य के चौमुखी विकास तथा सांगठनिक मजबूती एवं विस्तार हेतु प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। मौके पर राकेश ने कहा कि पलामू सहित पूरे झारखंड के नागरिकों के सामाजिक न्याय एवं अधिकार के लिए दिल्ली के पटल पर भी आवाज मजबूती से रखा जाएगा ।मौके पर अवसर पर नागेंद्र प्रसाद गुप्ता, रामेश्वर राम , सतन राम, बाबूलाल राम, वीतन कुमार, मदन सिंह, राजेंद्र बैठा, विजय ठाकुर सहित सैकड़ों समर्थक शामिल थे।

# बकोरिया मुठभेड़ मामले में नहीं हुई सुनवाई

## शिकायतकर्ता अब सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू बकोरिया मुठभेड़ मामले की सुनवाई शनिवार को नहीं हुई। अब पूरे मामले की सुनवाई 30 मई को सीबीआई की स्पेशल कोर्ट में होगी। रांची सीबीआई स्पेशल कोर्ट ने बकोरिया मुठभेड़ मामले में शिकायतकताओं को नोटिस जारी किया था और शनिवार को अपना पक्ष रखने को कहा था, लेकिन शनिवार को पूरे मामले में सुनवाई नहीं हुई। कोर्ट ने सुनवाई के लिए अगली तारीख 30 मई मुकर्रर की है। दरअसल, कुछ दिनों पूर्व सीबीआई ने बकोरिया मुठभेड़ मामले में कोर्ट को क्लोजर रिपोर्ट सौंपी थी। क्लोजर रिपोर्ट मिलने के बाद शनिवार को कोर्ट में पहली बार सुनवाई थी। शिकायतकर्ता जवाहर यादव ने बताया कि कोर्ट ने अगला डेट दिया है, वे मामले में सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं और दस्तावेज जुटा रहे है। उन्होंने बताया कि सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट में मुठभेड़ को सही बताया गया है। उन्होंने कहा कि अब तक उन्होंने क्लोजर रिपोर्ट को पढ़ी नहीं है। रिपोर्ट पढ़ने के बाद वो मामले में कुछ बता पाने की स्थिति में होंगे। जवाहर यादव ने बताया कि वे हर हाल में न्याय के लिए सुप्रीम कोर्ट जायेंगे। दरअसल, आठ जून 2015 को पलामू के सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया पंचायत के भलवही घाटी में सुरक्षा बलों के साथ हुए मुठभेड़ टॉप माओवादी कमांडर आरके और अनुराग समेत 12 की मौत हुई थी। इस मुठभेड़ में अनुराग का बेटा और भतीजा भी मारा गया था। जबकि, लातेहार के मनिका में रहने वाले पारा शिक्षक उदय यादव और रिश्ते में भाई नीरज यादव भी मारे गए थे। जवाहर यादव ने मुठभेड़ को फर्जी बताते हुए हाईकोर्ट में शिकायत की थी। जवाहर यादव की शिकायत के बाद दिसंबर 2018 से सीबीआई मामले की जांच कर रही थी। कुछ दिनों पहले सीबीआई ने स्पेशल कोर्ट को मामले में क्लोजर रिपोर्ट सौंप दी है। रिपोर्ट में जिक्र किया गया है कि सभी लोगों की जान मुठभेड़ में गई है।

# बाइक दुर्घटना में तीन घायल सभी की स्थिति गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मनातू थाना क्षेत्र के ग्राम मंझौली निवासी राजेश राम 40, कमलेश राम 35,और उपेंद्र कुमार उम्र 14 वर्ष बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार ये तीनों व्यक्ति एक बाइक पर सवार होकर मनातू से तरहशी किसी काम से जा रहे थे। तभी रास्ते में एक कुत्ता को बचाने के दौरान बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे बने गड्ढे में जा गिरा। बाइक गड्ढे में गिर जाने पर तीनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा तीनों घायलों को इलाज के लिए मनातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए इन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजा गया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी दो लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई थी।वही इस घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। जहां घायलों की स्थिति को देखकर परिजन का रो रो कर बुरा हाल था। बताते चलें कि पलामू एसपी चंदन सिन्हा के द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, इसके बाद भी लोग सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। ट्रिपल लोड और बिना हेलमेट सफर कर रहे हैं,जिसका खामियाजा लोगों को हमेशा भुगतना पड़ रहा है।

# एसपी ने दूसरे जिले से मरीज को उपलब्ध कराया खून

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय मेदिनीनगर निवासी सिंहासन गुप्ता उम्र 70 वर्ष जेलहाता स्थित डॉ. अरुण शुक्ला के क्लीनिक में भर्ती हैं। कुछ दिन पूर्व उनके अंगूठे का ऑपरेशन हुआ था। इंफेक्शन के वजह से पैर के निचले भाग में ऑपरेशन करना है ,जिसके लिए मरीज को अइ खून की सख्त आवश्यकता है। परिजनों ने काफी मशक्कत किया पर खून उपलब्ध नहीं हो पाया। परिजनों ने पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा से मदद मांगी। एसपी ने खून उपलब्ध कराने का प्रयास किया पर पलामू में खून उपलब्ध नहीं हो पाया। उन्होंने अन्य जिला में खून के लिए संपर्क किया। फिर उन्होंने गढ़वा पुलिस के द्वारा मरीज के स्वजनों को अइ पॉजिटिव खून का एक यूनिट उपलब्ध कराया। एसपी ने बताया कि कई लोग अक्सर उनके





पास खून उपलब्ध कराने को लेकर पहुंचते हैं। मेरा दायित्व है कि जनता की मदद करें। पलामू में सैकड़ों लोगों की मदद की है। अइ पॉजिटिव ब्लड ढूंढना काफी मुश्किल हो रहा था, वह दूसरे जिले के पुलिस के संपर्क में थे। अइ पॉजिटिव ब्लड का पता गढ़वा में चला, उन्होंने गढ़वा से मरीज को खून उपलब्ध करवाया। उन्होंने आम जनता से अपील की है की ज्यादा से ज्यादा अपना ब्लड डोनेट करे ताकि जरूरतमंद लोगों को बिना देर हुए ब्लड मिल सके।

# भारत माता की प्रतिमा का अनावरण

## शहर में कई चौक चौराहों का भी किया गया नामकरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के स्थानीय साहित्य समाज चौक पर शुक्रवार की शाम में भारत माता की प्रतिमा का अनावरण किया गया। जिसमे निगम के महापौर अरूणा शंकर, सांसद विष्णु दयाल राम और उपमहापौर मंगल सिंह ने पारंपरिक रूप से प्रतिमा का अनावरण किया। वैदिक मंत्रों के बीच भारत माता की प्रतिमा का पूजन करने के बाद आरती उतारी गई। कार्यक्रम में संगीतयुक्त भक्तिगीत के बीच आयोजित प्रतिमा का लोकार्पण मेयर, सांसद और डिप्टी मेयर ने शहर में पिछले पांच वर्षो में हुए विकास कार्यों की भी चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि आम जनता के सहयोग से ही देश लगातार मजबूती की ओर बढ़ता रहेगा। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विजय आनंद पाठक, प्रो. कमलाकांत मिश्र, पूर्व पार्षद ट्वींकल गुप्ता, अमित तिवारी, प्रदीप सिन्हा, ज्योति पांडेय सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।गौरतलब है कि मेंदिनीनगर सिटी के चौराहों को सजाने की योजना के तहत अपने कार्यकाल के अंतिम दिन महापौर और उपमहापौर ने




साहित्य समाज चौक पर नवस्थापित भारत माता की प्रतिमा को लोकार्पित किया। इसके अलावा साहित्य समाज चौक से हमीदगंज की ओर जाने वाले पथ का नामकरण भी बैजनाथ सिंह पथ के रूप में किया गया। वही, इंजीनियरिंग रोड में सेवासदन के पास से कोयल नदी तट तक जाने वाली पथ का नामकरण भी महाराज अग्रसेन पथ के रूप में किया गया। ज्ञात हो कि अपने कार्यकाल की अंतिम बोर्ड की बैठक में हमीदगंज के विनय चौक को जरासंध चौक, सिंगरा के शिव मंदिर चौक का नामकरण शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला चौक, लाल कोठा से महावीर मंदिर तक जाने वाली सड़क का नाम भगवान महावीर मार्ग किया गया है।

### साहित समाज चौक का नाम भारत माता रखना देश का दुर्भाग्य : सीपीआई

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने मेदिनीनगर नगर निगम के नियर अरुणा संकर और मंगल सिंह के छोटी एवं सस्ती राजनीति करने पर निंदा व्यक्त की है। मेदिनीनगर नगर निगम के साहित्य समाज चौक का नाम बदलकर भारत माता चौक रख दिया गया नगर निगम के मेयर और डिप्टी मेयर को यह मालूम होना चाहिए कि भारत माता पूरे देश की माता और आज तक किसी भी शहर मोहल्ले जिला और राज्य में किसी जगह का नाम भारत माता चौक नहीं रखा गया है क्योंकि किसी चौक का नाम भारत माता चौक रखना भारत माता के पद को छोटा करना है। भारत माता लोगों के हृदय में है जन्मभूमि है जननी है और ऐसे में साहित्य समाज चौक के जगह पर भारत माता के प्रतिमा लगा करके उस जगह का नाम भारत माता चौक रखना भारत माता का अपमान है। नगर आयुक्त जल्द से जल्द इस पर संज्ञान लें और उस चौक का किया हुआ नया नामकरण का नाम हटाकर उसको यथावत रखा जाए या कोई अन्य शहीदों के नाम पर उस चौक का नाम रखा जाए।

# मेहनत करने से ही सफलता हासिल होती है : संध्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला समाज कल्याण विभाग पलामू के द्वारा शनिवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत जिला स्तरीय एक दिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। मैच का आयोजन कसियाडीह मध्य विद्यालय सतबरवा के प्रांगण में किया गया। फुटबॉल मैच सतबरवा प्रखंड के मानासोती तेजस्विनी क्लब और बकोरिया तेजस्विनी क्लब के बीच खेला गया। मैच में दोनो टीमों के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन कर मौजूद सैकड़ों दर्शकों को मनोरंजित किया। पेनाल्टी शूटआउट में मानासोती तेजस्विनी की टीम ने बकोरिया तेजस्विनी की टीम को 1-0 से मात देकर विजयी बनी। विजेता टीम मानासोती तेजस्विनी और उपविजेता टीम बकोरिया तेजस्विनी के खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी ने सभी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि अपनी प्रतिभा को प्रखंड, जिला एवं राज्य स्तर पर दिखाने के लिए हर संभव प्रयास करने की जरूरत है, मेहनत करने से ही सफलता हासिल किया जा सकता है।मौके पर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी के साथ तेजस्विनी परियोजना के जिला समन्वयक गनौरी विश्वकर्मा, कार्यक्रम पदाधिकारी राजू पाल, डीआरआईयू के साकेत कुमार, सतबरवा प्रखंड समन्वयक, योगेंद्र सिंह के साथ गांव के सैकड़ों दर्शक उपस्थित थे।

# पीजीटी शिक्षकों का तबादला

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित राज्य के कई प्लस टू विद्यालयों के पीजीटी शिक्षकों का तबादला किया गया है। स्कूली एंव साक्षरता विभाग ने राज्य के सरकारी स्कूलों में कार्यरत 110 शिक्षकों का तबादला कर दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। इसका आदेश माध्यमिक शिक्षा निदेशक सुनील कुमार ने 28 अप्रैल को जारी कर दिया है। ज्ञात हो कि इन शिक्षकों का मैनुअली स्थानांतरण 2019 में किया गया था लेकिन,कुछ दिनों बाद विभाग ने तबादला आदेश रद्द कर दिया।इसके खिलाफ प्रभावित सभी शिक्षकों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाई कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया। कोर्ट ने विभाग के आदेश को खारिज कर दिया। प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने जारी आदेश में कहा है कि उपरोक्त स्थानांतरित पदों पर यदि कोई अन्य शिक्षक पूर्व से पदस्थापित हों तो उन्हें संबंधित जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में अविलंब योगदान करने का निर्देश दिया जाये।

# खाली चाय पे चर्चा करने से काम नहीं चलेगा : विदेशी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन जिला अध्यक्ष विदेशी पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी सिर्फ कुर्सी तोड़ने ,गबन करने, और चाय पे चर्चा करने के लिए बनते है। उन्होंने कहा कि विवि नियंत्रक ने वार्षिक कैलेंडर जारी किया था तो लगा विश्वविद्यालय में कुछ सुधार आयेगा। लेकिन उनका वार्षिक कैलेंडर भी फेल होते नजर आ रहा हैं। वार्षिक कैलेंडर में 28 अप्रैल पी.जी सत्र 2021झ23 का प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम जारी करने का तिथि था। मगर उनका यह तिथि भी फेल हो गया ।ऐसा लगता हैं,चाय पे चर्चा करने में खुद दिए हुए तिथि को भूल गए परीक्षा परिणाम ना आने के कारण काफी छात्रों में निराशा हैं। उन्होंने कहा कि मैं खुद पीजी प्रथम सेमेस्टर का छात्र हूं। इसके अलावा सभी महाविद्यालय प्राचार्य से निवेदन है की नैक का ऑडिट रिपोर्ट सार्वजनिक करें । इसके साथ ही जनता शिवरात्रि महाविद्यालय से हिंदी, अंग्रेजी,गणित, मनोविज्ञान,राजनीतिक विज्ञान में कुल कितने बच्चे पढ़ते है और कितने बच्चे रोजाना क्लास करतें हैं ।उसे भी सार्वजनिक करें ।गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय में गणित, बी.सी.ए, अंग्रेजी,अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, महिला कॉलेज में मनोविज्ञान, भौतिक शास्त्र,रसायन विज्ञान, विभाग के छात्रों का संख्या और उनकी अटेंडेंस लिए सार्वजनिक करें अन्यथा आंदोलन किया जायेगा और न्यायिक लडाई भी लड़ी जायेगी।

# अभियान में कई कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर 2 मई को प्रखण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। जिसमें विभिन्न विभागों की सहभागिता, सहयोग एवं जिम्मेदारियां यथा-ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबधंन, जल संरक्षण, पेयजल का उचित उपयोग, जल गुणवत्ता परीक्षण इत्यादि पर विशेष पर रूप से चर्चा की जाएगी। इसी क्रम में 3 मई को श्रमदान,संग्रहण एवं पृथकीकरण कार्यक्रम का आयोजन जिला एवं प्रखण्ड स्तर के विभिन्न विभागों यथा-पीएचईडी, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, समाज कल्याण, पंचायती राज आदि के पदाधिकारियों व कर्मियों द्वारा किया जाएगा। 4 मई को स्वच्छता एवं रात्रि चौपाल का आयोजन किया जायेगा।

5 से 10 मई तक स्वच्छता पखवाड़ा अभियान अंतर्गत ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए जल सहिया,स्वच्छाग्राही, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, छात्र-छात्राओं, स्वयं सेवकों इत्यादि को प्रेरित किया




जाएगा। 11 मई को विशेष ग्राम सभा का आयोजन वहीं 12 को विद्यालय स्तर पर स्वच्छता/ ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन विषय पर विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 13 से 15 मई तक ओडीएफ से संबंधित कार्यक्रम किया जायेगा जिसमें गांव को ओडीएफ प्लस घोषित करने के पश्चात स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का समापन कर दिया जायेगा।

### जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)अंतर्गत शनिवार को डीआरडीए के सभागार में उप विकास आयुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डीडीसी के अलावे सिविल सर्जन,पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, पेयजल विभाग के सभी अभियंता,सभी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर समेत सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में उपस्थित लोगों को अभियान के उद्देश्य, विभिन्न विभागों की सहभागिता, सहयोग एवं जिम्मेदारियां यथा-ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण, पेयजल का उचित उपयोग, जल गुणवत्ता परीक्षण आदि संबंधित विषयों पर विशेष रूप से चर्चा की गयी।

### 15 मई तक चलेगा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान

स्वच्छता पखवाड़ा अभियान अंतर्गत जिले में 29 अप्रैल से 15 मई तक विशेष अभियान चलाया जायेगा। इस क्रम में उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने संबंधित विभागों,सभी बीडीओ व सभी जल सहिया को अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत स्वच्छता भारत मिशन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत ग्राम स्तरों पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन,गोबरधन,प्लास्टिक कचरा प्रबंधन,मलीय कचरा प्रबंधन एवं माहवारी स्वच्छता प्रबंधन का कार्य अभिसरण के आधार पर किया जाना प्रस्तावित है जिसके तहत विभिन्न प्रकार की संरचनाओं का निर्माण किया जाना है। इसके अलावे ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के आधार पर गांव को वन स्टार,थ्री स्टार एवं फाइव स्टार घोषित एवं सत्यापित किए जाने का प्रावधान है साथ ही ग्राम स्तर पर ठोस व तरल कचरा प्रबंधन के आधार पर गांव को 1,3, एवं 5 स्टार रेटिंग देते हुए ग्राम सभा में संबंधित गांव को ओडीएफ प्लस घोषित करना है।

# मेयर ने बैजनाथ सिंह सड़क का किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम बोर्ड द्वारा पारित होने पर शहर के भारत माता चौक से सुदना मार्ग का नाम बैजनाथ सिंह मार्ग रखा गया। मेयर अरुणा शंकर, डिप्टी मेयर मंगल सिंह,




हुसैनाबाद विधायक कमलेश सिंह, जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने संयुक्त रू से मार्ग का उद्घाटन किया। मौके पर उपस्थित मेयर अरुणा शंकर ने कहा कि बैजनाथ सिंह के आदर्श को भुलाया नहीं जा सकता है। श्री सिंह गरीबों के हक के लिए काम करते थे। वे लोगों के दुख सुख में हमेशा खड़े रहते थे। आज उनके नाम से सड़क का नामकरण हो जाने से लोगों में काफी खुशी है। वहीं मौके पर उपस्थित विधायक कमलेश सिंह ने कहा कि पहले से बैजनाथ सिंह सेवा आश्रम बनाया गया है। जिसमें गरीब तबके के लोगों को शादी विवाह के लिए मुफ्त में आश्रम दिया जाता है। उन्होंने कहा कि बैजनाथ सिंह के नाम से सड़क का नामकरण हो जाने से मैं काफी खुश हूं। मैं मेदिनीनगर की मेयर अरुणा शंकर और डिप्टी मेयर मंगल सिंह को इस नेक काम के लिए धन्यवाद देता हूं।

**कार्यक्रम**

## गरीब छात्रों की जिम्मेवारी उठायेंगे कारोबारी : सांसद

# आज पीएम की मन की बात का 100 वां एपिसोड

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पीएम मोदी के मन की बात के 100 वाँ एपिसोड पूरा होने पर पलामू के कारोबारी के गरीब छात्र को गोद देंगे और उसकी पढ़ाई की पूरी जिम्मेवारी भी उठायेंगे । पलामू सांसद बीडी राम ने पलामू के कारोबारियों के साथ बैठक की है और बैठक के बाद छात्रों को गोद देने का निर्णय किया गया है। पीएम के मन की बात के एपिसोड को लेकर पलामू सांसद ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। सांसद ने बताया कि शहर के प्रमुख कारोबारियों के साथ उन्होंने बैठक की है। इस बैठक में मन की बात के एपिसोड पूरा होने पर सभी कारोबारियों ने मिलकर एक निर्णय लिया है कि वे गरीब छात्र को गोद लेंगे और उसकी पूरी जिम्मेवारी भी उठाएंगे ।सांसद ने कहा कि एक सर्वे में यह बात निकलकर सामने आई है कि मन की बात सुनने के बाद 54 प्रतिशत लोगों के जीवन में बदलाव आया है ।लोग प्रधानमंत्री के मन की बात को जानते हैं। जबकि 23 करोड लोग इसे नियमित रूप से सुनते हैं। मन की बात सुनने वाले 59 प्रतिशत से अधिक लोगों ने सरकार पर भरोसा जताया है ।जबकि दर्शकों का भावनात्मक जुड़ाव भी हुआ है।

**47 जगहों पर होगा कार्यक्रम :** पलामू सांसद ने कहा कि 100 वाँ एपिसोड पूरा होने के अवसर में उनके द्वारा अपने स्तर से 47 जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। शनिवार की देर शाम को बैलून छोड़ा जाएगा ।जिसमें बड़ी संख्या में कारोबारी भी शामिल रहेंगे ।साथ ही मौके पर दीपोत्सव का भी आयोजन किया जाना है। सांसद ने कहा कि मन की बात एक ऐतिहासिक एपिसोड है। मन की बात का कार्यक्रम 3 अक्टूबर 2014 को शुरू हुई थी। जो ग्यारह विदेशी भाषा सहित 52 भाषाओं में प्रसारित किया जाता है। पीएम का कार्यक्रम काफी लोकप्रिय है। जिसमें पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा भी शिरकत कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि मन की बात कोई राजनीति कार्यक्रम नहीं है ।अभी तक एक भी बार राजनीति बात नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि पलामू के सभी विधानसभा में 100 -100 जगहों पर मन की बात कार्यक्रम प्रसारित की

## सांसद ने मन की बात सुनने के लिए लोगों को किया आमंत्रित

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने छ्मुहान चौंक पर सैकड़ों गुब्बारा उड़ाकर मन की बात के लिए लोगो को किया आमंत्रित। आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का ऐतिहासिक सौवां एपिसोड होना है। स्थानीय टाउन हॉल मेदिनीनगर में सुबह 10 बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। जिसमें भाजपा के नेता कार्यकर्ता समर्थक शामिल होंगे। पलामू सांसद बीडी राम ने इस कार्यक्रम में आमजन को भी शामिल होने की अपील की है। समय पर लोग पहुंचे और अपने प्रधानमंत्री के मन की




बात को अवश्य सुने। श्री राम ने कहा कि मन की बात का 100वां एपिसोड ऐतिहासिक एवं भव्य होगा। वहीं गुब्बारा कार्यक्रम में मौके पर जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, मनोज सिंह, मेयर अरुणा शंकर, परशुराम ओझा, विभाकर नारायण पांडे, विजय ओझा, शिव कुमार मिश्रा, सोमेश सिंह, छोटू सिन्हा, लूडो खान, प्रदीप पासवान, राकेश तिवारी, ईश्वरी पांडे, गणेश गिरी, नवल तुलस्यान, सुरेंद्र विश्वकर्मा, नागेंद्र कुमार, नंदलाल गुप्ता, अमित आनंद, स्वेतांग गर्ग, पंकज शर्मा, अलख दुबे, सुमन अग्रवाल, नागेंद्र सिंह सहित पार्टी के प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिविर में बिजली बिल के रूप में 3 लाख रुपये से अधिक की वसूली

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

बिजली विभाग की ओर से बिजली बिल वसूली को लेकर प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में प्रखंड स्तरीय शिविर लगाया गया। इसमें तीन लाख बीस हजार रुपये की वसूली की गई। शिविर में क्षेत्र से आए उपभोक्ताओं ने लाइन में लगकर अपना बिजली बिल जमा किया। इस मौके पर सूद माफी योजना के तहत 10000 रुपये से ऊपर 10 बिजली बिल बकायेदारों का ब्याज भी माफ किया गया।

कनीय अभियंता दीपक कुमार ने बताया कि चिनिया प्रखंड में बिजली बिल जमा को लेकर प्रत्येक महीने की 28 तारीख को शिविर लगाया जाता है। इसमें आम उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा करने में काफी सुविधा होती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की सुविधा होने से किसी उपभोक्ता के ऊपर बिजली का बिल बकाया नहीं रहेगा। बाकी जितने भी कनेक्शन धारी हैं वे अपना बकाया



बिजली बिल जल्द से जल्द जमा करें। नहीं तो 2000 रुपये से ऊपर बिजली बिल की राशि बाकी रहने पर कनेक्शन काट दिया जाएगा। मौके पर कैशियर मुनेश कुमार, पन्नालाल महतो, लाइनमैन सिकंदर कुमार, बिजली कर्मी सिंमत चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

# पीडीएस दुकान से 24 क्विंटल राशन गायब

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार प्रखंड क्षेत्र के परती गांव के जनवितरण प्रणाली के दुकानदार चंद्रदेव बैठा ने शनिवार को बीडीओ मुकेश को लिखित आवेदन देकर आमवाडीह गांव के निलंबित डीलर के स्टॉक से 24 क्विंटल राशन गायब होने की शिकायत की है। बीडीओ सह एमओ मुकेश मछुआ को दिये गये आवेदन में उल्लेख किया गया है कि आमवाडीह गांव के डीलर सोमनाथ विश्वकर्मा को निलंबित करने के बाद उनके लाभुकों को मेरी दुकान से टैग किया गया है। जब मैं आमवाडीह गांव के लाभुकों के बीच राशन वितरण करने गया तो राशन वितरण करने से से पूर्व राशन स्टॉक मिलाया तो 48 बोरा राशन लगभग ( 24 क्विंटल ) स्टॉक में नहीं मिला, जिसके कारण आमवाडीह गांव के लाभुकों के बीच राशन वितरण करना मुश्किल हो गया है। दर्जनों लाभुकों को राशन से वंचित होना पड़ा, जबकि सोमनाथ विश्वकर्मा द्वारा अप्रैल माह का पूरा राशन 24 मार्च को ही उठाव कर लिया गया है। डीलर चंद्रदेव बैठा ने जांचोपरांत उक्त राशन उपलब्ध कराते हुए समुचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है। इस संबंध में बीडीओ सह एमओ मुकेश मछुआ ने कहा कि जांचोपरांत कारवाई की जायेगी।

# केतार में मूलवासी महासंगठन ने मनाई दानवीर भामाशाह की जयंती

**नवीन मेल संवादाता। केतार**

लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में शनिवार को मूलवासी महासंगठन की ओर से दानवीर भामाशाह की जयंती मनाई गई। इस दौरान समाज के लोगों ने दानवीर भामाशाह के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मूलवासी महासंगठन के संरक्षक राम भजन गुप्ता ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मेवाड़ राज्य में जन्मे भामाशाह बाल्य काल से ही मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप के मित्र, सहयोगी व



विश्वासपात्र सलाहाकर थे। अपरिग्रह को जीवन का मूलमंत्र मानकर लोगों को संग्रहण की प्रवृति से दूर रहने की चेतना जगाने का काम करते थे। मातृभूमि के प्रति इनका अगाध प्रेम था। इनके सहयोग से ही महाराणा प्रताप ने संघर्ष को नई दिशा दी और मेवाड़ को आत्मसम्मान दिलाया। 1576 में हल्दीघाटी के युद्ध में इन्होंने इतना दान दिया था कि 25 हजार सैनिकों का 12 वर्ष तक निर्वाह हो सकता था। इस मौके प मुखिया प्रमोद कुमार, मुंगा साह, मनोरंजन गुप्ता, शिव कुमार सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, महेंद्र पाल आदि लोग मौजूद थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### डंडाई में खुला मां विंध्यवासिनी वेलनेस हेल्थ केयर सेंटर

**डंडाई।** प्रखंड मुख्यालय की बाजार समिति स्थित विजय साह के मकान में शनिवार को मां विंध्यवासिनी वेलनेस हेल्थ केयर सेंटर खोला गया। इसका उद्घाटन उप प्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम, समाजसेवी विजय शाह, रेखा देवी सहित अन्य लोगों ने फीता काटकर किया। मौके पर उप प्रमुख प्रतिनिधि ने कहा कि डंडाई प्रखंड जैसे मुख्यालय में स्वास्थ्य सुविधा देना अच्छी पहल है। वहीं मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम ने कहा कि हम यही चाहते हैं कि डंडाई पंचायत के लोगों को अधिक से अधिक स्वास्थ्य सुविधा मिले। लोगों का समय पर इलाज हो और लोग स्वस्थ रहें। वहीं सेंटर के डॉक्टर शहीम खान ने बताया कि यह मां विंध्यवासिनी वेलनेस केयर सेंटर नहीं बल्कि यह मानव प्राकृतिक स्वास्थ्य रक्षा केंद्र है। यहां ब्लड सर्कुलेशन टेक्नोलॉजी द्वारा शुगर, ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक, लकवा, घुटना, कमर और कंधा दर्द, मोटापा तथा गैस जैसी बीमारियों को ठीक किया जाता है। बताया कि बाएं हाथ से फुल बॉडी चेकअप की सुविधा भी उपलब्ध है। मौके पर डॉ. टी रजक, डॉ. पूनम रजक, नंदू शाह, सतनारायण मेहता, नंदू प्रसाद, सुरेश साह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पंचायत भवन में नहीं बैठने वालों को दी कार्रवाई की चेतावनी

**भंडरिया।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। अनुपस्थित पदाधिकारीयों से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। बैठक में 20 सूत्री अध्यक्ष राजू नायक ने सभी विभाग के कार्यों की बारी- बारी समीक्षा की। उन्होंने पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, मुखिया एवं जेई को पंचायत भवन में बैठ कर काम करने का निर्देश दिया है। पंचायत भवन में नहीं बैठने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। लाभुक आवास का कार्य शीघ्र पूर्ण कर दें। वन विभाग, पेयजल स्वच्छता विभाग, बिजली विभाग, आपूर्ति सहित अन्य विभाग के पदाधिकारी बैठक से गायब रहे, उन्हें सोकॉज करने का निर्देश दिया है।

### स्वच्छता पखवाड़ा पर आयोजित कार्यशाला में बोले मंत्री मिथिलेश ठाकुर

# स्वच्छता के प्रति जनता को करें जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल की ओर से समाहरणालय के सभागार में आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा पर जिला स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने किया। इस दौरान उपायुक्त शेखर जमुआर, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, निदेशक डीआरडीए-सह-पंचायती राज पदाधिकारी दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी रंका राम नारायण सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर आलोक कुमार, कार्यपालक अभियंता डीडब्ल्यूएसडी, प्रदीप कुमार सिंह आदि उपस्थित थें। कार्यशाला में उपायुक्त ने सभी को स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर शपथ ग्रहण कराया। इस मौके पर मंत्री ने बताया गया कि फेज-1 के तहत सभी जरूरतमंदों को शौचालय का लाभ दिया गया है, परंतु खेदजनक है कि शौचालय होने के बावजूद भी ग्रामीण क्षेत्रों में इसका उपयोग नहीं किया जाता, बल्कि इसका उपयोग अन्य कार्यों यथा- लकड़ी, पशुचारा या अन्य सामग्री आदि रखने में किया जाता है। संभवतः ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता के अभाव के कारण ऐसा होता है। मुख्य रूप से ग्राम स्तर पर खुले में शौच मुक्त की स्थिति में स्थायित्व प्रदान करने, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु आवश्यकता के आधार पर योजना बनाकर कार्य करने, साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने की बात कही गई। शादी-विवाह या कोई भी उत्सव में पत्ते एवं मिट्टी से बने सामग्री का उपयोग करने, प्लास्टिक कचरा से पानी एवं मिट्टी को दुषित होने से बचाने, सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े का थैला उपयोग करने के लिए शपथ दिलाई गई।



## सरकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं

मंत्री की ओर से विभिन्न जनप्रतिनिधियों से भी जनता के बीच केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी फैलाने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि शुद्ध पेयजल एवं साफ-सफाई के बारे में ग्रामीणों के बीच जन जागरूकता फैलाना अति आवश्यक है तभी स्वच्छता पखवाड़ा का असल मायने में सार्थकता साबित हो सकेगी। ग्रामीणों को अपने-अपने घरों में शौचालय का निर्माण कराने के साथ-साथ इसका नियमित उपयोग करने संबंधी बातों को बताई जानी चाहिए। स्वच्छता पखवाड़ा के संबंध में उन्होंने सभी से यथा- विभिन्न विभागों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं आदि का सक्रिय रूप से सहभागिता निभाने एवं सहयोग करने की अपील की। उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि हर घर नल-जल, चापाकल व पानी के अन्य साधनों की व्यवस्था उपलब्ध है।

## 15 मई तक चलेगा कार्यक्रम

स्वच्छता पखवाड़ा जिले के विभिन्न प्रखंडों में ग्राम स्तर पर 29 अप्रैल से 15 मई तक चलाया जाएगा। कार्यपालक अभियंता ने अभियान के मुख्य उद्देश्य, विभिन्न विभागों की सहभागिता सहयोग एवं जिम्मेवारियों, जैसे कि- ग्रामीण स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण, पेयजल जल का उचित उपयोग, जल गुणवत्ता परीक्षण इत्यादि पर विशेष रूप से चर्चा की। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन एवं अन्य अंतर्गत विभिन्न प्रकार की संरचना का निर्माण किया जाना है। इसके तहत ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन हेतु गोबरधन योजना के तहत संरचना का निर्माण (गोबर गैस प्लांट), प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, मलीय कचरा प्रबंधन एवं माहवारी स्वच्छता प्रबंधन का कार्य अभिसरण के आधार पर किया जाना है। इस कार्य में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के साथ-साथ मनरेगा, ग्रामीण विकास विभाग एवं 15 वे वित्त आयोग मद, पंचायती राज विभाग में प्रावधान को भी शामिल किया गया है। उपरोक्त तीनों विभागों के संयुक्त प्रयास से ही गांव स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन अंतर्गत निर्धारित विभिन्न कार्यों को उत्कृष्ट रूप से क्रियान्वित किया जा सकेगा। निदेशक डीआरडीए -सह- पंचायती राज पदाधिकारी सुरीन ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के विभिन्न मुख्य उद्देश्यों की पूर्ति में पंचायती राज विभाग का महत्वपूर्ण योगदान है। 15वें वित्त आयोग मद एवं मनरेगा में अभिसरण के तहत समुदाय स्तर पर नापेड का निर्माण, सोकपिट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं वीर शहीद पोटो हो खेल योजना के तहत बनाये जा रहे शौचालयों तथा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था संबंधी कार्य कराए जा रहे हैं।

## उपायुक्त ने दिए दिशा निर्देश

उपायुक्त जमुआर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन एवं जल जीवन मिशन में प्रशासनिक सहयोग, सहभागिता, प्रयास एवं किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया गया। साथ ही इस योजना से जुड़े सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं साथ में संलग्न स्वच्छता पखवाड़ा के संचालन से जुड़े कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मुख्य उद्देश्यों की पूर्ति में कहीं भी किसी प्रकार की समस्या अथवा बाधा आने पर तत्काल सूचित करने की बात कही ताकि समस्याओं का निराकरण शीघ्र करते हुए कार्यक्रम को सफल व स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा सके। इसके लिए उपायुक्त ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को विभिन्न जनप्रतिनिधियों को इस संदर्भ में पत्र प्रेषित करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जागरूक करने एवं आमजनों को भी जागरूक कराने हेतु निर्देशित किया गया।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

नगर उंटारी-विशनपुरा मुख्य पथ पर भोजपुर ग्राम में शनिवार की सुबह ट्रैक्टर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार राजेश प्रजापति नामक युवक की मौत हो गई। वह कांडी थाना क्षेत्र के रपुरा ग्राम निवासी बजनु प्रजापति का पुत्र बताया जा रहा है. जानकारी के अनुसार युवक थाना क्षेत्र के कधवन ग्राम स्थित अपने जीजा ओमप्रकाश प्रजापति के घर मां को लेने जा रहा था। इसी दौरान भोजपुर ग्राम पहुंचते ही विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल व चालक को रौंदते हुये फरार हो गया। इससे मोटरसाइकिल सवार बुरी तरह से जख्मी हो गया। लोगों की मदद से घायल युवक को अनुमंडलीय अस्पताल भेजवाया गया, जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई।



घटना की खबर मिलने के बाद परिवार वालों के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल पहुंच गये तथा पुलिस को शव उठाने से रोक दिया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह के काफी समझाने एवं ट्रैक्टर को जब्त कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन देने के बाद लोग माने और पांच घंटे के बाद शव को उठाने दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिये सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया. थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही घटना में शामिल ट्रैक्टर को जब्त कर लिया जाएगा तथा दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

## वाहन के धक्के से बाइक सवार घायल

**गढ़वा।** एनएच 75 गढ़वा-मुड़ीसेमर मार्ग पर गढ़वा थाना क्षेत्र के खजूरी ब्रह्मस्थान के समीप सड़क दुर्घटना में ओम प्रकाश भुइयां, पिता कैलाश भुइयां गंभीर रूप से घायल हो गया। वह धुरकी थाना क्षेत्र के कदवा गांव का रहने वाला है। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि ओम प्रकाश भुइयां अपनी मोटरसाइकिल से अपने घर से गढ़वा आ रहा था। इस दौरान अज्ञात चारपहिया वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल में धक्का मार दिया। ओम प्रकाश को सदर अस्पताल भेजवाया गया।

## सड़क दुर्घटना में एक चोटिल, चल रहा इलाज

गढ़वा। चिनियां रोड में गढ़वा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर के समीप सड़क दुर्घटना में अवधेश विश्वकर्मा घायल हो गए। वे गढ़वा शहर के चिनियां रोड स्थित नहर चौक का रहने वाला है। सदर अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। अवधेश विश्वकर्मा अपनी मोटरसाइकिल सेगढ़वा से चिनिया जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने अवधेश विश्वकर्मा की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। इस घटना में उनके दायें पैर में चोट लगी है।

## मोटरसाइकिल से गिरकर युवक जख्मी

**गढ़वा।** गढ़वा शहर के स्टेशन रोड में मोटरसाइकिल से गिरकर राजकुमार मेहता, पिता सुदर्शन कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गया। वह गढ़वा थाना क्षेत्र के सुखबाना गांव का रहने वाला है। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि राजकुमार मेहता शुक्रवार की देर रात अपने गांव के कुछ लोगों को गढ़वा रेलवे स्टेशन पर पहुंचा कर बाइक से वापस घर लौट रहा था। इस दौरान अनियंत्रित होकर उसकी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में उसके सिर व चेहरे पर चोट लगी है।

## वृद्ध को किया जख्मी

**गढ़वा।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बेलपहाड़ी गांव निवासी मोहम्मद गनी मियां को एक विक्षिप्त लड़के ने पत्थर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सदर अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। बताया गया कि पीड़ित अपने घर के बाहर बैठे थे। इस दौरान उस ओर से गुजर रहे विक्षिप्त ने उनके ऊपर पत्थर मार दिया। इस घटना में मोहम्मद गनी के सिर और चेहरे पर गंभीर चोट लगी है।

# मुखिया ने शमशान शेड का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतरी पंडा नदी के समीप शनिवार को मुखिया प्रमोद कुमार ने 15वें वित्त आयोग की राशि दो लाख 49 हजार रुपये की लागत से शमशान शेड का शिलान्यास किया। इस मौके पर मुखिया ने कहा कि केतरी गांव के ग्रामीणों द्वारा शमशान शेड की मांग विगत कई वर्षों से की जा रही थी।

उन्होंने कहा कि शमशान शेड को विकसित करने के लिए चापाकल भी उपलब्ध कराया जाएगाऔर आगामी वर्षो में जलमीनार लगाने का प्रयास भी किया जाएगा ताकि इस गांव के लोगों को बरसात के दिनों में दिक्कत न हो। वहीं गर्मी में पंडा नदी सूखने पर लोगों को दशगात्र करने में काफी कठिनाई का सामना करना



पड़ता है। पंचायत के सभी बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों से अपील है कि विकास कार्यों में साथ दें। इस मौके पर वार्ड सदस्य बबिता देवी, सतीश वैद्य, रामविचार साहू, दयानंद रजक, राजनाथ प्रसाद, गोपाल पाठक, ईश्वरी वैद्य, यमुना साह, बालमुकुंद पाठक, महेंद्र पासवान, मनोज मेहता, जयशंकर प्रसाद, मंगरु चौधरी, जयराम चौधरी, कुंदन प्रसाद सहित सैकड़ों ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# विधायक भानु ने किया तीन करोड़ से बनने वाले पथ का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। विशुनपुरा**

क्षेत्रीय विधायक भानू प्रताप साही ने राज्य संपोषित योजना के तहत अमहर मेन रोड से सोनडीहा गांव तक लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से पथ निर्माण का शिलान्यास किया। इस मौके पर भानू ने कहा कि अमहर गांव के ग्रामीणों ने इस सड़क की मांग की थी, जिसे उसे पूरा किया जा रहा है। सड़क का निर्माण हो जाने से सोनडीहा गांव मुख्य सड़क से जुड़ जाएगा। इससे गांव का विकास हो पायेगा। उन्होंने कहा कि गांव में बिजली नहीं थी। कुछ इलाके में बिजली जलती थी, लेकिन अब भगोडीह में पावर ग्रिड एवं सारंग में पावर सबस्टेशन बनवा



दिए जाने से इस क्षेत्र में 22 घंटे बिजली दिलाने का कार्य किया है। उन्होंने पूर्व विधायक का नाम लिए बिना कहा कि इस क्षेत्र के पुराने नेता विशुनपुरा में लोगों के घर गिराने का कार्य कर रहे हैं और वे लोग अब आतंकवादी से भी गले मिला ले रहे हैं। वैसे नेता हमारे क्षेत्र में स्कूल, सड़क सहित विभिन्न योजनाओं को रोकवाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के विकास के कार्यों से घबराते हुए आतंकवादी से गले लगा रहे हैं और भानू को उग्रवादी बता रहे हैं।

### जन सुनवाई | पहल नहीं हुई तो प्रखंड दफ्तर घेरने की चेतावनी

# बीडीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

प्रखंड के सोनेहरा गांव स्थित पंचायत भवन कार्यालय के प्रांगण में जनता के विभिन्न सवालों को लेकर अखिल भारतीय किसान महासभा व झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा के संयुक्त बैनर तले शनिवार को जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बीडीसी लालमुनी गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पंचायत के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस बीच, ग्रामीणों ने अपनी कई तरह की समस्याओं से बीडीसी को अवगत कराया। ग्रामीणों की शिकायत में पंचायत के जन वितरण प्रणाली की समस्या सबसे ऊपर रही। ग्रामीणों ने पंचायत के दो-तीन पीडीएस दुकानदारों के खिलाफ लिखित शिकायत कर उनसे कार्रवाई कराने का आग्रह



किया। इसी तरह लोगों ने पानी की समस्या को लेकर कई जगहों पर खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत से लेकर नया चापाकल लगाने की भी मांग की। बीडीसी लालमुनि गुप्ता ने कहा कि ग्रामीणों की शिकायतों को प्रखंड से लेकर जिला तक के पदाधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। उसके बाद भी उनकी ओर से किसी भी तरह की पहल नहीं की जाती है तो पंचायत की जनता की अगुवाई में प्रखंड कार्यालय का घेराव किया जाएगा। कार्यक्रम में विकास कुमार सिंह कुशवाहा, सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, बिनय, साहू संतोष दास, प्रेमदास, गेसू खान, गंगा विष्णु प्रसाद, मनोज ठाकुर जगसहाईभुंइयां, हरि पासवान, कमला देवी, सुगिया देवी, सुबचनी देवी, रिंकी देवी अनीता देवी, सुमन देवी इत्यादि लोगों ने भाग लिया।

## अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त, लगातार जारी रहेगा अभियान

**रमना।** सीओ सतीश कुमार सिन्हा के निर्देश पर रमना थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जिरुआ के समीप अवैध बालू का परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को पकड़ कर शनिवार के अहले सुबह थाना लाया। विदित हो कि रमना थाना क्षेत्र मे बांकी नदी, कजरी नदी के साथ-साथ विभिन वन क्षेत्रों से अवैध बालू खनन और परिवहन किए जा रहे हैं, जिससे सरकारी राजस्व को नुकसान हो रहा है। सीओ सतीश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में शुक्रवार की पूरी रात संवेदनशील स्थानों पर छापेमारी की गई, लेकिन प्रशासनिक कार्रवाई की भनक लगते ही बालू के अवैध धंधे मे संलिप्त लोग बालू के स्टाक और अपने वाहनों को बचाने में सफल रहे। इधर सतीश कुमार सिन्हा ने कहा कि अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ लगातार प्रशासन की कार्रवाई जारी रहेगी।

# शोकसभा में बोले वक्ता, आदिवासियों की लामबंदी से सामंतियों में खलबली

**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़**

अखिल भारतीय आदिवासी महासभा मनातू प्रखंड कमेटी के सदस्य दिवंगत प्रमोद कुमार सिंह खरवार की शुक्रवार को हुई बर्बर हत्या को लेकर अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश मिंज के आवास गोठानी में शोक सभा का आयोजन किया गया।

इस मौके पर अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के केंद्रीय सह सचिव फिलिप कुजूर ने कहा कि पहली बार मनातू प्रखंड के सामंती इलाके से हजारों की संख्या में शोषित आदिवासी जनता पलामू के शिवाजी मैदान में एकजूट होकर आदिवासी मुक्ति के नारे लगाए हैं। आदिवासियों की लामबंदी को देखते हुए सामंती ताकतों के बीच खलबली मच गई है। इसी बौखलाहट के कारण सामंती ताकतों ने ईमानदार, कर्मठ, समाजसेवी, आदिवासी समाज के



अगुआ और अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के मनातू प्रखंड कमेटी के सदस्य प्रमोद कुमार सिंह खरवार की बर्बर हत्या कर दी गई। इस बर्बर हत्या की अखिल भारतीय आदिवासी महासभा घोर निंदा और भर्त्सना करती है। अखिल भारतीय आदिवासी महासभा गढ़वा जिला के अध्यक्ष चैतू सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय आदिवासी महासभा ने प्रशासन से मांग की है कि मृतक के परिजनों को 10,00, 000 रुपये मुवावजा, एक सरकारी नौकरी, सभी बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान की जाए। अल्टीमेटम दिया है कि अगर पुलिस प्रशासन सभी अभियुक्तों को जेल नहीं भेजता है और उनपर न्यायसंगत कार्रवाई नहीं की जाती है तो अखिल भारतीय आदिवासी महासभा पूरे पलामू प्रमंडल में आंदोलन करेगी और प्रशासन को झुकने में मजबूर कर देगी। मौके पर महासभा के केंद्रीय कमेटी सदस्य त्योफील लकड़ा, खरवार बरगढ़ प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन मिंज, सचिव मिलियानुस केरकेट्टा, रोशन लाल कुजूर, कला खजुरी ग्राम कमेटी के अध्यक्ष विश्राम बखला मौजूद रहे।

# सड़क पर गिराए गए बालू पर बाइक दुर्घटनाग्रस्त, दो गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
मेदनीनगर मुख्य पथ पर शुक्रवार की रात बाइक दुघर्टना हो गई, जिसमें बाइक सवार दोनों लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए। बताया गया कि दोनों बाइक सवार महुआडांड़ से अपने घर पहाड़ कापू जा रहे थे। महुआडांड़-मेदनीनगर मुख्य पथ पर डुबकी मिशन के समीप किसी के द्वारा बीच रोड में गिराए गए बालू को रात होने के कारण बाइक सवार नहीं देख पाए और बाइक उस पर चढ़ गई और असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार सरवर अंसारी, पिता सहित अंसारी, पहाड़ कापू, उम्र 21 वर्ष के पैर, हाथ, पीठ



व सिर के पीछे का हिस्सा फट गया। वहीं मिस्टर अंसारी, पिता मन्वर अंसारी पहाड़ कापू, उम्र 18 वर्ष को हाथ पैर व माथे में चोट आई है। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रथमिक उपचार कर सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया गया है। वहीं सरवर को सीटी स्कैन के लिए रांची रेफर कर दिया गया है।

### बालू के कारण दुर्घटना को लेकर लोगों में रोष

बीच सड़क में बालू गिरे होने के कारण हुई दुर्घटना पर लोगों में काफी रोष है। लोगों का कहना है कि इस तरह से बीच सड़क पर बालू गिरा कर रखना दुर्घटना को आमंत्रित करना है। ऐसा करने पर प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए। वहीं पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बालू समेत अन्य प्रकार की सामग्री बीच सड़क पर न गिराएं, जिसके कारण किसी को दुर्घटना को शिकार होना पड़े। ऐसा करने वालों पर कानूनी कार्रवाई भी की सकती है।

## सहायक शिक्षकों का आरोप, बीईओ के इशारे पर आदेशपाल कर रहे अवैध वसूली

# बीईओ की कार्यशैली के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा(चतरा)**
कुंदा के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईओ) के खिलाफ सहायक शिक्षकों ने आंदोलन करने की चेतावनी दी है। सहायक शिक्षकों का आरोप है कि बीईओ द्वारा विद्यालय निरीक्षण के दौरान शिक्षकों से अभद्र व्यवहार किया जाता है व शिक्षकों की कमी निकाल कर आर्थिक शोषण किया जा रहा है। बायोमेट्रिक उपस्थिति बनाने के लिए ट्रेनिंग में रहने व परीक्षा वीक्षण का कार्य करने के बावजूद बिना स्पष्टीकरण मांगे एक से छह दिनों तक का मानदेय मनमानी तरीके से काट लिया जाता है। साथ हीं प्रतापपुर बीआरसी के आदेशपाल मुकेश कुमार सिंह के द्वारा बीईओ के इशारे पर शिक्षकों से अवैध वसूली



की जाती है। सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन के नाम मानदेय रोकने का भी आरोप लगाया है।

सहायक शिक्षक संघ के अध्यक्ष रणधीर सिंह ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में लगभग 40 सहायक शिक्षकों का वेतन बायोमेट्रिक ट्रेनिंग में रहने व परीक्षा निरीक्षण का कार्य करने के बावजूद काट लिया गया है। वहीं बीईओ ने सहायक शिक्षकों के आरोपों को निराधार बताते हुए उन पर कार्य में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। बीईओ का कहना है कि उपस्थिति विवरण के अनुसार सहायक शिक्षकों को मानदेय दिया जाता है। शिक्षकों के द्वारा दिए गए दावे की शुद्धता व वैधता सही नहीं होने की स्थिति में मानदेय काटा जाता है। यदि शिक्षक किसी अन्य विभागीय कार्य में लगे हैं तो उनको स्पष्टीकरण देना अनिवार्य है। सहायक शिक्षक के द्वारा घर से बायोमेट्रिक अटेंडेंस बनाना, अटेंडेंस बनाने के बाद विद्यालय से चले जाना व एमडीएम में बच्चों की उपस्थिति गलत बताई जाती है। पाया कि जिस विद्यालय में लगभग 150 बच्चे नामांकित हैं उसमें सिर्फ 30 बच्चे उपस्थित हैं जबकि हमने 1 दिन पहले की उपस्थिति पंजी देखी तो उसमें 130 बच्चों की उपस्थिति बनाई गई।

## NEWS इन ब्रीफ

### राजद नेता की दादी के निधन पर शोक

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत गणेशपुर के पंचायत अध्यक्ष राजन यादव के 105 वर्षीय दादी फुलवा देवी का निधन हो गया। आरजेडी नेता सह भावी प्रत्याशी सुरेश राम, प्रितलाल यादव, पंकज सिन्हा सहित कई आरजेडी कार्यकर्ता शोकाकुल परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की। शव यात्रा में आरजेडी नेता सुरेश राम शामिल होकर शव को कांधा दिया। इस दौरान उपरोक्त लोगों के अलावा मुखिया परमेश्वर उरांव, ग्रामीण पदुमन यादव, वितन यादव, बुधन यादव आदि ग्रामीण महजूद रहे।

### जीएस पब्लिक स्कूल में ताइक्वांडो क्लास शुरू

**इटखोरी(चतरा)।** इटखोरी प्रखंड अंतर्गत पितीज में संचालित जीएस महाविद्यालय एवं जीएस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के लिए ताइक्वांडो की क्लास शनिवार से शुरू की गई। संस्थान के निदेशक सूर्यदेव कुमार ने बताया कि ताइक्वांडो एक इंटरनेशनल खेल के साथ आत्मरक्षा के लिए भी आवश्यक है। विद्यार्थी खेल में अपना करियर बनाने के साथ आत्मरक्षा में इस्तेमाल कर सकते हैं। उक्त क्लास प्रत्येक शनिवार को होगा। साथ ही विभिन्न प्रकार के एक्टिविटी भी विद्यार्थियों को यहां कराई जाती है।

### अधूरे पीएम आवासों को पूर्ण कराने को चलाया गया अभियान

**गिद्धौर(चतरा)।** प्रखंड के विभिन्न पंचायत क्षेत्र में अधूरे पड़े प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास को पूर्ण कराने को लेकर शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न गांवों में घर-घर जाकर लाभुकों को पूर्ण करने को ले नोटिस भी दिया गया। नोटिस में 15 दिनों के अंदर आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है।

### स्वच्छता पखवाड़ा की तैयारी में जुटे अफसर

**टंडवा (चतरा)।** 15 दिवसीय स्वच्छता पखवाड़ा के सफल आयोजन को लेकर तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। बीडीओ रंथु महतो ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के दौरान ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के कार्य क्रियान्वित किए जाएंगे।

## माओवादियों पर एक्शन से छोटे नक्सली संगठनों में हड़कंप

# हिंसा का रास्ता छोड़ मजदूरी करने को मजबूर हुए नक्सली

**अजय सिन्हा। लातेहार**
कभी बंदूक के दम पर दहशत फैलाने वाले नक्सली खुद खौफजदा हैं। लगातार बढ़ रही पुलिस की दबिश और सुरक्षाबलों की कार्रवाई के बाद नक्सलियों को सिर छिपाने के लिए जगह नहीं मिल रही है। यही वजह है कि अब कई नक्सली हिंसा का रास्ता छोड़कर मजदूरी करने को मजबूर हैं।

ज्ञात हो कि लातेहार जिला नक्सलियों का गढ़ माना जाता था लेकिन पिछले कुछ वर्षों से पुलिसिया अभियान में आई तेजी के कारण नक्सलियों के सुरक्षित ठिकाने ध्वस्त हो गए हैं। बूढ़ा पहाड़ के इलाके में पुलिस और सुरक्षाबलों के जवानों की धमक के बाद तो नक्सलियों के सभी संभावित ठिकानों पर लगातार छापामारी की जा रही है। ऐसे में खुद को बचाने के लिए नक्सली अब बंदूक छिपाकर इस इलाके को छोड़कर भागने में ही अपनी भलाई समझ रहे हैं। इसी क्रम में यह सूचना मिल रही है कि कई नक्सली बाहरी राज्यों में जाकर मजदूरी का काम भी करने लगे हैं।



### पुलिसिया अभियान से टूट गई नक्सलियों की कमर

लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के नेतृत्व में पुलिस बलों की ओर से नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। बुलबुल और बूढ़ा पहाड़ का इलाका नक्सलियों के गढ़ के रूप में जाना जाता था लेकिन पुलिस और सुरक्षाबलों ने संयुक्त रूप से नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाकर इस इलाके को नक्सलियों से काफी हद तक मुक्त करा लिया है। इन इलाकों से सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की ओर से बड़े पैमाने पर छपाए गए हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए हैं। भारी मात्रा में हथियार जब्त होने से नक्सलियों को बड़ा नुकसान हुआ और नक्सली धीरे-धीरे कमजोर होते चले गए। वहीं पुलिस की लगातार की जा रही कार्रवाई के कारण नक्सलियों से जुड़े हुए छोटे नक्सली संगठनों के हौसले टूटने लगे हैं और वे लोग हथियार छोड़कर क्षेत्र से भागने को विवश हो गए। हाल के दिनों में कई ऐसे मामले सामने आए हैं जिससे स्पष्ट हुआ है कि नक्सली बाहरी राज्यों में जाकर मजदूरी कर रहे हैं। 1 सप्ताह पहले ही माओवादी का एरिया कमांडर गिरफ्तार हुआ जो मजदूरी करने बाहरी राज्यों में चला गया था। इससे साफ जाहिर होता है कि नक्सली अब क्षेत्र छोड़कर बाहरी राज्यों में मजदूरी कर रहे हैं या तो पुलिस के आगे सरेंडर कर रहे हैं।

### वाहन चेकिंग अभियान चला कई चालान काटे

**बारियातु।** थाना गेट के सामने परिवहन विभाग की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। आरईओ ऋषि राज ने हेलमेट, ट्रिपल लोड व सीट बेल्ट में अनियमितता पाये जाने वाले दर्जनों लोगों को ऑनलाइन व ऑफलाइन चालान काटा। चेकिंग अभियान के संबंध में राज ने कहा कि सभी सड़क सुरक्षा उपायों के प्रयोग से बढ़ती सड़क दुर्घटना की रोक थाम के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर एएसआई बालेश्वर गंझू सदलबल के साथ मौजूद रहे।

### नेतरहाट चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

**नेतरहाट।** थाना पुलिस ने नेतरहाट में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दो पहिया वाहन समेत अन्य वाहनों की जांच की गई। वाहन के कागजात, ड्राइवरी लाइसेंस, हेलमेट आदि की भी चेकिंग की गई। वहीं वाहनों का नंबर रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर नोट कर वाहन के कागजात या हेलमेट समेत अन्य प्रकार की कमी को देखकर चेतावनी देते हुए वाहनों को छोड़ा गया। मौके पर थाना प्रभारी बंधन भगत, एसआई जानू कुमार समेत पुलिस जवान मौजूद थे।



# अवैध बालू उत्खनन के खिलाफ चला अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर/पत्थलगड़ा (चतरा)**
उपायुक्त के निर्देश पर गिद्धौर व पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र में अवैध उत्खनन व भंडारण के विरुद्ध अभियान चलाया गया। शनिवार को अंचल अधिकारी जयशंकर पाठक व थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव के संयुक्त नेतृत्व में गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत बलबल नदी सहित आसपास जंगली क्षेत्रों में छापेमारी की गई। इस क्रम में अवैध रूप से बालू लदे तीन ट्रॉली जब्त की गई। वहीं अवैध कारोबार में लगे लोग छापेमारी की भनक लगते ही ट्रॉली छोड़कर इंजन लेकर भाग निकले। इस बाबत सीओ के लिखित आवेदन पर अवैध खनन को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई।

बताया जाता है कि अवैध बालू खनन में द्वारी पंचायत के कई सफेदपोश माफियाओं की भी मिलीभगत है। प्रशासन के पहुंचने की सभी जगह सूचनाएं फैला दी जाती हैं। दूसरी ओर पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र में बीडीओ सह प्रभारी सीओ मोनी कुमारी द्वारा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह के साथ अवैध बालू उत्खनन, भंडारण व परिवाहन के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया गया। इसमें नावाडीह पंचायत अंतर्गत जीतनितरी नदी से एक अवैध बालू लदे ट्रेक्टर को ट्रॉली के साथ जब्त किया गया। प्रभारी सीओ ने बताया कि गुप्त सूचना पर औचक जांच की गई, जिसमें करीब 60 सीएफटी बालू लदे ट्रैक्टर जब्त किए गए। साथ ही अज्ञात ट्रैक्टर मालिकों व चालकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।



### अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया

**बरवाडीह।** खनन टास्क फोर्स के अंचलाधिकारी राकेश सहाय के नेतृत्व में बरवाडीह थाना प्रभारी निवास सिंह ने शनिवार सुबह 7 बजे कुशवाहा बथान औरंगा नदी के पास से एक ट्रैक्टर, जिसमें बालू लदा था, को जब्त किया। बालू लदे ट्रैक्टर को बरवाडीह थाना परिसर में खड़ा किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया पुलिस बल तथा खनन टास्क फोर्स को देखकर चालक व लेबर मौके से फरार हो गए। अग्रिम कार्रवाई हेतु जिला खनन पदाधिकारी को प्रतिवेदन भेजा गया है।

# अवैध कोयला लदे ट्रैक्टर समेत दो बाइक जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस ने शुक्रवार रात थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरेनी के पास से हुचलू की ओर से आ रहे करीब 3 टन अवैध कोयला लदे बिना नंबर के ट्रैक्टर तथा ट्रैक्टर को स्काउट कर ला रहे दो मोटरसाइकिल को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। जबकि अंधेरे का लाभ उठाकर कोयला तस्कर भागने में सफल रहे। संभवतः ये कोयला सिकनी कोलियरी से चोरी कर हुचलु में इकट्ठा कर ट्रैक्टर में लोड करके किसी ईंट भट्ठे में भेजा रहा था।

इस मामले में चंदवा थाने में मामला दर्ज किया गया है। छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, पुअनि जमील अंसारी, पुअनि नारायण यादव, सअनि शशिरंजन सिंह और सैट बल के जवान शामिल थे।

### तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल सिकनी कोलियरी से चोरी कर ले जा रहे थे



### शांतिपूर्ण तरीके से हुई नवोदय की परीक्षा

**बारियातु।** जवाहर नवोदय विद्यालय सेलेक्शन टेस्ट के लिए बनाए गए केंद्र परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बारियातु में शांतिपूर्ण वातावरण के साथ परीक्षा संपन्न हुई। बारियातु प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग कई विद्यालय से 212 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था। इनमें 186 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 26 आवेदक अनुपस्थित रहे। वहीं जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षक उपेंद्र सिंह व संजय कुमार ने परीक्षा केंद्र पहुंच कर कई दिशा निर्देश दिए। मौके पर दंडाधिकारी निशांत कुमार, केंद्राधीक्षक गीता कुमारी, शिक्षक अजय बैठा, रामाधार प्रसाद गुप्ता, श्रवण मिश्र, रुपेश कुमार साव, पंकज कुमार, रीना टोप्पो, चंद्र प्रकाश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# मन की बात के 100वें एपिसोड को हर बूथ पर सुनने की अपील की गई

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा की अध्यक्षता में शनिवार को हुई बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड को लेकर चर्चा की गई। साथ ही प्रत्येक बूथ पर 100 की संख्या लोगों को कार्यक्रम को सुनने की अपील की गई।

सांसद सुनील कुमार सिंह के कोष से सोलर लाइट की प्रत्येक बूथ पर व्यवस्था की गई है। सभी बूथ के अध्यक्ष को लाइट को लगाने की जिमेदारी दी गई। मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता, ओबीसी जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साव, मंडल एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष



अमित कुमार मंडल, मंत्री रंजीत गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि रामदेव साव, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष महावीर तुरी, भाजयुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र साव, भाजयुमो महामंत्री पवन यादव, किसान मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य राजकुमार महतो, किसान मोर्चा मंडल महामंत्री विजय ठाकुर, ओबीसी मंडल महामंत्री विजय प्रसाद, बालूमाथ उप मुखिया अमित गुप्ता, मसियती बूथ अध्यक्ष संजय गुप्ता, रविंद्र गुप्ता आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रांतीय आचार्य चयन परीक्षा का आयोजन

**लातेहार।** शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में प्रांतीय आचार्य चयन परीक्षा आयोजित की गई। विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित आचार्य चयन परीक्षा 2023 के लिए पूरे झारखंड में 11 केंद्र बनाए गए, जिनमें 5340 परीक्षार्थी शामिल हुए। 11 केंद्रों में एक केंद्र सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार को बनाया गया। लातेहार केंद्र पर 297 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। मौके पर प्रांतीय प्रतिनिधि ज्वाला तिवारी, प्रांतीय पर्यवेक्षक तुलसी प्रसाद ठाकुर, विभाग प्रमुख जमशेदपुर सह पर्यवेक्षक रमेश सिंह, प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर मेदिनीनगर एवं रवि कांत पाठक, प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर बंशीधर नगर, केंद्राधीक्षक अरुण कुमार चौधरी आदि मौजूद रहे।

## निर्णय प्रखंडस्तरीय शिक्षा समिति की बैठक में बनी सहमति

# छह मर्ज विद्यालय फिर से खोले जाएंगे

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
राज्य सरकार ने वर्ष 2015-16 और 2016 - 17 के बाद मर्ज किए गए विद्यालयों को खोलने को लेकर राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से एक बार फिर से प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके तहत जिला शिक्षा अधीक्षक के आदेश के आलोक में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय शिक्षा समिति की बैठक हुई।

बैठक में प्रखंड क्षेत्र के मर्ज किए गए उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कटिया, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बेंदूवाही, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय साहेबटिकुआ, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय अहिरपुरवा, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय ढेकीखूंटा और उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चेतम को



खोलने को लेकर चर्चा हुई। इसमें सर्वसम्मति से प्रस्तावित 6 विद्यालयों को पुनः खोलने के साथ-साथ प्रखंड क्षेत्र के अन्य चिन्हित विद्यालयों को भी खोलने के लिए प्रस्ताव मंगवाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिप सदस्य संतोषी शेखर ने प्रखंड के निजी विद्यालयों की ओर से मनमाने तरीके से बच्चों के अभिभावकों से नियम के विपरीत फीस बढ़ोतरी करके मानसिक रूप से परेशान करने का भी मामला रखा गया, जिस पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र प्रसाद सिंह ने पूरे मामले की जांच कर जल्द ही निजी विद्यालयों पर कार्रवाई करने की बात कही। बैठक में जिप सदस्य कन्हाई सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू, बीपीओ कामेश्वर सिंह, राजू कुमार, अरुण कुमार आदि लोग मौजूद थे।

### यादव महासभा का शताब्दी समारोह आज

**लातेहार।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के गठन के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में लातेहार शहर के माको डाक बंगला में रविवार को सुबह 10 बजे से शताब्दी कार्यक्रम का आशेजन कियशजाएगा। यह समारोह प्रांतीय यादव महासभा झारखंड की लातेहार जिला समिति की ओर से आयोजित की जा रही है। इसकी जानकारी देते हुए प्रांतीय यादव महासभा के लातेहार जिलाध्यक्ष बृंद बिहारी यादव ने बताया कि शताब्दी कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए महासभा के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी शिरकत करेंगे। सर्किट हाउस के पास महासभा के पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद रोड मार्च करते हुए पदाधिकारी माको डाक बंगला पहुंचेंगे, जहां शताब्दी समारोह को लेकर सभा होगी। उन्होंने जिला समिति के अलावा के प्रखंड एवं पंचायत समिति के पदाधिकारियों ङ्क सदस्यों से उक्त कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

# नशामुक्त भारत अभियान के तहत रैली निकाल कर किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय उप सेवा केंद्र लातेहार में शनिवार को नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर रैली निकाली गई, जिसे विधायक बैजनाथ राम ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा बाईपास रोड से निकलकर धर्मपुर होते हुए नगर पंचायत, जिला हॉस्पिटल और मेन रोड से गुजरी। इन तीनों स्थानों पर नशा मुक्ति पर चौराया से आई ब्रह्माकुमारी आरती बहन की टीम ने नुक्कड़ नाटक भी दिखाकर लोगों को जागृत करने का प्रयास किया।

रैली नगर में भ्रमण करते हुए बाईपास रोड स्थित सेवा केंद्र पहुंची जहां पर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक बैजनाथ राम, नगर उपाध्यक्ष रिंकूलाल, समाजसेवी




राजधानी यादव, एडवोकेट नवीन गुप्ता, अम्रेश पांडे उपस्थित थे। इस मौके पर ब्रह्माकुमारीज के हेड क्वार्टर माउंट आबू से पधारे ब्रह्मा कुमार राजेश भाई ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज के चार आदर्श हैं जिसके आधार पर व्यक्ति का जीवन परिवर्तित होता है। वे हैं ज्ञान, योग, धारणा और सेवा। वहीं विधायक कहा कि माता प्रथम गुरु होती है, गर्भ संस्कार देकर वह बच्चों को ऐसी आचरण सिखाएं जिससे उन्हें बेहतर संस्कार आ सकेंगे। गुमला से आए ब्रह्मा कुमार शिव भाई ने कार्यक्रम के लक्ष्य एवं उद्देश्य की जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में रमा कुमारी पूर्णिमा बहन, गंगोत्री बहन, आशा बहन, किरण बहन, आरती बहन, अम्रेश पांडे, सुदामा प्रसाद, अनिल प्रसाद, आशीष कुमार, नवल मेहता, वरुण जी इत्यादि सैकड़ों भाई बहनों का सहयोग रहा।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म मामले में आरोपी को 20 वर्ष की सजा

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
स्पेशल कोर्ट पोक्सो आशा देवी भट्ट की अदालत ने पांच वर्ष के एक किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोपी ज्योति लुगून को बीस वर्ष कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 30 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने पर दो वर्ष अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में ठेठईटांगर थाना में कांड संख्या 14/22 के तहत मामला दर्ज है। बताया गया कि 12 सितंबर 2020 को ज्योति लुगून गांव की पांच वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। घटना की जानकारी किशोरी के परिजनों ने मामला संबंधित थाना में दर्ज कराया था। दर्ज मामले के आलोक में पुलिस ने आरोपी ज्योति लुगू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अदालत मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी ज्योति को दोषी करार दिया। अभियोजन पक्ष से प्रभारी पीपी अमितश्रीवास्तव ने दलीलें पेश की।

### दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों से मिलीं आजसू नेत्री नीरू शांति

**कुडू।** लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के कुडू प्रखंड के चेटर गांव में 13 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ बलात्कार किया गया। इसकी सूचना मिलते ही झारखंड आंदोलनकारी सह पूर्व विधायक स्व. कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी एवं विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर हालचाल जाने एवं रिम्स में अच्छे से अच्छे इलाज के लिए वहां के डॉक्टर से बात की। डॉक्टर ने बताया कि बच्ची की स्थिति ठीक है और अभी वह बोल पा रही है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष शाहिद कलाल, प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान आदि उपस्थित रहे।

# सेन्हा पुलिस ने अवैध बालू लदे छह ट्रैक्टर किए जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी डांडु कोयल नदी से अवैध बालू उठाव कर परिवहन का मामला प्रकाश में आते ही अंचलाधिकारी विजय कुमार के नेतृत्व में सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय पासवान ने शस्त्र बल के सहयोग से आधा दर्जन ट्रैक्टरों को अवैध बालू परिवहन करते हुए जब्त कर थाना लाया। बता दें कि डांडु कोयल नदी से देर रात अवैध बालू उठाव की सूचना अंचलाधिकारी विजय कुमार एवं थाना प्रभारी धनंजय पासवान को प्राप्त हुई था। बताया जाता है कि पकड़े गए ट्रैक्टरों में पांच में रजिस्टेशन नंबर अंकित नहीं है, जबकि एक ट्रैक्टर में जे एच 08 जे 7490 रजिस्टेशन नंबर अंकित है। सभी ट्रैक्टर को चितरी डांडु लोहरदगा पथ से जब्त किया गया है।



### एसडीओ ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ा

**सिमडेगा।** शनिवार की सुबह एसडीओ महेंद्र कुमार ने सिमडेगा घोड़बहार के पास अवैध बालू लदा हुआ ट्रैक्टर को जब्त करते हुए सिमडेगा थाना को सौंप किया। इस संबंध में एसडीओ ने बताया कि अवैध बालू लदे हुए ट्रैक्टर के विरुद्ध सिमडेगा थाने में मामला दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी कीमत में अवैध बालू का कार्य नहीं करने दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि लगातार इस प्रकार का छापेमारी अभियान जारी रहेगा।

## चैनपुर वन विभाग की टीम ने सखुआ बोटा लदा ट्रैक्टर किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर ( गुमला )**
चैनपुर मुख्यालय के वन विभाग की टीम ने देर रात टांगीनाथ मोड़ के समीप सखुआ बोटा लदा ट्रैक्टर जब्त किया। वन विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि डुमरी प्रखंड के टांगीनाथ मोड़ की ओर से सखुआ बोटा लोड किया हुआ ट्रैक्टर आ रहा है। इस पर टीम ने छापेमारी की। हालांकि ट्रैक्टर चालक रात के अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। बताते चलें कि ट्रैक्टर में नंबर नहीं रहने



के कारण मालिक का पता नहीं चल पाया है। इधर वन विभाग की टीम आगे की कार्रवाई में जुटी है। छापामारी दल में मुख्य रूप से वनकर्मी सतीश भगत, शिव कुमार, बुद्धदेव बड़ाइक, चंद्रेश उरांव,नवल किशोर, राजकुमार साहु, सुखदेव लकड़ा शामिल थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### ऑटो अनियंत्रित होकर पलटा, चार घायल

**भंडारा/लोहरदगा।** लोहरदगा भंडरा मुख्य पथ में भंडरा लैम्प्स के समीप ऑटो अनियंत्रित होकर पलटने से 4 लोग घायल हो गए। चारों व्यक्ति सिसई थाना क्षेत्र के बोडो चपा टोली गांव के रहने वाले हैं। आटो शादी समारोह से वापस लौट रही थी।रात के समय बगैर लाइट के चलने के क्रम में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में अनिल उरांव उम्र 17 पिता बिरसु उराँव, बुधवा उरांव उम्र 55 , पंकज उरांव उम्र 17 पिता अरविंद उरांव एवं बचुआ उरांव घायल हुए। गंभीर रूप से घायल अनिल उरांव को इलाज हेतु रिम्स रांची रेफर किया गया।

### मधुमक्खियों के हमले में दो लोग घायल

**कुडू।** कुडू ब्लॉक मोड़ स्थित बीएसएनएल टावर परिसर में शनिवार की शाम मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। मधुमखियों के हमले से परिसर में लगे टावर में काम कर रहे दो मैकेनिक गंभीर रूप से घायल हो गए। हालत गंभीर होने पर दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि रांची के रहने वाले टावर के मैकेनिक गौरव कुमार और दीपू साहू टावर में मेंटेनेंस का काम करने आये हुए थे। जैसे ही टावर पर चढ़े वहां लगे छत्ते से निकल कर मधुमखियों ने हमला कर दिया। आनन फानन में दोनों को कुडू अस्पताल लाया गया जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

### गांजा विक्रेता को गिरफ्तार किया

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस ने शनिवार को सिमडेगा प्रिंस चौक के पास गुमटी में गांजा विक्रेता को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। इस संदर्भ में सिमडेगा थाने मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान नीतीश जैसवाल के रूप में हुई। जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर रवि प्रकाश ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि सिमडेगा प्रिंस चौक स्थित गुमटी में अवैध रूप से गांजा का कारोबार किया जा रहा है। इस पर दुकान में छापेमारी की गई तो गांजा बरामद हुआ। दुकान संचालक को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अतिक्रमण पर नियमित कार्रवाई करने को कहा

# सड़क हादसों को कम करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उप विकास आयुक्त समीरा एस० की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम पुलिस विभाग को सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए वाहन की जांच करने के साथ ही ओवर स्पीडिंग, ओवर लीडिंग और ड्रंक एंड ड्राईव से संबंधित नियमित जांच करने का निदेश दिये गये। हिट एंड रन के मामलों की समीक्षा और प्रतिवेदनर संबंधित आवश्यक निदेश पुलिस विभाग को दिये गये। राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, रांची को वन विभाग से समन्वय बनाते हुए एनएच 143 ए एवं 143 एजी में सड़क में झुके पेड़ की डाली की छंटाई कराये जाने, कस्तुरबा विद्यालय लोहरदगा, सरस्वती शिशु मंदिर बाजार समिति एवं पावरगंज के पास रंबल स्ट्रीप बनाने का निदेश दिया गया। पथ प्रमंडल, लोहरदगा को बीएस कॉलेज मोड़ के पास, कैरो नगजुआ पथ के खण्डा ग्राम में नहर के पास, लोहरदगा के जुरिया सड़क में कटहल टोली मोड़ के पास रंबल स्ट्रीप लगाने का निदेश दिया गया।

आपदा अंतर्गत सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के मिलने वाले मुआवजा के संबंध में जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अंचल व अनुमंडल




से प्राप्त कुल 37 मामलों में 28 मामलों में भुगतान कर दिया गया है, अन्य 9 मामले लंबित हैं। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल को अस्पताल तक पहुंचाने वाले व्यक्ति को गुड सैमेरिटन के रूप चिन्हित करते हुए उसे प्रोत्साहन राशि के साथ-साथ सर्टिफिकेट भी दिये जाने का निदेश दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि मार्च-2023 मे कुल 317 वाहनों की जाँच की गई जिसमें 81 वाहनों से 4,96000 रू की राशि वसूल की गई। नगर परिषद, लोहरदगा को शहर में अतिक्रमण से संबंधित नियमित अभियान चलाने का निदेश दिया गया। वहीं हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लोहरदगा के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि बिना सही कागजात के वाहन हिंडाल्को इंडस्ट्रीज में इस्तेमाल नहीं हो रहे हैं। साथ ही, ट्रकों को नियंत्रित रफ्तार में चलाने के लिए प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। ट्रकों में बॉक्साइट ढंक कर भेजे जा रहे हैं ताकि प्रदूषण ना हो।

वहीं उत्पाद अधीक्षक, लोहरदगा द्वारा मार्च माह में 29 कार्रवाई में 5.19 लाख रुपए और अप्रैल माह में 28 कार्रवाई के मामले में 84 हजार आर्थिक दंड की वसूली की जानकारी दी। पुलिस विभाग को सभी थानों द्वारा सड़क दुर्घटनों की इंट्री और सिविल सर्जन को सभी निजी अस्पतालों द्वारा भी इसकी इंट्री सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) परमेश्वर प्रसाद, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सिविल सर्जन, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, समाजसेवी संजय बर्मन, अरूण राम समेत अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

### घायलों को ले जाने वाले 5 लोगों को मिला इनाम

**भंडरा।** अब घायलों को अस्पताल पहुंचाने पर झंझट नहीं बल्कि, सरकार इनाम दे रही है। केंद्र सरकार की नई पहल के अनुसार घायलों को अस्पताल पहुंचाने पर पांच हजार का नकद इनाम मिल रहा है। इस योजना में 1 लाख रुपये तक के इनाम का भी प्रावधान है। शनिवार को भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे प्रखंड के पांच लोगों को नेक नागरिक का सम्मान के साथ पांच-पांच हजार रुपये नकद दिए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर संजय कुमार ने इसके बारे में जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने एक योजना शुरू की है। इसके तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को शुरुआती घंटे के भीतर अस्पताल ले जाने वाले को पांच हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। यह योजना 15 अक्टूबर, 2021 से 31 मार्च, 2026 तक प्रभावी होगी। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि इस योजना का मकसद मदद करने वाले लोगों को उत्साहित करना है।

# अनाबद्ध निधि से संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में जिला योजना अंतर्गत अनाबद्ध निधि से संचालित योजना के प्रगति की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम पोटो हो खेल विकास योजना अंतर्गत निर्मित खेल मैदानों के रख-रखाव हेतु चर्चा प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना में बीते वित्तीय वर्ष में कोषागार में वापस की गई राशि संबंधी एक सप्ताह में प्रतिवेदन समर्पित किये जाने का निदेश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया।

जिला योजना अंतर्गत अनाबद्ध निधि से संचालित योजनाओं में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लोहरदगा के द्वारा पेयजलापूर्ति योजनाओं, चापाकल अधिष्ठापन, लघु सिंचाई प्रमंडल द्वारा ठाकुराईनडेरा में पाइपलाइन बिछाने की कार्यप्रगति, एनआरईपी विभाग द्वारा पीसीसी पथ निर्माण, जिला अभियंता द्वारा चंदलासो में पीसीसी पथ समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही, जिन योजनाओं में योजना पूर्ण हो जाने के बाद भी राशि का भुगतान पूर्ण नहीं हो पाया है उसके लिए मांग प्रस्ताव भेजे जाने का निदेश सभी संबंधित कार्यपालक अभियंताओं को दिया गया। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विशेष प्रमंडल, लघु सिंचाई प्रमंडल, जिला अभियंता, सहायक जिला योजना पदाधिकारी उपस्थित थे।

### एकलव्य विद्यालय निर्माण के लिए ग्राम सभा का आयोजन

**भंडरा।** एकलव्य विद्यालय निर्माण हेतु भूमि का प्रस्ताव भेजने से पूर्व अंचल पदाधिकारी के द्वारा ग्रामसभा कर ग्रामीणों से अनापत्ति ली गई। भंडरा प्रखंड के कसपुर नवटोली में एकलव्य विद्यालय निर्माण हेतु 13 एकड़ जमीन चिन्हित किया गया है। इसमें स्कूल बनाने के लिए अनापत्ति प्राप्ति के लिए ग्राम सभा आयोजित हुई।

# बिना काम किए निकाली गई राशि की गई रिकवर

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर ( गुमला )**
चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के भठौली गांव में आरसीसी पुलिया निर्माण कार्य मे बिना काम हुए पूरी राशि निकाल लेने की खबर को स्थानीय समाचार पत्रों में प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। इसपर चैनपुर बीडीओ डॉ. शिशिर कुमार सिंह ने मामले को संज्ञान में लेते हुए खुद योजना स्थल की जांच की। जांच में पाया गया कि योजना स्थल पर किसी भी तरह का निर्माण कार्य नहीं हुआ है और न ही मैटेरियल गिरा हुआ है। बीडीओ ने काम को लाभुक समिति से अपने हाथ में लेने वाले व्यक्ति चैनपुर निवासी कौशल केशरी को ब्याज सहित



राशी को 24 घंटे के अंदर पंचायत कोष में जमा करने का नोटिस जारी किया था। इसके बाद कौशल केशरी ने चैनपुर बीडीओ के समक्ष एक लाख अठ्ठासी हजार एक सौ साठ रुपये का चेक सौंपा गया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि विकास योजनाओं में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी विकास योजनाओं में बिचौलिए हावी न हो इसपर प्रशासन की पूरी नजर है।

### मासिक लोक अदालत में 35 वादों का निष्पादन

**लोहरदगा।** व्यवहार न्यायालय में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें कुल दो बेंचो का गठन किया गया था। बेंच संख्या 1 में अखिलेश कुमार तिवारी, प्रथम जिला न्यायाधीश - सह- विशेष जज के नेतृत्व में बिजली से संबंधित कुल 30 केसों का निपटारा हुआ जिसमें कुल 6,62,635 रुपये अर्थदंड के रूप में वसूल किए गए। वहीं बेंच संख्या 2 का नेतृत्व न्यायिक दंडाधिकारी सुचिता निधि तिग्गा ने किया, जिसमें चेक बाउंसिंग एवं वन वाद से संबंधित कुल पांच वादों का निष्पादन हुआ और 21 लाख रुपये जुमार्ना के रूपप में वसूल किए गए। उक्त बातों की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने दी।

# झामुमो नेताओं के प्रयास से सिमडेगा के टभाडीह गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत के तभाडीह गांव में विगत पांच महीने से 25 केवीए का ट्रांसफर्मर खराब होने के कारण बिजली नहीं थी। इसकी वजह से लोग अंधेरे में रहने के लिए विवश थे। वे अपनी समस्या लेकर झामुमो जिला सचिव सफीक खान के पास आये तो उन्होंने तुरंत बिजली विभाग से बात कर उन्हें ट्रांसफर दिलाया। नए ट्रांसफरमर का उद्घाटन झामुमो नेताओं ने विधिवत किया। इसको लेकर गांव वालों में खुशी देखने को मिली। इस बीच ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से भी झामुमो नेताओं को अवगत कराया।



ग्रामीणों ने गर्मी को देखते हूए पानी की समस्या को बताया। झामुमो नेताओं ने यथाशीघ्र खराब पड़े चापाकलों को ठीक करने का अस्वासन दिया और ग्रामीणों ने 25 केवी ट्रांसफरमर की जगह 63 केवी का ट्रांसफार्मर देने का आग्रह किया। इस पर झामुमो नेताओं ने बिजली विभाग से बात कर इसे पूरा करने का असवासन दिया।

### ओसम डेयरी ने खरीद मूल्य में की 2.5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी

**कुडू।** किसानों की समस्या को देखते हुए ओसम डेयरी ने अपने खरीद मूल्य में 2 रुपये 50 पैसे की बढ़ोतरी की है। साथ ही पहले के तरह ही पांच दिन में भुगतान करने का भी फैसला लिया है।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए ओसम डेयरी के प्रबंधक संजेश कुमार ने बताया कि ओसम डेयरी का प्रयास रहा है कि किसानों को अन्य डेयरी के मुकाबले ससमय और उचित मूल्य मिले। डेयरी के इन्ही उद्देश्यों से किसान भाइयों मे ओसम के प्रति विश्वास व लगाव लगातार बढ़ा है। उन्होने बताया कि ओसम का सेंटर जिन गांव मे चाहिए वहां के इच्छुक लोग टाटी स्थित प्लांट पर आकर सम्पर्क कर सकते हैं।

## आयोजन | पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति योजना से संबंधित बैठक हुई

# विद्यार्थियों के आवेदन की प्रक्रिया पूरी करें

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
आईटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता में पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति योजना 2022-23 से संबंधित बैठक सभी प्लस टू उच्च विद्यालय, इंटर महाविद्यालय, महाविद्यालय, एएनएम प्रशिक्षण केंद्र और शिक्षक प्रशिक्षक केंद्र संस्थानों के प्राचार्यो के साथ आईटीडीए भवन, लोहरदगा में आयोजित हुई।

बैठक में परियोजना निदेशक द्वारा बताया कि लोहरदगा जिला में विभिन्न शिक्षण संस्थानों को मिलाकर पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में आवेदन करने योग्य एसटी, एससी एवं बीसी वर्ग के कुल छात्र-छात्राओं की 15,335 है। इनमें से मात्र अब तक 8099 छात्र-छात्राओं ने ही आवेदन किया है जो काफी कम है। अब भी 7236 छात्र-छात्राएं ऐसे



हैं जो इस योजना का लाभ पाने से वंचित हैं। छात्र-छात्राओं के आवेदन की प्रक्रिया जारी है जिसकी अंतिम तिथि 10 मई है। परियोजना निदेशक द्वारा सभी उपस्थित शिक्षण-संस्थानों के प्राचार्यो निदेश दिया गया कि अंतिम तिथि से पूर्व सभी छूटे हुए 7236 छात्र-छात्राओं के आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो जाए। सभी शैक्षणिक संस्थान अपने-अपने संस्थानों के योग्य छात्र-छात्राओं का आवेदन अंतिम तिथि से पूर्व अवश्य पूरी कर लें। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, सभी पंजीकृत शिक्षण संस्थानो-बीएस कॉलेज, नदिया हिंदू प्लस टू उच्च विद्यालय, 10+2 चुन्नीलाल उच्च विद्यालय, मधुसूदन लाल अग्रवाल इंटर महिला कॉलेज, एमएल अग्रवाल एसवीएम इंटर कॉलेज, 10+2 प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल ईरगांव, एएनएम ट्रेनिंग सेंटर एसटी उसुर्ला हॉस्पीटल, इंटर कॉलेज किस्को, उसूर्लाईन प्राईमरी टीचर्स एजुकेशन कॉलेज, उसुर्लाईन विमेस टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, 10+2 हाई स्कूल बिटपी भंडरा, 10+2 हाई स्कूल ब्राह्मणडीहा चट्टी भंडरा, 10+2 लाल बहादुर शास्त्री हाई स्कूल भण्डरा, डॉ अनुग्रह नारायण प्लस टू हाई स्कूल कैरो, 10+2 एसएस हाई स्कूल किस्को, 10+2 प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल कुडू, अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन कुडू, गांधी मेमोरियल प्लस टू हाई स्कूल माराडीह कुडू, 10+2 प्रोजेक्ट हाई स्कूल मुंगो पेशरार, 10+2 नंदलाल हाई स्कूल अरू और 10+2 कस्तूरबा हाई स्कूल लोहरदगा के प्राचार्य व उनके प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### पशुपालन विभाग एआई कर्मचारी संघ का धरना

**सिमडेगा।** झारखंड पशुपालन विभागीय एआई कर्मचारी संघ के आह्वान पर सिमडेगा जिले के सभी एआई कर्मचारीयों ने पांच सूत्री मांगों को लेकर समाहरणायलय परिसर में एक दिवसीय धरना दिया। इस दौरान बताया गया कि पशुपालन विभाग में मिलीभगत से एकआई कर्मी का जालसाजी कर एआई एवं टीकाकरण का करोड़ों रुपये का गबन कर लिया गया जो जांच का विषय है। विभाग द्वारा मानदेय 15 सौ रुपए बाधित कर दिया गया है वह भी हड़प लिया गया है जांच की मांग करने के बावजूद भ्रष्टाचार के माध्यम से संचिका को दबा दिया गया। इस दौरान एआई कर्मचारियों ने अपनी मांगों में राज्य स्तर पर वरीयता सूची तैयार कर ए आई कार्यकर्ता के नियमावली तैयार करने और तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के रिक्त पद पर वरीयता के आधार पर नियुक्ति में प्राथमिकता न्यूनतम मजदूरी के आधार पर मानदेय निर्धारित की मांग की गई।

# कुडू में शांतिपूर्ण तरीके से हुई जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) में कक्षा छह में प्रवेश के लिए शनिवार 29 अप्रैल को कुडू में निर्धारित कुल दो केंद्र में आयोजित परीक्षा नकल विहीन और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। इसको लेकर परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गयी थी। कुल 393 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी और 32 अनुपस्थित रहे। राजकीय बुनियादी विधालय कुडू में 209 छात्र पंजीकृत थे जिनमें 193 ने परीक्षा दी और 16 अनुपस्थित रहे। वहीं प्रोजेक्ट बालिका +2 उच्चय विधालय में पंजीकृत 216 में कुल 200 ने परीक्षा दी और 16 अनुपस्थित रहे। मौके पर बुनियादी विद्यालय कुडू के प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मदेव प्रसाद, प्रोजेक्ट बालिका +2 उच्चय विधालय की प्रधानाध्यापक संगीता कुमारी निर्मला आदि मौजूद रहे।



### सिमडेगा में कदाचार मुक्त हुई नवोदय प्रवेश परीक्षा

**सिमडेगा।** सिमडेगा में शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त तरीके से शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई। जिला प्रशासन की ओर से परीक्षा के लिए संत मेरिज हाई स्कूल, यूसी सामटोली, संत मेरिज इंग्लिश मीडियम स्कूल, संत अन्ना स्कूल, डीएवी, एसएस +2 हाई स्कूल एवं केंद्रीय विद्यालय को केंद्र बनाया गया था। 2529 बच्चों में 2046 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। वहीं इधर विधि व्यवस्था को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सिमडेगा ने सभी परीक्षा केंद्रों में जाकर विधि व्यवस्था एवं परीक्षा संचालन से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में परीक्षा संपन्न हुई। गौरतलब हो कि छठी कक्षा के नामांकन को लेकर प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। जहां 11 बजे से 1:30 तक कोविड गाइडलाइन का अनुपालन कर प्रवेश ली गई।

# दो राउंड की छंटनी के बाद जुकरबर्ग का नेटवर्थ 10 अरब डॉलर बढ़ा



**एजेंसी। नई दिल्ली**
अच्छे तिमाही परिणाम के कारण कंपनी के शेयरों में करीब 14 प्रतिशत उछाल और हालिया महीनों में दो राउंड में 21 हजार कर्मचारियों की छंटनी के बाद मेटा के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मार्क जुकरबर्ग का नेटवर्थ 10.2 अरब डॉलर बढ़ गया है। ब्लूमबर्ग बिलेनेयर इंडेक्स के अनुसार, जुकरबर्ग का नेटवर्थ अब 87.3 अरब डॉलर हो गया है और वह दुनिया के 12वें सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। मार्च में समाप्त तिमाही में मेटा (पहले फेसबुक) का राजस्व 28.65 अरब डॉलर रहा जो पिछले साल की पहली तिमाही की तुलना में तीन प्रतिशत ज्यादा है। द नेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को बाजार बंद होते समय नैस्डेक में सूचीबद्ध मेटा के शेयर 13.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ 238.56 डॉलर पर पहुंच गए जो पिछले 15 महीने में सबसे ज्यादा है। जुकरबर्ग के नेटवर्थ में उनके करियर की तीसरी सबसे बड़ी एकदिनी वृद्धि दर्ज की गई। इससे पहले 2022 में उनका नेटवर्थ 57 प्रतिशत घटकर 71 अरब डॉलर रह गया था। पिछले साथ शेयर बाजारों में गिरावट के कारण दुनिया के कई टेक बिलेनेयर के नेटवर्थ में भारी गिरावट दर्ज की गई थी। मार्च में समाप्त तिमाही परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए जुकरबर्ग ने कहा, यह तिमाही अच्छी रही और हमारी कम्युनिटी में वृद्धि जारी रही। हमारे एप और कारोबार में एआई वर्क के काम के अच्छे परिणाम दिख रहे हैं। हम कम समय में बेहतर उत्पाद तैयार करने में अधिक सक्षम हो रहे हैं ताकि अपने दीर्घकालीन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए हम मजबूत स्थिति में आ सकें। हालांकि, मेटा रियलिटी लैब्स (एआर-वीआर) डिविजन को मार्च में समाप्त तिमाही में चार अरब डॉलर का नुकसान हुआ। इससे पहले वर्ष 2022 में उसे 13.7 अरब डॉलर का नुकसान हुआ था। जुकरबर्ग ने परिणामों पर विश्लेषकों के साथ चर्चा के दौरान कहा, एक ग्लासों को लेकर हमारी सोच में एआई-केंद्रित ऑपरेटिंग सिस्टम शामिल है जो हमारी समझ से अगली पीढ़ी में गणना का आधार होगा। मेटा को उम्मीद है कि 2023 की दूसरी तिमाही में उसका कुल राजस्व 29.5 अरब डॉलर से 32 अरब डॉलर के बीच होगा। मेटा ने कहा, हमारा अनुमान है कि 2023 में पूरे साल के दौरान हमारा कुल व्यय 86-90 अरब डॉलर के बीच होगा। हमने मार्च में जारी अपने आउटलुक में बदलाव किया है।

# मई में लॉन्च होंगे 5जी के शानदार स्मार्टफोन




**एजेंसी। नई दिल्ली**
टेक कंपनियां मई महीने में एक से बढ़कर एक स्मार्टफोन लॉन्च करने वाली है। इसमें पोको एफ5, सैमसंग गैलेक्सी एफ54, वनप्लस नॉर्ड 3, गूगल पिक्सल 7ए, गूगल पिक्सल फोल्ड, रियलमी 11 प्रो+ और 11 प्रो शामिल हैं। खास बात ये है कि रियलमी अपने अपकमिंग स्मार्टफोन में 200एमपी कैमरा देगा। ये सभी फोन अलग-अलग सेगमेंट में आएंगे। ऐसे में अगर आप किसी भी सेगमेंट का स्मार्टफोन खरीदने के बारे में सोच रहे हैं तो इस महीने आपको कई नए ऑप्सन मिलेंगे। जिसमें से आप अपने बजट और पसंद के अनुसार बेस्ट फोन चुन सकते हैं। आइए मई महीने में लॉन्च होने वाले स्मार्टफोन्स और उसके एक्सपेक्टेड स्पेसिफिकेशन के बारे में जानते हैं। चाइनीज टेक कंपनी पोको 9 मई को 'पोको एफ5' स्मार्टफोन लॉन्च करेगी। कंपनी ने ऑफिशियल वेबसाइट में फोन को टीज करते हुए लॉन्चिंग के बारे में जानकारी दी है। टीजर के मुताबिक, स्मार्टफोन के रियर पैनल में ट्रिपल कैमरा सैटअप मिलेगा। हालांकि अभी तक पोको ने स्मार्टफोन के स्पेसिफिकेशन के बारे में ऑफिशियल तौर कोई भी जानकारी नहीं दी है।

### अमीरात के वेल्थ फंड्स ने भारत में 2.78 लाख करोड़ रुपए लगाए

# दुबई में 83 हजार भारतीय कंपनियां



**एजेंसी। दुबई**
दुबई में चहलपहल से दमकते मीनाबाजार के बीच खड़े होकर नहीं लगता कि आप मुंबई से सैकड़ों किलोमीटर दूर हैं। बाजार की गलियों में बिरयानी वाला एंड कंपनी, मिनी पंजाब रेस्तरां और तनिष्क ज्वेलरी जैसे नामों की भरमार है। हिंदी, मलयालम और अरबी भाषा में दुकानों के साइनबोर्ड नजर आते हैं। मीनाबाजार भारतीय बिजनेस के बढ़ते विशाल नेटवर्क की झलक दिखाता है। स्थानीय बिजनेस चैम्बर के अनुसार भारतीयों के स्वामित्व की 11 हजार कंपनियां 2022 में दर्ज हुई हैं। इन्हें मिलाकर कुल भारतीय कंपनियों की संख्या 83 हजार हो गई है। भारतीय कंपनियों के पीछे संयुक्त अरब अमीरात (वअए) में रहने वाले 35 लाख भारतीय खड़े हैं। इन आप्रवासियों ने 2021 में 1.63 लाख करोड़ रुपए से अधिक भारत भेजे हैं। यूएई के लिए भारत फूड, जेम्स, ज्वेलरी, चमड़े की वस्तुएं, दवाइयों और निवेश के अवसरों का स्त्रोत है। भारत के लिए यूएई पूंजी का महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं। 1973 में ऐसी स्थिति अकल्पनीय थी जब भारतीय साड़ियों वाले एक स्टोर का नाम मीनाबाजार रखा गया था। अबू धाबी बहुत गरीब था। 1966 तक भारतीय रुपए का एक वर्जन यहां की करेंसी-एक्सटर्नल रुपी था। पूरा अंतरराष्ट्रीय कारोबार बंबई के जरिये होता था। पचास साल बाद स्थिति पूरी तरह बदल गई है। अमीराती शॉपिंग माल्स दुनियाभर के प्रोडक्ट्स से जगमगा रहे हैं। दुबई के 68 मंजिला अलमास टॉवर में भारतीय जैम ट्रेडर्स बड़ी संख्या में हैं। भारत और अमीरात के बीच कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय दूतावास के एक सर्वे में पाया गया कि प्रमुख कंपनियों में 60% चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर भारतीय हैं। फंड मैनेजर पंकज गुप्ता कहते हैं, अमीरात की इंडस्ट्रीज में भारतीय उच्च पदों पर हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार पिछले साल 16% बढ़ा है।

## स्टार हेल्थ ने वित्त वर्ष 2023 शुद्ध 618 करोड़ रुपये की घोषणा की

**चेन्नई।** स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023 को 618.5 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ के साथ बंद किया। नियामक फाइलिंग में, कंपनी ने कहा कि उसने वित्त वर्ष 2023 को लगभग 12,952 करोड़ रुपये (वित्त वर्ष 2022 रुपये 11,463 करोड़) के सकल प्रीमियम और 618.5 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ (1,040 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा) के साथ बंद कर दिया था। कंपनी बोर्ड ने अपनी बैठक में आनंद रॉय को प्रबंध निदेशक और सीईओ और वी.जगन्नाथन को गैर-कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक जगन्नाथन ने कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मैंने कंपनी में एक गैर-कार्यकारी भूमिका निभाने का फैसला किया है, क्योंकि मैंने बीमा उद्योग में पांच दशक पूरे कर लिए हैं। इस कंपनी को आज जो कुछ भी है, उसके निर्माण में यह एक हार्दिक, भरने वाली यात्रा रही है। जब स्टार हेल्थ इन्शुरन्स की शुरूआत हुई थी, तब स्टैंड-अलोन हेल्थ इन्श्योरेन्स की अवधारणा अनसुनी थी और हेल्थ इन्श्योरेंस पैठ बहुत कम थी। उन्होंने कहा कि कंपनी शुरू करते समय स्वास्थ्य बीमा के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने की जरूरत थी।

# सोनी ने अब तक की 3.84 करोड़ प्लेस्टेशन5 की बिक्री




**एजेंसी। नई दिल्ली**
जापानी दिग्गज ने शुक्रवार को कहा कि सोनी ने अब तक 38.4 मिलियन प्लेस्टेशन 5 गेमिंग कंसोल बेचे हैं, अकेले मार्च तिमाही में 6.3 मिलियन पीएस5 की शिपिंग की है। कंपनी की लेटेस्ट तिमाही आय के अनुसार, कंपनी ने वित्त वर्ष 2022 में 19.1 मिलियन पीएस5 का निर्यात किया, जो इसके पहले के 18 मिलियन के पूर्वानुमान को मात देता है। प्लेस्टेशन नेटवर्क के मासिक सक्रिय उपयोगकर्ता 106 मिलियन से बढ़कर 108 मिलियन हो गए। हालांकि, पीएस प्लस ग्राहकों की संख्या 47.4 मिलियन पर स्थिर रही। कंपनी के रिकॉर्ड के अनुसार, कंपनी ने अपने चिप डिवीजन और अपने पीएस5 गेमिंग कंसोल की बिक्री से मदद करते हुए रिकॉर्ड वार्षिक परिचालन राजस्व पोस्ट किया। सोनी ने राजस्व में 3.06 ट्रिलियन जापानी येन (22.5 अरब डॉलर) (35 प्रतिशत वर्ष दर वर्ष) और परिचालन लाभ में 1.21 ट्रिलियन येन की सूचना दी। सीएनबीसी के अनुसार, जापानी दिग्गज का गेमिंग डिवीजन वर्ष के लिए अपने सबसे बड़े लाभ चालकों में से एक था, जो 250 अरब येन का परिचालन लाभ ला रहा था, हालांकि यह साल-दर-साल 27 प्रतिशत कम था। वित्तीय वर्ष के लिए, सोनी के गेमिंग डिवीजन ने 3.64 ट्रिलियन येन का राजस्व लाया, जो साल-दर-साल 33 प्रतिशत अधिक था। सोनी ने कहा कि उसका लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में 2.5 करोड़ पीएस5 यूनिट बेचने का है। कंपनी निंटेंडो के स्विच कंसोल और माइक्रोसॉफ्ट के एक्सबॉक्स के साथ प्रतिस्पर्धा कर रही है। सोनी कथित तौर पर अपने प्लेस्टेशन 5 प्रो (पीएस5 प्रो) गेमिंग कंसोल को अगले साल के अंत में लॉन्च करने के लिए तैयार है। नया कंसोल मौजूदा प्लेस्टेशन 5 (पीएस5) का अपग्रेडेड वर्जन होगा।तकनीकी दिग्गज को इस साल के अंत में एक डिटेचेबल डिस्क ड्राइव के साथ पीएस5 लॉन्च करने की भी उम्मीद है क्योंकि कंपनी वर्तमान-पीढ़ीके गेमिंग कंसोल की लागत को कम करने की योजना बना रही है।

# 'डुकाटी मॉन्स्टर एसपी' 2 मई को होगी लॉन्च



**एजेंसी। नई दिल्ली**
सुपर और स्पोर्टी बाइक मेकर कंपनी डुकाटी 2 मई को भारत में 'डुकाटी मॉन्स्टर रढ' लॉन्च करने जा रही है। कंपनी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर टीजर जारी कर लॉन्चिंग डेट अनाउंस की है। डुकाटी ने साल की शुरूआत में मॉन्स्टर रढ के साथ कई अन्य बाइक्स को इंडियन मार्केट में लॉन्च करने की घोषणा की थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी डुकाटी मॉन्स्टर रढ को 15.95 लाख रुपए के एक्स शो-रूम (दिल्ली) कीमत में पेश कर सकती है। कंपनी की ऑफिशियल वेबसाइट के अनुसार, डुकाटी मॉन्स्टर रढ में छएऊ ऊ्रछर के साथ प्रोजेक्टर-स्टाइल हेडलैंप, फ्यूल टैंक पर फ्रंट इंडिकेटर्स मिलेंगे। साथ ही बाइक में रेड कलर की एक स्टेप-अप सीट और साइड में एक ट्विन-पॉड एग्जॉस्ट माउंट किया गया है। बाइक में रेड और ब्लैक कलर का डुअल-टोन पेंट स्कीम दिया गया है।

## विदेश

### रूस ने यूक्रेन पर एक दिन में दागीं 23 मिसाइलें

# 3 बच्चों समेत 16 की मौत



**एजेंसी। कीव**
रूस ने यूक्रेन पर एक के बाद एक 23 मिसाइलों से हमला किया । इसमें अलग-अलग शहरों में 3 बच्चों समेत 16 लोगों की मौत हो गई। रिपोर्टस के मुताबिक उमान शहर में 13 लोगों की मौत हुई। जबकि 9 लोग घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। निप्रो में मिसाइल ने एक घर को चपेट में ले लिया जिससे एक 2 साल की बच्ची और उसकी मां की मौत हो गई। वहीं तीन लोग घायल हुए। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। यूक्रेन की राजधानी कीव और क्रेमेनचुक शहर में भी धमाके हुए हैं। जेलेंस्की ने बताया की रूसी मिसाइलों के हमले में 10 रहवासी इमारतें भी चपेट में आई हैं। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा कि शैतानों को केवल हथियारों से रोका जा सकता है, रूस पर पाबंदियां बढ़ानी चाहिए। वहीं कीव शहर के मिलिट्री प्रशासन ने के मुताबिक पिछले 51 दिनों में यह यूक्रेन की राजधानी पर हुआ पहला हमला है। हमले में तबाह हुई इमारत में रहने वाले एक व्यक्ति ने रॉयटर्स को बताया कि हमला इतना तेज था कि आसपास सब कुछ हिलने लगा, फिर एकदम से धमाका हुआ। वहीं, एक दूसरे व्यक्ति ने बताया कि उसने पहले धमाका सुबह 4:30 पर सुना था।

# पीटीआई अध्यक्ष के आवास पर छापेमारी में 27 गिरफ्तार



**एजेंसी। लाहौर**
पुलिस ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष परवेज इलाही को गिरफ्तार करने के लिए उनके आवास पर देर रात छापा मारा। द न्यूज ने बताया कि पीटीआई ने अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं की गिरफ्तारी के संबंध में चिंता जताते हुए पुलिस की कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है। शुक्रवार देर रात आठ घंटे तक चली पुलिस कार्रवाई पर पंजाब के भ्रष्टाचार निरोधक प्रतिष्ठान (एसीई) के महानिदेशक सोहेल जफर चट्ठा के पुलिस दल के साथ घटनास्थल से चले जाने के बाद विराम लग गया। चट्ठा ने पूर्व मुख्यमंत्री आवास पर मीडियाकर्मियों से बातचीत में किसी भी गलत काम से इनकार किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने अवैध रूप से काम नहीं किया और इलाही को गिरफ्तार करने आई पुलिस पार्टी पर पेट्रोल बम फेंका गया। उन्होंने कहा कि कार्रवाई इलाही के आवास पर व्यक्तियों द्वारा शुरू की गई थी, जो पुलिस के साथ सहयोग नहीं कर रहे थे। डीजी एसीई के रूप में चट्ठा की नियुक्ति पर पीटीआई ने आपत्ति जताई थी। इमरान खान के नेतृत्व वाली पार्टी ने इस साल फरवरी में पंजाब की कार्यवाहक सरकार के फैसले को भी अदालत में चुनौती दी थी। इससे पहले, पुलिस और भ्रष्टाचार विरोधी अधिकारियों ने आंशिक रूप से अपने ऑपरेशन को रोक दिया, यह दावा करते हुए कि इलाही अपने आवास पर मौजूद नहीं है। उनके मोबाइल फोन के स्थान से पता चलता है कि वह वहां मौजूद है। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, गिरफ्तार हाउस हेल्प से सूचना मिलने के बाद कि इलाही अपने आवास पर है, उन्होंने इसे फिर से शुरू कर दिया। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री के घर में काम करने वाली घरेलू सहायिका और घटनास्थल पर विरोध कर रहे पीटीआई कार्यकताओं सहित कम से कम 27 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## सीमा समझौतों की अवहेलना के कारण चीन से बिगड़े रिश्ते: जयशंकर

**सेंटो डोमिंगो।** भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि सीमा समझौतों की अवहेलना के कारण ही चीन से भारत के रिश्ते बिगड़े हैं। उन्होंने सभी देशों के साथ बिना शर्तों के संबंध आगे बढ़ाने की बात कही। डोमिनिक गणराज्य की पहली यात्रा पर पहुंचे जयशंकर ने वहां के उपराष्ट्रपति रकील पेना के साथ भारत के दूतावास का उद्घाटन किया। डोमिनिकन गणराज्य के राजनयिक स्कूल के बच्चों से बातचीत करते हुए भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि भारत ने पूरे क्षेत्र में संपर्क और सहयोग में बड़े पैमाने पर विस्तार देखा है। हालांकि, सीमा पार आतंकवाद के मद्देनजर पाकिस्तान इसका अपवाद बना हुआ है। उन्होंने कहा कि अधिकतर देशों से भारत के संबंध अच्छे हैं। चाहे वह अमेरिका, यूरोप, रूस या जापान हो हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि ये सभी संबंध बिना किसी शर्त पर आगे बढ़ें। जयशंकर ने कहा कि चीन से वर्तमान में हमारे संबंध सामान्य नहीं हैं क्योंकि वह लगातार सीमा पर समझौतों का उल्लंघन करता रहता है।

# ईरान ने कुवैत से अमेरिका जा रहा जहाज सीज किया




**एजेंसी। तहरान**
ईरान ने गुरुवार को अमेरिका की तरफ जा रहे एक तेल टैंकर को ओमान की खाड़ी में जब्त कर लिया था। टैंकर पर मार्शल आइलैंड का झंडा लगा हुआ था। न्यूज एजेंसी अत्रद्ध की रिपोर्ट के मुताबिक, इस टैंकर में सवार 24 क्रू मेंबर्स भारतीय हैं। मरीन ट्रैफिक डॉट कॉम ने बताया कि ये टैंकर कुवैत से अमेरिका के ह्यूस्टन जा रहा था। शुक्रवार को अमेरिकी नेवी ने टैंकर जब्त होने की जानकारी दी। वहीं ईरान की आर्मी ने कहा कि उन्होंने टैंकर को जब्त किया, क्योंकि टैंकर इंटरनेशनल वॉटर में एक ईरानी नाव से टकरा गया था। इसके बाद से नाव में सवार 2 ईरानी क्रू मेंबर्स लापता हैं वहीं कई लोग घायल हुए। अमेरिकी नौसेना ने बताया कि इस पोत का नाम एडवांटेज स्वीट है। गुरुवार दोपहर करीब सवा एक बजे जहाज ने इमरजेंसी की सूचना दी थी। वर नेवी के मुताबिक, तभी ईरान की आर्मी ने जहाज को जब्त किया था। इसके बाद अमेरिका ने पूरे मामले की निगरानी के लिए एक ढ-8 पोसीडियन समुद्री पैट्रोलिंग विमान भेजा, जिसने सूचना दी कि ईरानी नेवी ने टैंकर को पकड़ा है। अमेरिकी नौसेना ने कहा- ईरान की कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। ये कदम क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए खतरा है। ईरान को तुरंत ही टैंकर को छोड़ देना चाहिए।

## ऑपरेशन | जर्जर रनवे पर नाइट-विजन गॉगल्स से सी-130 लैंड निकाला, ढाई घंटे गरुड़ कमांडो घेरे रहे

# वायुसेना ने रात में सूडान से 121 भारतीयों को निकाला




**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय वायुसेना ने युद्ध में धधक रहे सूडान की जमीन पर उतरकर अपनी तरह का पहला ऑपरेशन चलाया है। गरुड़ कमांडो की सुरक्षा में उ-130ख सुपर हर्क्यूलिस विमान रात में सूडान की एक जर्जर हवाई पट् ?टी पर उतारा गया। वहां से 121 भारतीयों को एयरलिफ्ट कर सुरक्षित जेद्दाह पहुंचाया गया। घना अंधेरा होने की वजह से पायलट्स ने नाइट विजन गॉगल्स की मदद से यहां विमान को लैंड कराया। वायुसेना के अफसर ने बताया कि यह साहसिक ऑपरेशन 27-28 अप्रैल की रात को चलाया गया था। जानकारी मिली थी कि खार्तूम से सिर्फ 40 किमी दूर वादी सयीदिना हवाई पटटी के पास भारतीय नागरिक जमा हैं। इनमें एक गर्भवती और कुछ बीमार लोग हैं। लैंडिंग और टेक ऑफ में ढाई घंटे का समय लगा, इस दौरान 8 गरुड कमांडो लोगों के चारों तरफ सुरक्षा घेरा बनाकर खड़े रहे। इसके अलावा शनिवार को 231 भारतीयों के साथ एक और विमान नई दिल्ली पहुंच गया। डिफेंस अधिकारियों ने बताया कि उ-130ख सुपर हर्क्यूलिस विमान के कैप्टन रवि नंदा हैं। उनके ही नेतृत्व में इस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। रवि इससे पहले भी पिछले साल अफगानिस्तान से भारतीयों को निकालने के लिए चलाए गए ऑपरेशन का हिस्सा थे। तब उन्हें गैलेंटरी मेडल से सम्मानित भी किया गया था। दरअसल, खार्तूम से इन भारतीयों को भारत के रक्षा सैन्य सलाहकार लेकर आ रहे थे। उन्होंने विमान के कमांडर से लगातार संपर्क बनाए रखा। उनके पहुंचते ही सभी को एयरलिफ्ट कर लिया गया। सूडान के वादी सयीदिना में बना रनवे बेहद खराब हालत में था। यहां न तो नेविगेशन में मदद करने के लिए कोई मौजूद था, न फ्यूल का प्रबंध था और न ही लाइट लगी थीं, जिनकी मदद से रात में विमान को लैंड कराया जा सके। इसके बावजूद वायुसेना के पायलट इस हवाई पट् ?टी पर लैंडिंग कराने में सफल रही। रनवे पर कहीं कोई रुकावट तो नहीं है, यह सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल/इंफ्रा रेड सेंसर की मदद ली। ढाई घंटे तक हवाई पट् ?टी वायुसेना के कब्जे में रखी गई। अफसर ने बताया कि युद्ध की वजह से ये लोग बंदरगाह नहीं पहुंच पा रहे थे, जहां से नौसेना के युद्धपोत भारतीयों को जेद्दा लेकर जा रहे हैं।

# ब्रिटेन में नए जीका टीके का पहला मानव परीक्षण शुरू



**एजेंसी। लंदन**
जानवरों पर किए गए अध्ययन में आशाजनक परिणाम मिलने के बाद ब्रिटेन ने जीका के नए टीके का पहला मानव नैदानिक परीक्षण शुरू कर दिया है। यूनिवर्सिटी ऑफ लिवरपूल द्वारा इस वैक्सीन का ट्रायल किया जा रहा है। भारत भी कथित तौर पर जीका के खिलाफ टीका विकसित कर रहा है। 2016 में अपने चरम में रहने के बाद हालांकि अब उतना प्रचलित नहीं है, लेकिन जिका निरंतर खतरा बना हुआ है, हर साल मच्छर जनित वायरस के हजारों मामले सामने आते हैं, मुख्यतः भूमध्य रेखा के करीब के देशों में। गर्भवती महिलाएं संक्रमण के लिए सबसे अधिक जोखिम वाली आबादी बनी हुई हैं क्योंकि वायरस गंभीर भ्रूण जन्म दोष पैदा कर सकता है। यह आशा की जा रही है कि गर्भावस्था के दौरान उपयोग के लिए उपयुक्त बनाया गया टीका अत्यधिक सुरक्षात्मक और लंबे समय तक चलने वाली प्रतिरक्षा उत्पन्न करेगा। पशु अध्ययनों में आशाजनक परिणाम दिखाने के बाद, टीका अब 'मानव में प्रथम' चरण 1 परीक्षण में चला गया है।

# साजिश समान क्यों लगता है अतीक-अशरफ हत्याकांड?

*यह* तो अकाट्य सत्य है कि जिसका जन्म हुआ है, उसकी मृत्यु होगी और जिसकी मृत्यु होगी, उसका पुनर्जन्म भी होगा। हां, मृत्यु अपने तयनिर्धारित समय पर होती है अथवा अकारण, यह अहम विषय है। अपनी पौराणिक कथाओं के आधार पर यदि विचार करें तो मान्यता यह है कि जो अपनी निर्धारित आयु से पूर्व मरता है, उसे ईश्वर भी स्वीकार नहीं करते। उसकी आत्मा भटकती रहती है। वैसे, आज के वैज्ञानिक काल में इसकी कोई मान्यता नहीं है तथा यह माना जाता है कि जिसने जैसा कर्म किया था, उसे उसी प्रकार का फल मिला। मृत्यु सबकी होती है, चाहे वह संत हों या दुर्दांत अपराधी, लेकिन उनके लिए ऊपर एक पूर्व निर्धारित मार्ग है। यहां बात हो रही है 'तथाकथित' दुर्दांत अपराधी अतीक अहमद की। 'तथाकथित' इसलिए, क्योंकि भारतीय न्यायपालिका ने उसे उसके अपराध के लिए मृत्युदंड नहीं दिया था और अतिरेक में पुलिस की अभिरक्षा में सार्वजनिक रूप से गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई। यह कैसा अंधेर काल है कि न्यायपालिका के समक्ष उपस्थित होने से पहले और उनके आदेश के बिना ही किसी की हत्या कर या करवा दी जाए! इसके कई निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। गंभीर चर्चा का विषय है और पुलिस प्रशासन पर सीधा आरोप लगाया जाता है कि ऐसी क्या आफत आ गई थी कि रात दस बजे दूल्हे की तरह सजाकर दोनों अपराधियों को बारात की शक्ल में मेडिकल चेकअप के लिए ले जाया जा रहा था। दूसरा यह कि क्या प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए पुलिस के पास इतना और यही समय था अथवा वह अपराधी इतना बड़ा राष्ट्रपुरुष था कि वह चलते-चलते ही मीडियाकर्मियों से मुखातिब हो, बातचीत करे? या पूर्व निर्धारित योजनाबद्ध तरीके से ऐसा किया गया? अब सत्तापक्ष ने इस बात के लिए अपनी तलवार खींच ली है कि अतीक की हत्या विपक्ष ने कराई है। वहीं, विपक्ष इस बात के लिए तलवार खींचकर खड़ा है कि भारी-भरकम पुलिस अभिरक्षा में किसी की इतनी हिम्मत कैसे हो सकती है कि वह भीड़ में घुसकर अपराधियों की हत्या कर दे। उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह कहते हैं कि अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या विपक्षी द्वारा राज खुलने के डर से कराई गई है। आगे वह कहते हैं कि कुछ गंभीर राज खुलने वाले थे, इसलिए विपक्ष ने दोनों भाइयों की हत्या करा दी। उनका कहना है कि माफिया भाइयों की हत्या को लेकर विपक्ष योगी सरकार को घेरने में जुटा है। मंत्री धर्मपाल सिंह का कहना है कि हत्याकांड को सरकार के नाम से जोड़ना पूरी तरह गलत है। लोग हंसी उड़ा रहे हैं कि यह किस तरह विपक्ष को हत्या की टोपी पहनाने में सरकार का प्रतिनिधि जुटा है। सरकार उनकी, पुलिस प्रशासन सत्तारूढ़ का, अभिरक्षा सरकार की, फिर विपक्ष किस प्रकार हत्या करा सकता है? यह गलत परंपरा की शुरूआत है जब एक दुर्दांत अपराधी की पुलिस अभिरक्षा में हत्या कर दी गई। जिस तरह हत्या की गई, उसकी जांच के लिए टीम का गठन सरकार ने कर दिया है। तो क्या सच भी सामने आ जाएगा?

गैंगस्टर से राजनेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की 15 अप्रैल की रात सनसनीखेज अंदाज में हत्या कर दी गई। प्रयागराज के कॉल्विन अस्पताल के बाहर पुलिस की सुरक्षा के बीच मीडियाकर्मी बनकर पहुंचे हमलावरों ने दोनों पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर मौत के घाट उतार दिया। दशकों तक खौफ का साम्राज्य चलाने वाले अतीक अहमद का अंत महज कुछ सेकंड के भीतर हो गया। अतीक की हत्या के बाद उसके किस्से अब सार्वजनिक हो रहे हैं। अतीक अहमद ने 44 वर्ष तक प्रयागराज और उसके आसपास के इलाकों में न सिर्फ दहशत कायम की, बल्कि इसकी बदौलत अकूत दौलत कमाई और राजनीति में भी सफलता का स्वाद चखा। वह पांच बार विधायक रहा, जबकि एक बार सांसद बना। राजनीति की सीढ़ियां चढ़ने के बाद भी उसने अपराध की दुनिया से मुंह नहीं मोड़ा। आखिरी वक्त तक उसपर हत्या, अपहरण, वसूली, रंगदारी जैसी गंभीर धाराओं समेत 100 से ज्यादा मुकदमे विभिन्न न्यायालय और पुलिस थाने में दर्ज थे। अतीक अहमद के लिए कभी खुद, तो कभी गुर्गों के जरिये लोगों की हत्या करवाना, रंगदारी मांगना, न देने पर अगवा करवा लेना, पिटाई करना बेहद आम था। वह खुलेआम लोगों को फोन पर वसूली और हत्या की धमकी देता था। अतीक हत्याकांड के बाद बीबीसी ने एक रिपोर्ट प्रसारित की है, जिसमें पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह के हवाले से चौंकाने वाली बातें लिखी हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अतीक अहमद मसीहा था। वह गरीबों को बेटियों की शादी के लिए पैसे देता था, बच्चों को स्कूली यूनिफार्म देता था, ईद मनाने के लिए गरीबों को पैसा देता था। यही नहीं, बल्कि उसकी तुलना अमीरों को लूटकर गरीबों में बांटने वाले कैरेक्टर 'रॉबिनहुड' से कर दी है।


हत्याकांड के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को फील्ड में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में शांति व्यवस्था बनी रहनी चाहिए और इसमें सभी प्रदेशवासी सहयोग भी कर रहे हैं। आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका ध्यान रखें। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कानून के साथ कोई भी खिलवाड़ न करे। योगी ने जनता से अपील की है कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक अतीक और अशरफ की हत्या करने वालों में लवलेश बांदा, सनी कासगंज और अरुण मौर्य हमीरपुर का रहने वाला है। अतीक और अशरफ पर 10 राउंड की फायरिंग तुर्की में निर्मित पिस्तौल से की गई है। अब जांच हो रही है और पूरा देश हैरान हैं कि अतीक अहमद जैसे दुर्दांत अपराधी को इतनी सरलता के तीन बहके हुए युवा अपराधियों ने योजनाबद्ध तरीके से किस हिम्मत के साथ खत्म कर दिया। जैसा कि पकड़े जाने के बाद तीनों हत्यारों ने कहा है कि उन्हें अतीक से बड़ा डॉन बनना है। सच तो यह है कि यह पुलिस की बनाई कहानी लगती है और इसलिए यह गले के नीचे नहीं उतरती है। अतीक अहमद की सुरक्षा में तैनात यह वही पुलिसबल था, जब तीनों हत्यारे वारदात को अंजाम दे रहे थे तो सभी जान बचाकर भाग गए थे। तीनों हत्यारे के आत्मसमर्पण के बाद पुलिस ने बेशर्मों की तरह डरते हुए पास आकर उन्हें गिरफ्तार किया। वैसे, सरकार ने सुरक्षा में तैनात सभी सतरह पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया है, लेकिन जिस तरह से देशभर में उप्र सरकार की किरकिरी हो रही है, उससे मुख्यमंत्री की छवि धूमिल हुई है। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री माफिया उन्मूलन के लिए बचनबद्ध हैं, जिसके कारण उनके कार्यकाल में राज्य के कितने ही अपराधियों को मौत की नींद सुलाया जा चुका है।

अब विपक्षी दल सरकार पर इस हत्याकांड के लिए सवाल उठा रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने ट्वीट कर लिखा, 'उप्र में अपराध की पराकाष्ठा हो गई है और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। जब पुलिस की सुरक्षा घेरे के बीच सरेआम गोलीबारी करके किसी की हत्या की जा सकती है, तो आमजन की सुरक्षा का क्या। इससे जनता के बीच भय का वातावरण बन रहा है। ऐसा लगता है कि कुछ लोग जानबूझकर ऐसा वातावरण बना रहे हैं।' इससे पहले रात के लगभग साढ़े 11 बजे ओवैसी ने ट्वीट कर कहा कि अतीक और उनके भाई पुलिस की हिरासत में थे। हथकड़ियां लगी हुई थीं। हत्यारे द्वारा हत्या के बाद 'जय श्री राम' के नारे भी लगाए गए। दोनों की हत्या योगी के कानून-व्यवस्था की नाकामी है। एनकाउंटर राज का जश्न मनाने वाले भी इस हत्या के जिम्मेदार हैं। उन्होंने आगे कहा कि जिस समाज में हत्यारे हीरो होते हैं, उस समाज में कोर्ट और इंसाफ के सिस्टम का क्या काम? इससे पहले उमेश पाल हत्याकांड में यूपी एसटीएफ ने माफिया अतीक अहमद के बेटे असद और शूटर गुलाम अहमद का एनकाउंटर कर दिया। कार्रवाई झांसी में की गई। उमेश पाल की हत्या के बाद से पांचों शूटर फरार थे। पुलिस अरबाज और उस्मान उर्फ विजय का भी एनकाउंटर कर चुकी है। उमेश पाल को 24 फरवरी, 2023 को उनके घर में घुसकर गोलियों से भून दिया गया था। अतीक अहमद का बेटा असद समेत छह शूटर गोली और बम मारते हुए सीसीटीवी में दिखे थे। अगले दिन उमेश की पत्नी ने अतीक, अशरफ, शाइस्ता, अतीक के बेटे असद, गुड्डू मुस्लिम, उस्मान समेत अतीक के कई अज्ञात गुर्गों और सहयोगियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अब देखना यह है कि जांच टीम को अपनी रिपोर्ट दो महीने में देने के लिए कहा गया है। जांच टीम क्या रिपोर्ट देती है और फिर उसपर किसके विरुद्ध कार्रवाई होती है, यह तो समय बताएगा, लेकिन जिसकी हत्या हो चुकी, वह फिर सदेह वापस नहीं आता है। इसलिए अतीक के लिए मृत्यु रूपी सत्य साकार हो चुका है, लिहाजा अतीक अब वापस नहीं आएगा।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक हैं)**

**वैसे, आज के वैज्ञानिक काल में इसकी कोई मान्यता नहीं है तथा यह माना जाता है कि जिसने जैसा कर्म किया था, उसे उसी प्रकार का फल मिला। मृत्यु सबकी होती है, चाहे वह संत हों या दुर्दांत अपराधी, लेकिन उनके लिए ऊपर एक पूर्व निर्धारित मार्ग है। यहां बात हो रही है 'तथाकथित' दुर्दांत अपराधी अतीक अहमद की।**

**इन दिनों**



**निशिकांत ठाकुर**

## इंटरव्यू

# भारत में प्रिंट मीडिया का भविष्य उज्ज्वल है: प्रो. भगत

**प्रोफेसर अरुण कुमार भगत हिंदी साहित्य और पत्रकारिता के सुपरिचित हस्ताक्षर हैं। संप्रति बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन (बीपीएससी) के मेंबर हैं। लिखने-पढ़ने के शौकीन हैं। आपने माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के नोएडा परिसर में 14 वर्षों तक अध्यापन किया। साहित्य और समालोचना के क्षेत्र में प्रो. भगत की उल्लेखनीय सेवा-साधना के लिए राष्ट्रधर्म पत्रिका, लखनऊ से राष्ट्रधर्म गौरव सम्मान : 2016 से अलंकृत किया था। उन्होंने 26 पुस्तकें लिखी हैं। उनसे राष्ट्रीय नवीन मेल के रांची के स्थानीय संपादक *आनंद सिंह* ने कई पहलुओं पर बातचीत की। बातचीत के संपादित अंशः-**



**प्रश्नः अभी हाल में पत्रकारिता के सर्जनात्मक लेखन पर आपकी पुस्तक पत्रकारिता सर्जनात्मक लेखन और रचना प्रक्रिया प्रकाशित हुई है। इसकी विशेषताओं के संबंध में बताएँ।**

उत्तरः मेरी यह पुस्तक रचनात्मक लेखन पर केंद्रित है। पत्रकारिता में समाचार के साथ-साथ विचार के रूप में रचनात्मक लेखन किया जाता है। मेरी यह पुस्तक उन्हीं रचनात्मक लेखन के विविध विधाओं को केंद्र में रखकर लिखी गई है। इसमें आलेख, फीचर, रिपोर्ताज, संस्मरण,यात्रा वृतांत, व्यंग्य, संपादकीय लेखन, स्तंभ लेखन, रेखाचित्र और समीक्षा लेखन के उद्देश्य, विशेषताएं, रचना-प्रक्रिया, प्रकार इत्यादि को रेखांकित किया गया है। इसमें पहली बार विभिन्न विधाओं की रचना-प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला गया है। यही इसकी विशेषता है।

**प्रश्नः पत्र-पत्रिकाओं में रचनात्मक लेखन की महत्ता को आप किस प्रकार रेखांकित करना चाहेंगे?**

उत्तरः पत्र-पत्रिकाओं में समाचार और विचार दोनों प्रकाशित होते हैं। समाचार तो सभी समाचार-पत्रों में होते हैं, किंतु उसकी पहचान विचार खंड से ही सुनिश्चित होती है। जीवन के भाग-दौड़ और आपा-धापी के बीच सूचनाओं का इतना आधिक्य है कि जन-जीवन उससे त्राहिमाम कर रहा है। यही कारण है कि समाचार के साथ-साथ विचार के रूप में सर्जनात्मक लेखन की महत्ता बढ़ती जा रही है। आज का पाठक नकारात्मक भाव-बोध के समाचार पढ़-पढ़ कर ऊब चुका है। उसे पढ़ने के लिए कुछ मन-भावन और मनोरंजक सामग्री चाहिए। इसी के आलोक में रचनात्मक लेखन की महत्ता बढ़ती जा रही है।

**प्रश्नः कहा जाता है कि भारत में पत्रकारिता पर सत्ता पक्ष द्वारा अघोषित नियंत्रण है। इसे आप किस रूप में देखते हैं?**

उत्तरः आज पत्रकारिता पर किसी तरह का कोई नियंत्रण नहीं है। लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ के रूप में पत्रकारिता अपनी भूमिका का निर्वहण कर रही है। सरकारी नियंत्रण तो स्वातंत्र्योत्तर भारत में केवल आपातकाल में दिखा था।

**प्रश्नः प्रिंट मीडिया के भविष्य को लेकर तमाम तरह की चिंताएँ व्यक्त की जा रही है। आप इसे किस रूप में देखते हैं?**

उत्तरः मेरी दृष्टि में भारत में प्रिंट मीडिया का भविष्य उज्ज्वल है। कोरोनाकाल की त्रासदी को यदि छोड़ दिया जाए तो हाल के दो दशकों में भारत में पत्र-पत्रिकाओं की प्रसार-संख्या लगातार बढ़ी है। भारत में साक्षरता दर जिस गति से बढ़ रही है, उसी गति से पत्र-पत्रिकाओं की प्रसार-संख्या में भी बढ़ोत्तरी होगी, ऐसा मेरा दृढ़ विश्वास है। मैं प्रिंट मीडिया के भविष्य पर किस तरह के संकट को नहीं देखता हूँ। सच पूछिये तो प्रिंट मीडिया का कोई विकल्प ही नहीं है। वहाँ समाचार विस्तार से दिये जाते हैं और उसकी विश्वनीयता असंदिग्ध है।

**प्रश्नः मीडिया के क्षेत्र में अभी नई पीढ़ी का रूझान कम दिखता है। मीडिया संस्थाओं के तमाम पोस्ट खाली हैं। यह क्या प्रदर्शित करता है?**

उत्तरः मेरी दृष्टि में मीडिया के क्षेत्र में नई पीढ़ी का रूझान बढ़ा है। मीडिया शिक्षण के विभिन्न संस्थानों के आंकड़े बताते हैं कि युवाओं का आकर्षण मीडिया की तरफ तेजी से बढ़ा है। यह बात और है कि गुणवत्तायुक्त पत्रकार कम वेतन पर उपलब्ध नहीं होते। ऐसा शायद इसलिए हो रहा है कि मीडिया संस्थान कम बजट में ही अपना काम चलाना चाहता है।

**प्रश्नः अनेक मीडिया संस्थानों में पत्रकारों के लिए अधिकतम आयु सीमा निर्धारित कर दी गई है। उस आयु से ऊपर के पत्रकारों को वे अपने संस्थान में नहीं रखते हैं। यह कितना व्यावहारिक है?**

उत्तरः यह सचमुच दुर्भाग्यपूर्ण है। मीडिया संस्थानों में अनुभवी लोग नहीं रहेंगे तो सीखने-सिखाने की प्रक्रिया ही समाप्त हो जाएगी। अनुभवहीन पत्रकार जिन पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन करेंगे, उससे गुणवता की अपेक्षा नहीं की जा सकेगी। फिर पत्र-पत्रिका समाज का पथ प्रदर्शन करने की जगह समाचारों का पुलिंदा बनकर ही रह जायेगी।

**प्रश्नः आपने गौर किया होगा कि मीडिया के प्रायः सभी फॉरमेट में खोजी पत्रकारिता प्रायः बंद हो गयी है। कई लोग मानते हैं कि ऐसा सरकारी दवाब के कारण हुआ है। सच क्या है?**

उत्तरः यह सच है कि खोजी पत्रकारिता प्रायः बंद हो गयी है, किंतु सरकारी दबाव को इसका कारण बताना युक्तिसंगत नहीं है। वस्तुतः गत 8 वर्षों में केंद्रीय सत्ता में भ्रष्टाचार की कोई खबर नहीं आई है। इसलिए खोजी पत्रकारिता का स्कोप प्रायः बंद हो गया है। डिजिटल मीडिया के इस युग में स्मार्ट फोन ने हर व्यक्ति को पत्रकार बना दिया है। आज किसी समाचार को दबा पाना कठिन ही नहीं असंभव जैसा है। आज समाचारों पर गेटकीपिंग की व्यवस्था प्रायः समाप्त हो गई है। सच पूछा जाए तो सोशल मीडिया के कारण सही मायने में मीडिया का लोकतांत्रिकरण हो गया है।

**प्रश्नः विकासोन्मुखी पत्रकारिता को पेड जर्नलिज्म कहना कितना उचित है?**

उत्तरः बिल्कुल नहीं। दोनों की संकल्पनाएँ भिन्न-भिन्न हैं। विकास के इस दौर में पत्रकारिता को विकासोन्मुख होना ही चाहिए। यह किसी भी तरह से पेड जर्नलिज्म नहीं है। पेड जर्नलिज्म तो वास्तव में विज्ञापन का विकृत रूप है, जो अनैतिक है। विकासोन्मुखी पत्रकारिता को पी॰ आर॰ एक्सरसाईज मानना भी युक्तिसंगत नहीं होगा।

**प्रश्नः बहुत सारे पत्रकार मानते हैं कि आज के दौर का पत्रकार मूलतः डरा हुआ महसूस करता है। वह सत्ता के विरूद्ध (एंटी स्टैबिलशमेंट) समाचार लिखने का साहस नहीं जुटा पा रहा है। इसे आप किस रूप में देखते हैं?**

उत्तरः मेरी दृष्टि में आज का कोई भी पत्रकार डरा हुआ महसूस नहीं करता है। सत्ता पक्ष के विरूद्ध काफी खबरें लिखी जा रही हैं। यह कहना दुर्भाग्यपूर्ण होगा कि आज का पत्रकार डरा हुआ महसूस करता है। ऐसी स्थिति तो सन 1975 में थी, जब देश पर आपातकाल थोप दिया गया था। प्रेस की आवाज बंद कर दी गई थी। सैकड़ों पत्रकारों को जेलों की सीखचों में बंद कर दिया गया था।

# बस्तर, तेंदू पत्ता और माओवाद

*दक्षिण* बस्तर के दंतेवाड़ा में माओवादियों के कायराना हमले ने सबको झकझोर दिया है। आमतौर पर ऐसी वारदात सोझी समझी रणनीति के तहत तेंदूपत्ता सीजन में ही होती हैं। बस्तर का हर व्यक्ति यह जानता है कि माओवादियों की सक्रियता मार्च से जून तक बढ़ जाती है। चुनावी वर्ष में भी यह बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में रहते हैं। इसी अवधि में माओवादी टैक्टिकल काउंटर अफेंसिव कैंपेन अर्थात टीसीओसी चलाते हैं। इसी दौरान नए रंगरूटों को भर्ती किया जाता है। ऐसे हमलों का मकसद तेंदूपत्ता हितग्राहियों में दिल-दिमाग में खौफ पैदा करना होता है, जिससे वह पैसा देने में आनाकानी न करें। माओवादियों की यह मारकाट रंग लाती है। तेंदूपत्ता की तुड़ाई मई में शुरू हो जाती है। इसके लिए बस्तर में समितियों के गठन से लेकर अन्य तैयारियां शुरू हो गई हैं। माओवादियों की कमाई का बड़ा जरिया तेंदूपत्ता ही है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मात्र कांकेर जिले से माओवादी लगभग डेढ़ करोड़ रुपये (पुलिस खुफिया विभाग की रिपोर्ट) की वसूली करते हैं। यही वजह है कि माओवादी मार्च से ही दहशत फैलाने लगते हैं। इसका नतीजा यह होता है कि तेंदूपत्ता की तुड़ाई करने वाले आसानी से समितियों को उनका हिस्सा दे देते हैं। पिछली भाजपा सरकार ने तेंदूपत्ता तुड़ाई के पैसे देने की नियमावली में परिवर्तन किया था। सरकार सीधे हितग्राहियों के खाते में पैसा भेजने लगी थी। इससे माओवादियों को वसूली में परेशानी हुई। इसके बाद माओवादियों के इशारे पर बस्तर संभाग में आंदोलन शुरू हो गया। अब इसको समझिए, माओवादियों के ही इशारे आंदोलन भी होते हैं। जंगल से फरमान आता है और लोग न चाहते हुए भी बाहर निकलने को मजबूर हो जाते हैं। जब तक भाजपा की सरकार रही, उसने पैसा सीधे हितग्राही के खाते में डाला। रमन सिंह आंदोलन के आगे नहीं झुके। कांग्रेस की सरकार बनते ही इस पर पूर्णविराम लगा दिया गया। समितियों के माध्यम से ही पैसा दिया जाने लगा।

समितियों के माध्यम से पैसा देने से माओवादियों को यह फायदा होता है कि उन्हें सिर्फ समिति के पदाधिकारियों से मिलना होता है। वहां फरमान चला जाता है। वहां से हर हितग्राही के मेहनत के पैसे में 15 प्रतिशत तक की कटौती कर ली जाती है। बाद में यह पैसा (कटौती) माओवादियों तक पहुंचा दिया जाता है। इसे कांग्रेस या तो समझ नहीं पाई या समझते हुए भी माओवादियों के सामने दंडवत हो गई। सरकारें बार-बार कहती हैं कि माओवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है, लेकिन यह अर्द्धसत्य है। हकीकत तो यह है कि फोर्स सिर्फ गतिविधियों को दबाने की दवा मात्र है। यह वैसे ही है, जैसे मलेरिया की दवा कुनैन है। कुनैन से मलेरिया को खत्म तो किया जा सकता है, लेकिन मलेरिया कभी हो न, इसके लिए तो मच्छरों को खत्म करने के उपाय पर विचार करना होगा। माओवादियों की मौजूदगी की वर्तमान स्थिति के बारे में उनके सात नवंबर 2022 को जारी 27 पेज के पत्र से जाहिर होती है।

इसमें लिखा है कि 11 महीनों के अंदर (दिसंबर 2021 से नवंबर 2022 तक) देशभर में 132 माओवादी मारे गए। इसमें सबसे अधिक 89 दंडकारण्य क्षेत्र में मारे गए। माओवादियों का यह दंडकारण्य बस्तर संभाग, छत्तीसगढ़ के बार्डर महाराष्ट्र और तेलंगाना के बार्डर को मिलाकर बनाया गया है। माओवादी इसे एक डिवीजन दंडकारण्य संबोधित करते हैं। इस पत्र के मुताबिक पिछले 11 माह में उसके सेंट्रल रीजनल बल का एक, बिहार-झारखंड के 17, पश्चिम बंग का एक, तेलंगाना के 15, आंध्र प्रदेश में एक, ओडिशा के तीन, पश्चिम घाटियों में एक, महाराष्ट्र-मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में तीन माओवादी मारे गए। इसमें केंद्रीय कमेटी के सदस्य दीपक को बचाने में ही 27 माओवादी पारेवा मुठभेड़ में मारे गए। यहां महत्वपूर्ण है कि माओवादियों के समूल नाश के लिए केंद्र ने मई 2017 में पांच वर्ष की समय सीमा रखकर समाधान योजना प्रारंभ की थी। इस पत्र में ही लिखा है कि माओवादियों (2017 से) ने इस दौरान पूरे भारत में 1300 से अधिक गुरिल्ला कार्रवाई की। इसके माध्यम से पांच साल में 429 जवान शहीद हो गए। 966 जवान घायल हुए। इस दौरान 40 लोगों को माओवादियों ने मारा। 409 जन सामान्य की भी नृशंस हत्या कर दी गई। इनमें से ज्यादातर आदिवासी समाज के लोग हैं। 300 जगहों पर संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। एक साल में माओवादियों ने 200 बार दहशत फैलाई। इन घटनाओं में 31 जवान शहीद हुए। 154 जवान घायल हुए। 69 सामान्य लोगों को मार दिया गया। माओवाद की समस्या को आप इसी से समझ सकते हैं कि छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले का आमाबेड़ा क्षेत्र जिला मुख्यालय से महज 15 किलोमीटर की दूरी पर है। इस क्षेत्र में आज भी ऐसे गांव हैं, जहां के लोग हिंदी बोलना तो दूर छत्तीसगढ़ी भी नहीं बोल पाते। ऐसे में यह लोग अधिकारियों से अपने दर्द को कैसे बयां कर सकते हैं। ऐसे कई गांव हैं, जहां पर प्रशासन को पहुंचने में 12 से 15 घंटे लग जाते हैं। यहां सिर्फ किसी तरह साइकिल या बाइक ही जा सकती है। अधिकारियों की अकेले जाने की हिम्मत नहीं होती। यदि पूरी फोर्स वहां पहुंचती है तो हर कदम पर खतरा मंडरा रहा होता है। यहां पुलिस और माओवादियों में अंतर यह होता है कि माओवादियों के सचिव स्तर के पदाधिकारी के लिए अनिवार्य योग्यता ही चार भाषाओं का ज्ञान होना होती है। जिस क्षेत्र में उसकी नियुक्ति है, उस क्षेत्र की स्थानीय भाषा के साथ ही हिंदी और अंग्रेजी की जानकारी भी चाहिए। स्थानीय भाषा के जानकार होने से यह लोग स्थानीय लोगों के साथ आसानी से घुल-मिल जाते हैं। वहीं पुलिस को लोगों का दर्द समझने के लिए दुभाषिया की जरूरत होती। ऐसे में सवाल यह है कि पुलिस स्थानीय लोगों के साथ कैसे घुल-मिल सकती है। यह कहा जाता है कि जो दिखता है, वह हमेशा सच नहीं होता। यह बात माओवादी क्षेत्रों में सच साबित होती है। यही कारण है कि बाहर से उस क्षेत्र में जाकर खबर देने वाले पत्रकार भी कभी हकीकत को ठीक से उजागर नहीं कर पाते। इसका कारण है कि उनकी रिपोर्ट स्थानीय लोगों से बातचीत पर आधारित पर होती है। आप सोच सकते हैं कि जो (स्थानीय बाशिंदे) बंदूक की नाल पर हमेशा सांस ले रहा हो, वह कैसे सच बता सकता है। हकीकत यह होती है कि बाहर से जाने वाले पत्रकारों से बातचीत के समय 10 स्थानीय लोगों के बीच एक माओवादी जरूर होता है। उदाहरण के तौर पर आप उनसे पूछिये, क्या इस बीच माओवादी इस क्षेत्र में देखे गए हैं। उनका यही जवाब होता है, वर्षों से देखे नहीं गए, जबकि हकीकत है कि उस क्षेत्र में माओवादी रोज आते-जाते हैं। माओवादी क्षेत्र में रहने वाले लोगों के सामने एक तरफ खाई तो दूसरी तरफ पहाड़ है। दोनों के बीच हमेशा उनकी जिंदगी खतरे में पड़ी रहती है। यदि एक पुलिस वाला उनसे बात कर लेता है तो शक में माओवादी उन्हें मौत के घाट उतार देते हैं। कहते हैं, यह पुलिस का मुखबिर था। इधर पुलिस उन्हें हमेशा शक के दायरे में रखती है कि यह जनताना सरकार का सदस्य होगा और कई बार यह हकीकत भी होती है कि उन्हीं आम आदमियों के बीच माओवादियों का मुखबिर भी छिपा होता है, जिसे उस गांव के लोग भी नहीं जानते।

**■ उपेन्द्र नाथ राय**

**माओवादियों की यह मारकाट रंग लाती है। तेंदूपत्ता की तुड़ाई मई में शुरू हो जाती है। इसके लिए बस्तर में समितियों के गठन से लेकर अन्य तैयारियां शुरू हो गई हैं। माओवादियों की कमाई का बड़ा जरिया तेंदूपत्ता ही है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मात्र कांकेर जिले से माओवादी लगभग डेढ़ करोड़ रुपये (पुलिस खुफिया विभाग की रिपोर्ट) की वसूली करते हैं। यही वजह है कि माओवादी मार्च से ही दहशत फैलाने लगते हैं।**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# गर्मी में बच्चों को फास्ट फूड से रखें दूर



डॉ. राजीव रंजन

गर्मी में छोटे बच्चों को डिहाइड्रेशन बहुत जल्दी हो जाता है। जिससे अपने छोटे बच्चों को लेकर आपको परेशानियां झेलनी पड़ती है। इस लिए आपको उसे कड़ी धूप में घर से बाहर नहीं जाने देना चाहिए। शरीर में ज्यादा गर्मी लगने के कारण ही लू लगती हैं। ये बहुत ही गंभीर बीमारी है जिसके लिए, सावधानी बरतनी चाहिए। इसे रोकने के लिए बच्चे के शरीर पर ज्यादा कपड़े नहीं पहनाने चाहिए। बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए सबसे जरूरी है कि उन्हें हाइड्रेट करते रहें यानि बच्चों को ग्लुकोज के साथ पानी की भरपूर मात्रा दी जाए। स्कूल खुलने के बाद लगातार बच्चे बीमार पड़ रहे हैं, उल्टी, बुखार, दस्त जैसी समस्याएं लेकर बच्चे अस्पताल पहुंच रहे हैं। क्योंकि बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। उस समय बच्चों को इंफेक्शन होने का खतरा रहता है। ऐसे में माता पिता व बड़े बूढ़े को चाहिए की घर में





नारियल के पानी सहित फल व हरी सब्जियां बच्चों को दें ये उनके लिए काफी फायदेमंद रहते हैं। साथ ही बच्चों को कीटाणु से लड़ने में मददगार साबित होते हैं। अगर आपका बच्चा इन दिनों स्कूल नहीं जा रहा हैं तो उसकी एक डेली रुटीन बना लें ।आप उसे सही समय पर खाना खाने को दें। जिससे उसको सही आहार समय पर मिलता रहें अगर आपका बच्चा सवेरे जल्दी उठ जाता हैं तो उसे 8 से 9 के बीच में ब्रेकफास्ट दें। दिन का खाना एक से दो बजे के करीब दें और रात को करीब 9 बजे तक अपने बच्चे को खिला दें। गर्मियों में हो सके तो बच्चे को चिप्स, तेल से बनी हुई चीजें जैसे समोसे, पकौडे या जंक फूड पिज्जा,बर्गर खाने से रोकें। गर्मियों के दिनों में जब बच्चे बाहर खेलने जाते हैं और उसके बाद बाहर से तैलीय चीजे खा लेते



हैं जिसके बाद बच्चों को जी मिचलाने, उल्टी आदि की शिकायत हो जाती है। बच्चों को इन दिनों चावल, दाल, गन्ने का जूस, सलाद खाने के लिए दें। गर्मी के दिनों में बच्चों को लीची, आम, संतरे, तरबूज और जामुन के फल खाने को दें। साथ ही गर्मी के दिनों में बच्चों को लस्सी, फ्रूटशेंक्स पिलाएं। तपती धूप में नींबू पानी का सेवन काफी फायदेमंद रहता है। गर्मियों के मौसम में ये बच्चों को एनर्जी देने के साथ-साथ इम्यूनिटी बूस्ट करने में मदद करता है।तरबूज में 92 प्रतिशत पानी होता है, ये बच्चे के शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करता है। तरबूज के सेवन से पानी की कमी को दूर किया जा सकता है। गर्मियों के मौसम में बच्चे की डाइट में पुदीने का शरबत या फिर चटनी शामिल की जा सकती है। ये बच्चे के शरीर को ठंडा रखने में सहायता करेंगे।नारियल पानी बच्चे की बॉडी को हाइड्रेट रखने में मदद करता है। इसका सेवन करने से शरीर में ठंडक बनी रहेगी।बाहर से किसी भी तरह का तरल पदार्थ ना खरीदे और न पीने दें। क्यों कि गर्मी में जितने छोटे बच्चे इलाज के लिए आ रहे हैं इसमें पानी की कमी देखी जा रही है।क्यों कि गर्मी में स्कूल खुलने के बाद बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। बच्चों को पानी पिलाते रहें। उन्हें प्यास लगे या ना लगे पानी की मात्रा हमेशा लेनी है। अभी लगातार अभिभावक बच्चों को अस्पताल लेकर आ रहे हैं, जिसमें से 90 प्रतिशत मामले सिर्फ पानी के कमी को लेकर है। बच्चों को बाहर का भोजन खिलाने में हमेशा कोई बुराई नहीं है। लेकिन यह देखना होगा कि यह भोजन हाइजेनिक हो, साफ जगह पर बना हो और भोजन पकाने में उच्च क्वालिटी के सामग्री का उपयोग किया गया हो। लेकिन अधिकतर मामलों में यह संभव नहीं हो पाता। इसलिए बच्चों को घर का ही भोजन देना सही होता है। साथ ही उन्हें फास्ट फूड से दूरी बनाए रखनी चाहिए। दूध दही की मात्रा भोजन में बढ़ानी चाहिए।

# हर रोज पिलायें ग्लूकोज पानी



लाली राज
डायरेक्टर तृष्या क्लीनिक

गर्मी वर्ष का सबसे गर्म मौसम होता है हालांकि, बच्चों के लिए बहुत ही रुचि पूर्ण और मनोरंजक मौसम है। लेकिन माता पिता के लिए बच्चों को संभालना मुश्किल हो जाता है। क्योंकि उन्हें अपने बच्चों को बीमार पड़ने का खतरा सताते रहता है। क्यों कि बच्चे खेलने के दौरान सबकुछ भूल जाते हैं। खेलने के दौरान न तो उन्हें गर्मी लगती है और न ही थकान होती है। मौसम को ध्यान में देखते हुऐ तृष्या क्लीनिक के डायरेक्टर लाली राज ने कहा है कि इस गर्मी के मौसम में बच्चा तेज धूप या लू के समय न खेले। शाम होने पर ही बच्चे को बाहर जाने दें। दिन में उसे इन्डोर गेम खेलने के लिए कहें। लेकिन सूरज की गर्मी और ताप उनके लिए खतरनाक साबित हो सकता है। साथ ही इस क्लीनिक में कार्यकर्ता डॉ. राजेश कुमार व डॉ. पीके शर्मा ने बताया की बच्चे गर्मी में कई बीमारियों के होने का खतरा बना रहता है। हम और आपके द्वारा बच्चे के खेलने-कूदने से रोक नहीं सकते। इस गर्मी के मौसम में बच्चे को ध्यान देना भी बहुत मुश्किल काम है। हमें गर्मी की उमस से बचने के लिए ठंडे पदार्थों का सेवन करना चाहिए। कोशिश करें कि बच्चा बाहर की कोई चीज न खाएं। डी-हाइड्रेशन से बचाने के लिए बच्चों को ज्यादा से ज्यादा लिक्विड दें। उन्हें घर में ही बना जूस, नीबू पानी या फिर नारियल पानी पीने को दें। बच्चे को छाछ, ताजे फलों का रस, मिल्क शेक भी दे सकते हैं। इसके अलावा खीरा, ककड़ी और तरबूज भी खाने को दे सकते हैं। इनके सेवन से बच्चे के शरीर में पानी की कमी नहीं होगी। बच्चों को पूरे मौसम में स्वस्थ और तंदुरुस्त रहने के लिए बहुत सी सावधानियां रखनी चाहिए। आप चाहें तो इन उपायों को अपनाकर आप अपने बच्चों को सुरक्षित रख सकते हैं। गर्मी में पानी की मात्रा शरीर में कम हो जाती हैं।



इसलिए गर्मी में बच्चों को ज्यादा से ज्यादा ओआरएस पानी पीने के लिए कहें। हो सके तो शाम के समय बच्चों को खेलने और बाहर घुमाने के लिए समुद्र व नदी के किनारे ले जाएं. जहां ज्यादा भीड़ ना हों। अगर समुद्र नहीं हैं तो केवल घर से बाहर खेलने के लिए ले जाएं। इन दिनों में बच्चों को दिन में दो बार नहाने की आदत डलवाएं। बच्चे को सूती कपड़े ही पहनाएं और कपड़ों को रोजाना बदलें। कहीं बाहर से आने पर उसके हाथ पैर अच्छी तरह से साबुन से साफ करवाएं। ऐसा करने से संक्रमण का खतरा कम हो जाएगा। मौसम का ध्यान रखते हुए सर्द-गर्म का ख्याल रखें। अगर बच्चे धूप में खेलकर वापस आएं तो कूलर के सामने न बैठने दें और तुरंत ही ठंडा पानी भी न दें। गर्मी के मौसम में कंजक्टिवाइटिस होने का खतरा भी बढ़ जाता है। ग्रीष्म ऋतु साल का सबसे गर्म मौसम होता है, जिसमें दिन के समय बाहर जाना काफी मुश्किल होता है। इस समय बच्चे को गर्मियों में सुबह स्कूल जाना पड़ रहा है। इस मौसम में धूल से भरी हुई, शुष्क और गर्म हवा पूरे दिन भर चलती रहती है। कभी-कभी लोग अधिक गरमी के कारण हीट-स्ट्रोक, पानी की कमी, डायरिया, हैजा, और अन्य स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से भी प्रभावित हो जाते हैं। ग्रीष्म ऋतु साल की चार ऋतुओं में से एक ऋतु है। साल का सबसे गर्म मौसम होने के बावजूद बच्चे इसे सबसे अधिक पसंद करते हैं, क्योंकि इस दौरान उन्हें बहुत तरीकों से मस्ती करने का समय तथा गर्मी की छुट्टियों का आनंद लेने का अवसर मिलता है। ग्रीष्म ऋतु पृथ्वी के घूर्णन अक्ष के सूर्य की ओर होने के कारण होती है। गर्मी का मौसम बहुत ही शुष्क और गर्म और बरसात का मौसम लाता है। कुछ स्थानों पर, गर्मी के दौरान वसंत ऋतु में तूफान और बवंडर बहुत ही आम बात है। इस लिए बच्चे को भी घर में रखना भी बहुत मुश्किल होता है। इस मौसम में कई लोग गर्म जगहों को छोड़ ठंडी जगहों पर घूमने जाते है। गर्मी ज्यादा होने की वजह से लोग कई बार नहाना चाहते है। और ठंडी तरल पदार्थों का सेवन करना चाहते है। बार-बार पानी पीने पर भी प्यास नहीं बुझती है। लू इतनी तेज और जानलेवा होती है कि लोगों को घर से बाहर निकलने का मन ही नहीं करता है। इस मौसम में घर से बाहर कदम रखना बहुत ही कष्टदायक हो जाता है। ऐसे मौसम में गुजारा करना मुश्किल हो जाता है बिना कूलर के गुजारा नहीं हो पाता है। ये साल के सबसे लम्बे और गर्म हवाओं से युक्त दिन होते हैं। इन दिनों में हमें अपने पसंदीदा फल व हरी सब्जियां खाने चाहिए।

❖ ओपी

# गर्मी बच्चों के लिए असहनीय

गर्मी के मौसम में बच्चों की पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है। इस दौरान बच्चों को डायरिया, लू लगने, पेट में जलन होने, उल्टी होने, पीलिया होने, टाइफाइड होने की आशंका बढ़ जाती है। लेकिन शहरी क्षेत्रों में गर्मी का आनंद बच्चे मौज मस्ती के साथ कुछ दूसरे तरीके से लेते हैं। वहीं गर्मी ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए असहनीय होती है। शहरी क्षेत्रों में रहने वाले बहुत से लोग बहुत अधिक गर्मी को नहीं सहन कर पाते हैं, जिसके कारण वे गर्मी की छुट्टियों में अपने बच्चों के साथ समुद्र तटीय स्थानों, पहाड़ी क्षेत्रों, ठंडे स्थानों पर कैम्पों या पिकनिक के लिए जाते हैं। इस दौरान वे तैराकी, गर्मी के मौसमी फलों को खाने और ठंडे पेय पदार्थों का आनंद लेते हैं। कुछ लोगों के लिए, गर्मियों का मौसम अच्छा होता है, क्योंकि वे उन दिनों में ठंडे स्थानों पर मनोरंजन और मस्ती करते हैं।



हालांकि यह मौसम गरमी से राहत पाने वाले संसाधनों की कमी के कारण, ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बच्चे के लिए असहनीय होता है। कुछ स्थानों पर, लोग अपने क्षेत्रों में पानी की बहुत अधिक किल्लत या कमी से पीड़ित होते हैं और उन्हें बहुत अधिक दूरी तक पानी को लेकर जाना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में अपने बच्चों को गर्मी का आनंद देना उनके लिए सपना देखने के बराबर होता है। वही शहरी क्षेत्रों के बच्चों के लिए यह मौसम बहुत अच्छा होता है। क्योंकि उन्हें गर्मियों की छुट्टियों के रुप में अपने घर में परिवार के साथ मस्ती के लिए, किसी ठंडे स्थान पर घूमने के लिए, तैराकी का आनंद लेने के लिए, मौसमी फलों के साथ आइस-क्रीम का आनंद लेने के लिए एक महीने 15 दिन का समय मिलता है। आमतौर पर, लोग सूरज निकलने से पहले टहलने के लिए जाते हैं, क्योंकि इस दौरान उन्हें ठंडक, शान्ति और ताजी हवा का आनंद लेने का अवसर मिलता है। हमें पूरा ख्याल रखना चाहिए की इस कड़ाके की गर्मी में घर में आए लोगों को पानी पीने के लिए या पानी देने के लिए कोताही नहीं करनी चाहिए। हमें लोगों से विशेष रुप से वस्तु विक्रेता, डाकिया, आदि से पानी के लिए अवश्य पूछना चाहिए। हमें गर्मियों के मौसम में ठंडक प्रदान करने वाले संसाधनों का प्रयोग करना चाहिए। हमें बिजली और पानी बर्बाद नहीं करना चाहिए। हमें अपने आस-पास के क्षेत्रों में अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए और गर्मी को कम करने के लिए उन्हें नियमित रुप से पानी देना चाहिए। ग्रीष्म ऋतु में बहुत ही ज्यादा गर्मी होती है, गरम तेज हवाएं चलती है जिसे लू का नाम दिया गया है। जमीन, दीवारें, घर हवा आदि सब गर्म होते हैं। सूर्य के भीषण गर्मी से तलाब, नदियां सूखने लगते है, पानी की कमी होने लगती है। पशु पक्षी को पानी और भोजन नहीं मिल पता और इस झुलसती आग में त्राहि-त्राहि कर उठते हैं। पशु-पक्षी और निर्धन लोग इस भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए पेड़ों कि छांव ढूँढते हैं। लोग अपने घरों में बैठे पंखों एवं ठंडे पेय जल जैसे शरबत, लस्सी, रसना का आनन्द लेते हैं । धनी लोग या तो इन दिनों ठंडी जगहों पर चले जाते हैं या वातानुकूलित भवनों में निवास करते हैं।

❖ रिया कुमारी

# बच्चों के लिए रिकॉर्ड तोड़ गर्मी नया खतरा...

गर्मियों में बच्चों को स्कूल जाने से पहले दूध और परांठा खिलाएं। लंच पैक करके दें ताकि बच्चा स्कूल में जंक फूड ना खाएं। अगर आपका बच्चा इन दिनों स्कूल नहीं जा रहा हैं तो उसका एक डेली रुटीन बना लें।आप उसे सही समय पर खाना खाने को दें। जिससे उसको सही आहार समय पर मिलता रहें। अगर आपका बच्चा सवेरे जल्दी उठ जाता हैं तो ब्रेकफास्ट समय पर दें। दिन का खाना एक से दो बजे के करीब दें और रात को करीब 9 बजे तक खाना खिला दें। गर्मी का मौसम शुरू होते ही कई तरह की परेशानियां होने लगती हैं। ऐसे में तपती धूप जिनता असर बड़ों पर करती है उससे कहीं ज्यादा बच्चों पर करती है। तेज धूप बच्चों में गर्मी और लू जैसी समस्याएं पैदा कर सकती है। बच्चे रोजाना सुबह स्कूल जाते हैं। जिसके बाद प्रार्थना सभा और खेल के ग्राउंड में धूप बच्चों को अपनी चपेट में ले लेती है। ऐसे में बच्चों को लू लगने की संभावना ज्यादा हो जाती है। कोरोना काल के लम्बें समय बाद बच्चों ने अब स्कूल जाना शुरू किया है। महामारी के कारण देश में 2 साल तक ऑनलाइन क्लासेस अटेंड करने के बाद अब एक बार फिर स्कूल में वापस जाना और दोस्तों से मिलना बच्चों के लिए अच्छी बात है, लेकिन बच्चों के लिए रिकॉर्ड तोड़ गर्मी नया खतरा पैदा कर रही है। जैसे-जैसे तापमान हर गुजरते दिन के साथ बढ़ रहा है, वैसे-वैसे कुछ मिनटों के लिए भी बाहर कदम रखना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में बच्चों की देखभाल करना बेहद जरूरी हो गया है।आपके बच्चे बाहर खेलने या घूमने पर जोर दे सकते हैं। इसलिए दोपहर के समय उनकी बाहरी गतिविधियों को सीमित करने का प्रयास करना चाहिए। उन्हें घर पर खेलने के लिए कहें या बाहर मौसम ठंडा होने तक इंतजार करने के लिए कहें। गर्मी के मौसम में सुबह 10 से शाम 5 बजे के बीच धूप सबसे तेज होती है। शाम 5 बजे के बाद मौसम थोड़ा बेहतर हो जाता है और लू से जुड़ा जोखिम भी कम होता है। अगर आपके बच्चे बाहर निकलने की जिद करते हैं, तो उन्हें शाम को ही जाने दें।



मौसम को ध्यान में रखते हुए बच्चे को रोजाना ताजा और हल्का खाना खिलाएं। फैटी, बासी और तला हुआ खाने से दस्त और उल्टी हो सकती है। बच्चों के भोजन में मौसमी, ताजे फल और हरी सब्जियां शामिल करें। मौसमी उत्पाद उन्हें हाइड्रेटेड रख सकते हैं और उनकी इम्यूनिटी भी बढ़ाते हैं। तमाम सावधानियों के बाद भी आप लू की संभावना से इनकार नहीं कर सकते। इसलिए लू के लक्षणों को जानना जरूरी है, ताकि आप किसी भी परेशानी से बचने के लिए सही समय पर एक्शन ले सकें। लू के कॉमन लक्षणों में बहुत ज्यादा पसीना आना, पीलापन, मांसपेशियों में ऐंठन, थकान, दुर्बलता, चक्कर आना, सिरदर्द, उलटी शामिल हैं।

❖ गुड्डू कुमार

# छुट्टियों में रखें सेहत का ध्यान

गर्मियों में बच्चों को समर कैंप, तैराकी करने, पहाड़ी क्षेत्रों में जाने, आइस-क्रीम खाने, लस्सी पीने, पसंदीदा फल खाने आदि का मौका मिलता है। वे गर्मी के मौसम में स्कूल की छुट्टियों का इन्तजार करते हैं। यह चार ऋतुओं में से एक है, जो वसंत और पतझड़ के बीच में आती है। बच्चों की देखभाल करना आसान काम नहीं। खासकर गर्मी के दिनों में बेबी केयर करना बेहद जरूरी है। इस मौसम में की गई लापरवाही बच्चे को बीमार बना सकती है। इतना ही नहीं इस मौसम में बच्चों को लू लगने का भी डर रहता है। बच्चे तो इन सब चीजों से बेपरवाह होकर खेलना-कूदना और मौज-मस्ती करना जानते हैं। गर्मी के मौसम में बच्चे बहुत ज्यादा बीमार पड़ते हैं। इस दौरान की गई जरा सी भी चूक भारी पड़ सकती है। अगर गर्मी की छुट्टियों का भरपूर आनंद लेना है तो बच्चों की सेहत का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। बच्चों को केवल बाहर निकलने से नहीं बल्कि घर के अंदर भी लू लग सकती है। तेज गर्म हवाएं बच्चे की सेहत बिगाड़ सकती हैं। इस कारण बच्चों को घर के बाहर ले जाने या घर के भीतर बहुत ही सावधानी से रखना होगा। इसके बाद ही उनको बीमार पड़ने से बचाया जा सकता है।किसी वजह से बच्चे को धूप में बाहर लेकर निकलने से पहले छाता, नॉर्मल वाटर आदि रख लें। इसके अलावा यदि बच्चा स्कूल जाता है तो उसे बस, रिक्शा, कार से ही भेजना सही होगा। स्कूल की छुट्टी के बाद बच्चे अक्सर खेलने-कूदने भाग जाते हैं, इसलिए छुट्टी के समय उनको लेने खुद जाएं। बच्चों को संतुलित आहार देना बहुत जरूरी होता है। बच्चों का इम्युनिटी सिस्टम कमजोर होता है, उस समय बच्चों को इंफेक्शन होने का खतरा भी बढ़ जाता है। छोटे बच्चों को डिहाइड्रेशन बहुत जल्दी हो जाता है। तो बच्चे को ज्यादा पानी पिलाएं और फल खिला सकते हैं। गर्मी में बच्चों को ज्यादा से ज्यादा पानी पिलाएं। गर्मी के दिनों में लीची, आम, संतरे, तरबूज जैसे फल सेहत के साथी होते हैं। उसको सही आहार सही समय पर ही दें।अगर इस मौसम में बच्चा बीमार पड़े तो उसे तुरंत डॉक्टर से दिखाएं। चिकित्सक की बिना सलाह लिए किसी प्रकार की दवाई ना दें। एक पिता माता होने के नाते आप भी इस तरह बच्चे का ख्याल रख सकते हैं। क्यों कि हमारे यहां मुख्य रुप से चार मौसम होते हैं गर्मी का मौसम उसमें से एक



है। यह बहुत ही गर्म मौसम होता है, परन्तु कई लोगों के द्वारा इसे काफी पसंद किया जाता है। यह चार महीनों के लिए होता है (मार्च, अप्रैल, मई और जून), हालांकि, मई और जून सबसे अधिक गर्मी वाले महीने होते हैं। गरमी का मौसम पृथ्वी के सूर्य के चारों ओर घूमने के कारण होता है। इस प्रक्रिया के दौरान, जब पृथ्वी का भाग सूर्य के करीब आता है, तो वह भाग गर्म हो जाता है, जो गर्मियों का मौसम लाता है। इस मौसम में, दिन लम्बे होते हैं और रातें छोटी हो जाती है। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि मनुष्य ईश्वर द्वारा निर्मित सबसे बुद्धिमान प्राणी है। इसलिए हमें गर्मी के मौसम में हमेशा सकरात्मक सोच रखनी चाहिए। हमें गर्मी के सभी आरामदायक संसाधनों के द्वारा इस मौसम का आनंद लेना चाहिए, हालांकि हमें इनका उपयोग संयमित रुप से करना चाहिए। क्योंकि हमारी पृथ्वी पर साफ पानी बहुत ही अल्प मात्रा में उपलब्ध हैं। इसलिए यह हम सबका का दायित्व है कि हम अपने संसाधनों की रक्षा करते हुए गर्मी के इस मौसम को अपने लिए और भी आनंदकारी बनाने का प्रयास करें। गर्मी में लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है जैसे कि पसीने से लथपथ होना, लू लगना, शरीर में पानी की कमी हो जाना आदि। गर्मी के मौसम में लोगों का बाहर आना जाना बहुत ही कम हो जाता है। क्योंकि जैसे-जैसे दिन बढ़ता जाता है तामपान भी वैसे-वैसे ही बढ़ता जाता है। इस मौसम में होने वाली भयावह गर्मी के कारण लोगं काम करने से भी कतराते हैं। जो लोग ठंड के दिन में एक बार भी नहीं नहाते उनको ये गर्मी के दिन चार-पांच बार नहाने पर मजबूर कर देते हैं। अब तो आप समझ ही गए होंगे ये गर्मी हमसे क्या-क्या नहीं करती।

❖ वेद प्रकाश

संकलन : ओम प्रकाश प्रजापति




# पीएम से कोई उम्मीद नहीं : प्रियंका

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस महा सचिव प्रियंका गांधी वाड्रा जंतर मंतर पर भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृज भूषन शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पहलवानों से शनिवार को मिलीं। देश के शीर्ष पहलवान रविवार से प्रदर्शन कर रहे हैं और उनकी मांग है कि यौन शोषण के आरोपों को लेकर बृज भूषण को अध्यक्ष पद से हटाया जाए और उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की जाए। प्रियंका गांधी ने केंद्र पर बृज भूषण को बचाने का आरोप लगाया। पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, जब ये लड़कियां पदक जीतती हैं तो हर कोई ट्वीट करता है और कहता है कि ये देश का गौरव हैं। लेकिन जब ये सड़क के किनारे बैठी हैं और सुनवाई की मांग कर रही हैं तो कोई उनकी बात सुनने को तैयार नहीं है। यदि एफआईआर दर्ज की गयी है तो उसकी कॉपी उनके साथ साझा की जानी चाहिए। प्रियंका ने कहा, मुझे प्रधानमंत्री से कोई उम्मीद नहीं है। यदि उन्हें पहलवानों के बारे में कोई चिंता होती तो वह कम से कम उन्हें बुलाते और उनसे बात करते। वह उन्हें चाय पर बुलाते थे जब ये पदक जीतती थीं। इसलिए उन्हें बुलाइये, उनसे बात कीजिये क्योंकि ये हमारी लड़कियां हैं। उन्होंने कहा, इस व्यक्ति के खिलाफ गंभीर आरोप हैं। उन्हें पहले इस्तीफा देना चाहिए और पद से हटा देना चाहिए। जब तक वह पद पर हैं वह दबाव बनाते रहेंगे और लोगों का करियर नष्ट करते रहेंगे।

कांग्रेस नेता ने कहा, यदि वह व्यक्ति पद पर रहता है जिसके जरिये वह पहलवानों का करियर तबाह कर सकता है, उन्हें परेशान कर सकता है और उन पर दबाव बना सकता है, तो फिर एफआईआर और जांच का क्या मतलब है। महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों के सिलसिले में दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को भारतीय कुश्ती महासंघ के कोचों और उसके अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की। दिल्ली के पुलिस उपायुक्त प्रणव तायल ने बताया कि महिला पहलवानों से मिली शिकायतों के मामले में कनॉट प्लेस थाने में दो प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उन्होंने कहा, पहला मामला एक नाबालिग पीड़िता द्वारा लगाए गए आरोपों से संबंधित है, जो पॉक्सो अधिनियम के तहत प्रासंगिक आईपीसी की धाराओं के साथ-साथ मॉडेस्टी (लज्जा भंग) आदि के अपमान से संबंधित है। दूसरी प्राथमिकी अन्य, वयस्क शिकायतकर्ताओं द्वारा लज्जा भंग आदि से संबंधित धाराओं के तहत की गई शिकायतों की व्यापक जांच करने के लिए दर्ज की गई है। डीसीपी ने कहा कि दोनों एफआईआर की जांच सही तरीके से की जा रही है।



## डब्ल्यूएफआई प्रमुख पर यौन शोषण का आरोप लगाने वाले पहलवानों को दिल्ली पुलिस मुहैया कराएगी सुरक्षा

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शोषण का आरोप लगाने वाले एक नाबालिग समेत सात पहलवानों को दिल्ली पुलिस सुरक्षा मुहैया कराएगी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हम पहलवानों को सुरक्षा मुहैया कराएंगे और जल्द ही उनके बयान दर्ज कराएंगे। शनिवार को सिंह के खिलाफ दर्ज दो एफआईआर में से एक की कॉपी पहलवानों को सौंपी गई, जो यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे हैं। पुलिस ने कहा कि हालांकि, यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दर्ज अन्य प्राथमिकी की प्रति पहलवानों को नहीं दी गई है, इसे पीड़ित परिवार को सौंप दिया जाएगा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि वे जल्द ही पीड़ितों के बयान दर्ज करेंगे।



## यदि मैंने इस्तीफा दिया तो इसका मतलब होगा कि मैंने उनके आरोपों को स्वीकार कर लिया है : बृजभूषण

भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने शनिवार को स्पष्ट रूप से कहा कि वह इस्तीफा नहीं देंगे क्योंकि इस्तीफा देने का मतलब होगा कि उन्होंने उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों को स्वीकार कर लिया है। शुक्रवार शाम को दिल्ली पुलिस ने महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन शोषण के आरोपों को लेकर बृजभूषण के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की थीं। बृजभूषण ने पत्रकारों से कहा, इस्तीफा देना कोई बड़ा मुद्दा नहीं है लेकिन मैं अपराधी नहीं हूं। यदि मैंने इस्तीफा दिया तो इसका मतलब होगा कि मैंने पहलवानों के आरोपों को स्वीकार कर लिया है। मेरा कार्यकाल लगभग समाप्त (अगले महीने) हो गया है। सरकार ने तीन सदस्यीय समिति गठित की है और चुनाव 45 दिनों में होंगे। मेरा कार्यकाल चुनावों के बाद समाप्त हो जाएगा।

फोटो ऑफ द डे



शनिवार को चेन्नई में ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी में पासिंग आउट परेड के दौरान कैडेट मार्च पास्ट करते हुए। (फोटोः आईएएनएस)

### आलोचनाओं से घिरे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा

# आनंद मोहन की रिहाई नियमानुसार हुई



**एजेंसी। पटना**

आईएएस अधिकारी की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आनंद मोहन सिंह की रिहाई को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दावा किया कि यह फैसला केंद्र के 'मॉडल जेल मैनुअल 2016' पर आधारित है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार शाम पटना में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह बयान दिया। अपने साथ रखी एक किताब का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, यह मॉडल जेल मैनुअल 2016 की किताब है। कृपया इसे पढ़ें और मुझे बताएं कि क्या कोई प्रावधान कहता है कि अगर कोई आईएएस अधिकारी मारा जाता है, तो दोषी को अपने पूरे जीवन जेल में रहना होगा। देश के किसी भी राज्य में ऐसा कोई कानून नहीं है।

## अश्विनी चौबे ने कहा- आनंद मोहन की रिहाई पर कोई आपत्ति नहीं है

**बिहार** सरकार की नीतीश कुमार सरकार भले ही बाहुबली-सह-राजनीतिज्ञ आनंद मोहन सिंह की रिहाई को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रही हो, लेकिन भाजपा नेताओं की इस पर अलग राय है। इसके उच्च जाति के नेता सरकार के फैसले के पक्ष में हैं, जबकि ओबीसी वर्ग से जुड़े कुछ अन्य लोगों के अलग विचार हैं। शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने दावा किया कि नीतीश कुमार और ललन सिंह ने लालू प्रसाद यादव के खिलाफ साजिश रची और उन्हें जेल भेजा।

## दावा : बीजेपी ने पहले सिंह को रिहा करने की वकालत की, अब विरोध

**आनंद** मोहन सिंह की रिहाई पर राजनीति चरम पर है, बिहार के मंत्री और जदयू नेता अशोक चौधरी ने शुक्रवार को भाजपा नेताओं पर अपनी सुविधा के अनुसार इस मुद्दे पर अपना रुख बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने आनंद मोहन की रिहाई की वकालत करते हुए कहा कि अगर पूर्व पीएम राजीव गांधी की हत्या के दोषियों को रिहा किया जा सकता है, तो आनंद मोहन को रिहा करने में क्या समस्या है।

## मरहूम कृष्णैय्या की पत्नी सुप्रीम कोर्ट गईं

**दिवंगत** आईएएस जी कृष्णैय्या की पत्नी उमा कृष्णैय्या ने बाहुबली और पूर्व सांसद आनंद मोहन की रिहाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने कोर्ट में याचिका दायर की। उन्होंने आनंद मोहन को फिर से जेल भेजने की मांग की है। उनका कहना है कि दिवंगत आईएएस अधिकारी और गोपालगंज के तत्कालीन डीएम की हत्या में आनंद मोहन को पहले फांसी की सजा हुई थी। बाद में इसे आजीवन कारावास कर दिया गया लेकिन नीतीश सरकार ने राजपूत वोट बैंक के लिए आनंद मोहन को रिहा कर दिया।

# केंद्र रामनवमी की तरह जानकी नवमी पर करे अवकाश : संजय

**आरएनएम। नई दिल्ली**



बिहार सरकार के जल संसाधन मंत्री संजय झा ने केंद्र सरकार से मांग की है कि जिस प्रकार बिहार सरकार ने जानकी नवमी पर छुट्टी की घोषणा की है उसी प्रकार राष्ट्रीय स्तर पर भी छुट्टी की घोषणा हो। संजय झा ने कहा कि देश में जिस भव्यता के साथ मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम जी का जन्मोत्सव मनाया जाता रहा है, उनकी प्राणप्रिया, जनकसुता, जग जननी माता जानकी जी के प्राकट्योत्सव पर्व की उतनी चर्चा नहीं होती। आखिर ऐसा क्यों है? संजय झा ने कहा कि ऐसा माना जाता है कि 'जानकी नवमी' के दिन ही मिथिला नरेश राजा जनक द्वारा प्रजा के कल्याण के लिए सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में हल चलाते समय मिथिला की धिया, माता सीता धरती से प्रकट हुई थीं। धार्मिक गाथाओं में भगवती सीता को सौभाग्य की देवी और माता लक्ष्मी का अवतार भी कहा गया है। शक्ति, सेवा, संयम, सद्भाव एवं समर्पण से परिपूर्ण माता सीता का जीवन संपूर्ण मानव जाति के लिए प्रेरणा का स्रोत है। संजय झा ने कहा कि जीवन की विभिन्न चुनौतियों का उन्होंने जिस साहस, संयम और सहनशीलता के साथ सामना किया, उसकी मिसाल युगों-युगों तक दी जाती रहेगी।

## भड़की हिंसा के मामले में भाजपा के पूर्व विधायक गिरफ्तार

**सासाराम।** जिले में रामनवमी पर्व के अवसर पर हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने आरोपी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद को शुक्रवार की रात गिरफ्तार किया है। पूर्व विधायक पर हिंसा भड़काने का आरोप है। रोहतास पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि सासाराम शहर में सांप्रदायिक उपद्रव के मामले में पुलिस ने जवाहर प्रसाद और मोहम्मद शाहनवाज आलम उर्फ लखानी को शुक्रवार की रात गिरफ्तार किया गया है। इधर, पूर्व विधायक के समर्थकों का आरोप है कि सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन बेवजह भाजपा के लोगों को परेशान कर रही है।

# मुख्तार अंसारी को 10 साल की सजा, 5 लाख जुर्माना

**एजेंसी। गाजीपुर**

गाजीपुर के एमपी/एमएलए कोर्ट ने शनिवार को गैंगस्टर एक्ट के तहत मुख्तार अंसारी को 10 साल की सजा सुनायी। साथ ही पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यूपी के बहुचर्चित कृष्णानंद राय हत्याकांड और व्यापारी नंदकिशोर रूंगटा अपहरण के बाद मुख्तार और अफजाल पर गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज किया गया था। इस मामले में 2007 में गैंगेस्टर एक्ट के तहत अफजाल अंसारी, उनके भाई माफिया डॉन मुख्तार अंसारी और बहनोई एजाजुल हक पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। एजाजुल हक का देहांत हो चुका है। इस मामले में 1 अप्रैल को सुनवाई पूरी हो गई थी। पहले इस मामले में पहले 15 अप्रैल को फैसला आना था, लेकिन बाद में तारीख को बढ़ाकर 29 अप्रैल कर दिया गया था। 29 नवंबर 2005 को गाजीपुर के भांवरकोल थाना अंतर्गत सियाड़ी गांव में भाजपा विधायक कृष्णानंद राय सहित सात लोगों पर एके-47 जैसे अत्याधुनिक असलहों से लगभग 400 राउंड से ज्यादा फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी गई थी। सातों लोगों का शव पोस्टमार्टम के लिए बीएचयू लाया जाने लगा तो भाजपा विधायक के समर्थक उग्र हो गए थे और जगह-जगह तोड़फोड़ व हिंसा की गई थी।




## मैं 'इमली' में कई चीजें पहली बार कर रही हूं : मेघा चक्रवर्ती



**एक्ट्रेस** मेघा चक्रवर्ती लोकप्रिय शो 'इमली' का हिस्सा बनकर उत्साहित हैं, खासकर अब जब शो ने पांच साल का लीप ले लिया है। एक्ट्रेस ने अपने किरदार में आने वाली चुनौतियों और नए मोड़ के बारे में बात की। उन्होंने कहा, जब शो में लीप आता है तो कहानी में ताजगी आ जाती है। इमली और अथर्व (करण वोहरा) की जिंदगी में कई बदलाव आते हैं। वे दोनों अलग हो गए हैं और इमली को नहीं पता कि अथर्व जिंदा है। दूसरी ओर, अथर्व सब कुछ जानता है, लेकिन गुस्से में है और चीनी (सीरत कपूर) के साथ अकेला रह रहा है। इस बार की कहानी होगी कि वे कैसे मिलते हैं और इमली की क्या प्रतिक्रिया होती है जब उसे पता चलता है कि अथर्व चीनी के साथ रह रहा है।

## डांस के बारे में बोले ऋतिक रोशन, 'मैं पार्टनर वर्क में बहुत खराब रहा हूं'



**बॉलीवुड** स्टार ऋतिक रोशन ने डांसिंग स्टाइल के बारे में बात की, जिसे वह सीखना चाहते हैं और कहा कि यह पार्टनर वर्क है, जिसमें वह बहुत खराब हैं। ऋतिक ने कहा, मैं पार्टनर वर्क में बहुत खराब रहा हूं। जब मैं आराम महसूस करता हूं, तब सिर्फ मैं होता हूं, लेकिन जब पार्टनर वर्क होता है, तो एक निश्चित तालमेल और समन्वय होता है, इसमें सुंदरता होती है। मैं इसे कभी हासिल नहीं कर पाया। मैं बैले से बहुत प्रभावित हूं। मुझे गुजारिश में डांस फॉर्म में ट्रेनिंग लेने का अवसर मिला और यह एक अविश्वसनीय अनुभव था। यह एक गेंद की तरह था और मैं गेंद को पकड़ कर घुमा रहा था। टेक के दौरान, मैं तीन टर्न नहीं ले पाया।

## कीर्ति नागपुरे को पढ़ना पसंद है, हैरी पॉटर, गेम ऑफ थ्रोन्स की हैं फैन

**टेलीविजन** एक्टर कीर्ति नागपुरे, जो इन दिनों 'प्यार का पहला नाम राधा मोहन' शो में नजर आ रही हैं, ने किताबें पढ़ने के अपने इंटरेस्ट के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि वह शूटिंग के दौरान भी अपनी हॉबी के लिए समय निकाल लेती हैं। वह जे.के. रॉलिंग के हैरी पॉटर सीरीज की फैन हैं। उन्होंने कहा, बचपन से ही मुझे किताबें पढ़ना पसंद है। मैं फिक्शन और माइथोलॉजी पढ़ना पसंद करती हूं। मुझे सच्ची कहानियों पर आधारित नोवेल पढ़ना अच्छा लगता है। इंटरेस्टिंग किताब पढ़कर मुझे खुशी होती है और मैं स्ट्रेस फ्री महसूस करती हूं, भले ही मेरा शूटिंग का शिड्यूल कितना भी व्यस्त क्यों न हो। कभी-कभी मैं टेक के बीच में भी कुछ पन्नो पढ़ लेती हूं। बहुत कम लोगों को पता है कि मैं हैरी पॉटर की बहुत बड़ी फैन हूं। उन्होंने कहा, मैंने हैरी पॉटर सीरीज और गेम ऑफ थ्रोन सीरीज की सभी किताबें पढ़ी हैं। किताबों के प्रति प्रेम मुझे मेरे माता-पिता से मिला है। बचपन में मेरी किसी भी अचीवमेंट पर मुझे किताब मिलती थी। इससे मुझे काफी नॉलेज मिली है और मेरे पास नोवेल का कलेक्शन बन गया है।




**वार्ता** राजनाथ ने रूसी रक्षा मंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता की

# राजनाथ मिले सर्गेई शोइगु से

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक से इतर राष्ट्रीय राजधानी में रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु से मुलाकात की। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि मुलाकात के दौरान दोनों मंत्रियों ने क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मामलों पर चर्चा की। सिंह और शोइगु ने रक्षा और औद्योगिक साझेदारी सहित द्विपक्षीय सहयोग के कई मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। दोनों मंत्रियों ने 'मेक इन इंडिया' पहल में रूस के रक्षा उद्योग की भागीदारी और इसे और तेज करने के तरीकों पर भी चर्चा की। जानकारी के मुताबिक दोनों ने भारत और रूस के बीच विशेष रूप से रक्षा क्षेत्र में निरंतर विश्वास और आपसी सम्मान पर संतोष व्यक्त किया और आपसी साझेदारी को मजबूत करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।




बैठक के दौरान, शोइगु ने चीन के प्रति झुकाव दिखाते हुए अमेरिका और क्वाड जैसे समूहों पर निशाना साधा है। भारत भी क्वाड का हिस्सा है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका भी शामिल हैं। रूसी रक्षा मंत्री ने कहा कि "चीन को रोकने के लिए मोर्चा बनाया जा रहा है।"

उन्होंने कहा कि 'तथाकथित' ताइवान मुद्दे को लेकर जानबूझकर तनाव पैदा किया गया है। शोइगु ने कहा, वाशिंगटन के समर्थक अन्य देशों, विशेष रूप से रूस और चीन के साथ सैन्य टकराव के लिए दूसरे देशों को भड़काने के अपने रणनीतिक एजेंडे का पालन कर रहे हैं।

एससीओ बैठक के समापन पर एससीओ महासचिव झांग मिंग ने भी राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इसकी अध्यक्षता में भारत द्वारा की गई विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई। रक्षा मंत्री ने महासचिव से कहा कि भारत एससीओ के शासनादेश के कार्यान्वयन में रचनात्मक योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## किंग महेंद्र के भाई के काफिले पर पथराव, 6 घायल

**पटना।** दिवंगत जदयू नेता 'किंग' महेंद्र प्रसाद के छोटे भाई और अग्रणी उद्योगपति उमेश शर्मा उर्फ भोला बाबू के काफिले में शामिल करीब छह लोग शुक्रवार दोपहर जहानाबाद जिले में पथराव के दौरान घायल हो गए, पुलिस ने यह जानकारी दी। शर्मा कंपनी के कर्मचारियों के साथ घोसी इलाके के एक गांव की ओर जा रहे थे और जैसे ही वह घोसी थाना क्षेत्र के भरथू गांव पहुंचे, करीब 20 लोगों ने उनके काफिले का पीछा किया और उन पर पथराव किया। हमले में 4 वाहनों के शीशे टूट गए लेकिन सौभाग्य से शर्मा बाल-बाल बच गए। पुलिस को दिए एक बयान में शर्मा ने कहा, हम सीएसआर योजना के तहत मेरी कंपनी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जा रहे थे, तभी करीब 20 लोगों ने मेरे काफिले पर पथराव किया।

# रांची को तीन फ्लाईओवर की मिलेगी सौगात




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के लोगों को 2024 में तीन फ्लाई ओवर की सौगात मिलेगी। रांची में इन दिनों एक साथ तीन फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है। फ्लाईओवर निर्माण से शहर में जाम की समस्या से काफी हद तक मुक्ति मिल सकेगी। साथ ही शहर की रफ्तार और तेज हो जायेगी। रांची में कांटाटोली फ्लाईओवर का काम कई साल पहले शुरू हुआ था लेकिन अब इसमें रफ्तार दिख रही है। सिरमटोली चौक से डोरंडा राजेंद्र चौक तक फ्लाईओवर का काम छह महीने पहले ही शुरू हुआ है लेकिन इसमें भी काफी तेजी दिख रही है। रातू रोड फ्लाईओवर का काम भी आगे बढ़ गया है। फ्लाईओवर निर्माण में जुटे इंजीनियरों का कहना है कि 2024 तक राजधानी को तीन फ्लाईओवर की सौगात मिल जाएगी। कांटाटोली फ्लाईओवर का करीब 40 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है जबकि सिरमटोली चौक से डोरंडा राजेंद्र चौक तक फ्लाईओवर का काम महज चार महीने पहले से शुरू हुआ है। अब तक 20 प्रतिशत का काम पूरा कर लिया गया है। रातू रोड फ्लाईओवर का काम भी लगभग 30 प्रतिशत पूरा हो चुका है। कांटाटोली फ्लाईओवर में 44 पिलर का निर्माण होना है, जिसमें 32 पीलर खड़े हो गए है। अब अगले महीने से स्लोपिंग का निर्माण कार्य भी शुरू हो जाएगा। इस फ्लाईओवर की लंबाई करीब 2. 24 किलोमीटर है। निर्माण कार्य में जुटे इंजीनियरों ने बताया कि अगले 15 दिनों में रांची के बहुबाजार चौक से कांटाटोली के बीच स्लोपिंग का काम शुरू हो जाएगा। रांची में पिस्का मोड़ से रातू रोड के बीच बन रहे फ्लाईओवर (एलिवेटेड रोड) निर्माण का काम लगभग 30 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है।
करीब एक दर्जन पिलर तैयार हो गए है। शेष काम 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। इस फ्लाईओवर का का निर्माण कार्य छह-सात महीने में काफी तेजी से हुआ। इंजीनियरों ने बताया कि जिस तेजी से काम चल रहा है, उसके अनुसार तय समय पर काम पूरा कर लिया जाएगा।

## धुंडीराज गोविंद फाल्के का 153वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया

**रांची।** रांची के मारवाड़ी कॉलेज के डिजिटल फोटोग्राफी और फिल्म निर्माण विभाग में शनिवार को धुंडीराज गोविंद फाल्के उर्फ.दादा साहेब फाल्के का 153 वां जन्मदिवस मनाया गया। धुंडीराजभारतीय सिनेमा के जनक माने जाते है। मौके पर विभाग के पाठ्यक्रम निदेशक डॉक्टर सुशील कुमार अंकन ने कहा कि भारतीय सिनेमा के शुरूआती दिन काफी चुनौती भरे थे। उन विपरीत परिस्थितियों में भी दादा साहेब फाल्के ने अपनी पूरी संपति को दांव में लगाकर फि ल्म निर्माण के गुर विदेशों में जाकर सीखा। 1913 में राजा हरिश्चंद्र नामक फि ल्म बना कर भारतीय सिनेमा की नीवं रखी। उस समय महिलाओं की भूमिकाएं भी पुरुष पात्र ही किया करते थे। फोटोग्राफी और फिल्म निर्माण विभाग के विद्यार्थियों को दादा साहेब फाल्के के जीवन से काफी प्रेरणा मिली। और वे दादा साहेब के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**ईडी कोर्ट ने वीरेंद्र राम सहित चार...**
इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी थी। छापेमारी के दौरान ईडी को लगभग डेढ़ करोड़ के आभूषण सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे। इस केस में ईडी वीरेंद्र राम के रिश्तेदार आलोक रंजन को भी गिरफ्तार कर चुकी है।

**केंद्र की सत्ता बदलो अभियान गांधी मैदान से...**
मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मिले थे। उस मुलाकात के बाद ममता बनर्जी ने पत्रकारों से कहा था कि हम लोगों ने नीतीश जी से आग्रह किया है कि जिस तरह से जेपी मूवमेंट की शुरूआत बिहार (पटना) से हुई थी। उसी तर्ज पर हम लोग बिहार में सभी पार्टी मिलकर मीटिंग करें। कहां जाना है, क्या करना है, क्या मेनिफेस्टो बनाना है, यह सब बाद में तय करेंगे। लेकिन पहले एक संदेश देना है कि हम लोग सब एक साथ हैं। नीतीश कुमार ने कहा कि सभी लोग आपस में बैठकर बातचीत करें और आगे का सब कुछ तय करें। देश हित में आगे जो कुछ भी करना है इस पर विचार कर लें।फिलहाल नीतीश कुमार ने जो कहा है उससे संकेत साफ है कि आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के मद्देनजर 13 मई के बाद 19 विपक्षी दलों की बैठक पटना में होगी।

# गैस ब्लास्ट : एक की मौत, कई घायल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी के बीआईटी ओपी क्षेत्र में एक बड़ा हादसा सामने आया है। एक गैराज में गैस टैंकर के पिछले हिस्से में वेल्डिंग के समय टैंकर ही ब्लास्ट कर गया। इस ब्लास्ट में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हैं। आनन-फानन में घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जिनमें कुछ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। ब्लास्ट में संजू कुमार मल्लिक नाम के युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। क्या है पूरा मामलाः रांची के बीआईटी मेसरा ओपी क्षेत्र के चुट्टू रिंग रोड स्थित वेल्डिंग गैराज में गैस टैंकर फटने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई विस्फोट इतना भीषण था कि 40 वर्षीय संजू के शरीर का एक हिस्सा पूरी उड़ गया। विस्फोट में बीआईटी के ही मोइनुद्दीन और माणिक गम्भीर रूप से घायल भी हुए है , जिनका इलाज रिंग रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।कैसे घटी घटनाः बीआईटी ओपी प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र के महतो गैरेज में गैस टैंकर में विस्फोट की वारदात सामने आई है, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया है कि महतो गैराज में खराब गैस टैंकर का रिपेयरिंग कराने का काम किया जाता है। जिस टैंकर में विस्फोट हुआ है उसके गैस को खाली करके ही रिपेयरिंग के लिए ही लाया गया था।

## रांची समेत सात जिलों में कोयला चोरी के लंबित कांडों की सूची हो रही तैयार



**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर कोयला चोरी से संबंधित लंबित कांडों की सूची तैयार हो रही है। हजारीबाग, चतरा, रामगढ़ , बोकारो, रांची और लातेहार जिले के एसपी, एसएसपी द्वारा अपने- अपने जिले में कोयला चोरी के लंबित कांडों की सूची तैयार कराई जा रही है। इन सभी जिलों में कोयला चोरी रोकने के लिए क्या क्या कार्रवाई की गई है, इसको लेकर डीजीपी अजय कुमार सिंह दो मई को एसपी, एसएसपी के साथ समीक्षा बैठक करने वाले हैं। जानकारी के मुताबिक, कोयला चोरी के कारोबार से जुड़े लोगों की सूची के साथ ही इनकी संपत्ति का विवरण तैयार कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि कोयला चोरी से जुड़े लोगों पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। कोयला चोरी के लिए गठित टास्क फोर्स द्वारा की गई कार्रवाई से संबंधित प्रेजेंटेशन देने का अनुरोध किया गया है।

## प्रशासक के भरोसे राज्य का नगर निकाय क्षेत्र

# जनप्रतिनिधियों की बजाय अब कार्यालय के चक्कर लगायेगी जनता




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड में शहर की सरकार प्रशासक के भरोसे है। 27 अप्रैल को रांची नगर निगम सहित 34 नगर निकायों में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद प्रशासक के भरोसे कामकाज शुरू हो गया है। इस संबंध में विगत गुरुवार को कैबिनेट के द्वारा लिए गए फैसले के तहत नगर निकायों के कमान प्रशासकों के हाथों सौंपी गई है। प्रशासक के रूप में संबंधित नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त, कार्यपालक पदाधिकारी, निकाय परिषद यानी बोर्ड की सभी शक्ति एवं कार्यों का नियमानुसार प्रयोग की अनुमति दी गई है। वित्तीय कार्यों के साथ प्रशासनिक जिम्मेदारी नगर प्रशासक को दी गई है।सरकार के इस फैसले के बाद विगत शुक्रवार से रांची सहित सभी नगर निकायों में अधिकारियों का राज शुरू हो गया। जनप्रतिनिधियों खासकर मेयर, डिप्टी मेयर, वार्ड पार्षद की सारी शक्तियां समाप्त हो गई हैं। अब आम लोगों को नगर निकाय या नगर परिषद क्षेत्र से जुड़ी किसी भी समस्या के लिए अधिकारियों से सीधे संपर्क करना होगा। जिसके लिए नगर निगम कार्यालय में कंट्रोल रूम गठित की गई है जहां आम लोगों की समस्या को सुनी जाएगी। पहले से है 13 नगर निकाय क्षेत्र में प्रशासक के भरोसे कामः धनबाद सहित 13 नगर निकाय क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल समाप्त होने के बाद चुनाव नहीं होने की वजह से 2020 से ही प्रशासक के भरोसे कामकाज चल रहा है। अब शेष बचे 34 नगर निकायों में भी सरकार ने चुनाव होने तक इसी तरह से काम चलाने का निर्णय लिया है। हालांकि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के द्वारा लगातार सरकार से नगर निकायों के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल बढ़ाने की मांग की जा रही थी, जिसे सरकार ने अनसुना कर दिया है। ऐसी परिस्थिति में और छोटे-मोटे काम जो वार्ड पार्षदों के माध्यम से होते थे, वह भी काम नगर निकायों के कार्यालय में अधिकारियों के हाथों होगा।जिन नगर निकायों में प्रशासक के भरोसे काम का शुरू हुए हैं, उनमें रांची नगर निगम, गढ़वा नगर परिषद, श्रीबंशीधर नगर पंचायत, मेदिनीनगर नगर निगम,गोड्डा नगर परिषद, साहिबगंज नगर परिषद शामिल है।

**योजना** | **बीएयू में विश्व पशु चिकित्सा दिवस मनाया गया**

# बेजुबान पशुओं की चिकित्सा एक विषम सेवा : विजय



नवीन मेल संवाददाता। रांची
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय में शनिवार को विश्व पशु चिकित्सा दिवस मनाया गया। समारोह का उद्‌घाटन दीप जलाकर बतौर मुख्य अतिथि डिप्टी कांसेर्वटर ऑफ फारेस्ट, रांची डॉ. विजय शंकर दुबे ने किया। अपने संबोधन में कहा कि विश्व में पशुओं के बिना मानव जीवन कठिन एवं अधुरा है। पुरे विश्व में पशुधन जीविकोपार्जन एवं आजीविका बेहतर विकल्प एवं साधन है। बेजुबान पशुओं की चिकित्सा एवं सेवा बेहद कठिन एवं विषम कार्य है। पशुओं की बेहतर चिकित्सा, सेवा एवं सुरक्षा मानव हित में जरुरी है और सरकार द्वारा पशु चिकित्सकों/ पशुचिकित्सा वैज्ञानिकों को पूर्ण सम्मान तथा सुरक्षा देने की आवश्यकता है। विजय शंकर दुबे ने कहा कि विश्व में 80 प्रतिशत से अधिक महामारी/ वायरस/ संक्रामक रोग वन जीवों से होती है। लेकिन इस विषय पर पशुचिकित्सा संस्थानों में शिक्षण एवं शोध कार्य का नितांत आभाव है। इसलिए ऐसे संस्थानों में वनजीव शोध एवं चिकित्सा केंद्र अविलंब खोले जाने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी में पक्षी, पतंगा, मधुमख्खी, केंचुआ आदि का सर्वाधिक महत्त्व है और पेस्टीसाइड्स के उपयोग से सभी विलुप्त हो रहे है। जो मानव जीवन के लिए एक बड़ा खतरा है। इनके सुरक्षा एवं संरक्षण पर रणनीतिकार एवं वैज्ञानिकों को ध्यान देना होगा। मौके पर विशिष्ट अतिथि संयुक्त निदेशक, पशुपालन, झारखंड डॉ मनोज कुमार ने पशु चिकित्सा सेवा में पशुओं के प्रति दया, सेवा एवं सुरक्षा को मुख्य ध्येय एवं सर्वोपरि बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पशुधन विकास की दिशा संकल्पित है। जल्द ही पशु चिकित्सा कार्य के लिए मोबाइल वेटनरी यूनिट उपलब्ध होगी। पुर्व वेटनरी प्राध्यापक डॉ. सीएसपी सिंह ने पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन क्षेत्र में भावी संभावनाओं पर प्रकाश डाला। पुर्व निदेशक अनुसंधान डॉ. डीके सिंह द्रोण ने बदलते वैश्विक परिदृश्य में पशुचिकित्सा शिक्षा, शोध एवं प्रसार विषयों की आवश्यकता पर चर्चा की। निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ जगरनाथ उरांव ने ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चिकित्सा कार्यक्रम को सशक्त करने पर बल दिया। समारोह में वेटनरी छात्रों ने विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर अपने विचारों को रखा। मौके पर इस दिवस पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में संजीत, अंशुल व निहाल की टीम को प्रथम, विंकल, अंशिका व योगेन्द्र की टीम को द्वितीय तथा अमन, अम्बिका व मनोज की टीम को तृतीय पुरुस्कार से सम्मानित किया गया।


## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग)
## (कार्यालय, जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा।)

### सूचना–

माननीय मुख्यमंत्री झारखण्ड सरकार के द्वारा अमर शहीद सिद्धो कान्हो के जन्मोत्सव के अवसर पर दिनांक 11.04.2023 से राज्य के सभी लैम्पस/पैक्स में सदस्यता वृद्धि हेतु विशेष अभियान प्रारम्भ किया गया है जो दिनांक10.05.2023 तक चलेगा।

गढ़वा जिला में सदस्यता वृद्धि अभियान मिशन मोड पर चलाया जा रहा है। लैम्पस/पैक्स के कार्यक्षेत्र के सभी परिवार से कम से कम एक व्यक्ति को आच्छादित किया जाना है गढ़वा जिला में प्रखण्डवार सदस्यता वृद्धि अभियान से संबंधित शिविर आयोजित किया जा रहा है शिविर के आयोजन से संबंधित कार्यक्रम निम्न प्रकार है:–

| क0 | प्रखण्ड का नाम | लैम्पस/पैक्स का नाम | शिविर की तिथि | स्थान | प्रभारी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी का नाम | जिला स्तरीय पदाधिकारी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | गढ़वा | अंचला पैक्स, बिरबंधा पैक्स, भदुमा पैक्स, जाटा पैक्स, ओबरा पैक्स | 02.05.2023 | अंचला पैक्स | श्री नन्दलाल प्रसाद पासवान | श्री अश्विनी कुमार ओझा जिला सहकारिता पदाधिकारी |
| 2 | | फरहटिया पैक्स, उड़सुंगी पैक्स, बेलचम्पा पैक्स, संग्रकला पैक्स, प्रतापपुर पैक्स | 02.05.2023 | फरहटिया पैक्स | श्री संजय मिंज | श्री अश्विनी कुमार ओझा जिला सहकारिता पदाधिकारी |
| 3 | | कल्याणपुर पैक्स, छतरपुर पैक्स, चिरौंजिया पैक्स, जाटा पैक्स | 03.05.2023 | कल्याणपुर पैक्स | श्री मतियस भेंगरा | श्री अश्विनी कुमार ओझा जिला सहकारिता पदाधिकारी |
| 4 | | दुबे मरहटिया, परिहारा पैक्स, मध्या, तिलदाग, बाना मंशुरिया पैक्स, करूआकला पैक्स | 08.05.2023 | दुबे मरहटिया पैक्स | श्री नन्दलाल प्रसाद पासवान | श्री अश्विनी कुमार ओझा जिला सहकारिता पदाधिकारी |
| 5 | कांडी | कांडी पैक्स, डुमरसोता पैक्स, लमारीकला पैक्स, पतरिया पैक्स, पतिला पैक्स, बलियारी पैक्स | 02.05.2023 | डुमरसोता पैक्स | श्री उदय कमल | श्री अश्विनी कुमार ओझा जिला सहकारिता पदाधिकारी |
| 6 | | राणाडीह पैक्स, शिवपुर पैक्स, खरसोता पैक्स, गाड़ाखुर्द पैक्स, खरौंधा पैक्स | 04.05.2023 | राणाडीह पैक्स | श्री अनमोल भेंगरा | श्री अश्विनी कुमार ओझा जिला सहकारिता पदाधिकारी |
| 7 | | चटनिया पैक्स, गरदाहा पैक्स, मझिगॉवा पैक्स, हरिहरपुर पैक्स, छटहुआ पैक्स | 04.05.2023 | गरदाहा पैक्स | श्री उदय कमल | श्री अश्विनी कुमार ओझा जिला सहकारिता पदाधिकारी |
| 8 | केतार | केतार पैक्स, बालीगढ़ पैक्स, परतीकुशवाणी पैक्स | 05.05.2023 | केतार पैक्स | श्री उदय कमल | श्री अश्विनी कुमार ओझा जिला सहकारिता पदाधिकारी |
| 9 | | लोहरगड़ा पैक्स, परसोडीह पैक्स, मुकुन्दपुर पैक्स, पाचाडुमर पैक्स | 05.05.2023 | मुकुन्दपुर पैक्स | श्री अनमोल भेंगरा | श्री अश्विनी कुमार ओझा जिला सहकारिता पदाधिकारी |
| 10 | मेराल | गोंदा पैक्स, गेरूआ पैक्स, हसनदाग(रिजो पैक्स), करकोमा पैक्स, बाना पैक्स | 02.05.2023 | गोंदा पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | श्री फेलिक्स केरकेटटा जिला अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 11 | | तेनार पैक्स, पडुआ पैक्स, लोआदाग पैक्स, मेराल पू0 पैक्स, मेराल प0 पैक्स, संगबरिया पैक्स | 06.05.2023 | तेनार पैक्स | श्री सुनील प्रसाद | श्री फेलिक्स केरकेटटा जिला अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 12 | | पेशका पैक्स, गेरूआसोती पैक्स, चामा पैक्स | 09.05.2023 | पेशका पैक्स | श्री सुनील प्रसाद | श्री फेलिक्स केरकेटटा जिला अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 13 | | विकताम पैक्स, आरंगी पैक्स, ओखरगाड़ा पू0 पैक्स, ओखगाड़ा प0 पैक्स, चचरिया पैक्स | 09.05.2023 | आरंगी पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | श्री फेलिक्स केरकेटटा जिला अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 14 | डंडई | सोनेहरा पैक्स, डंडई पैक्स, करके पैक्स, लवाहीकला पैक्स, रारो पैक्स, | 03.05.2023 | डंडई पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | श्री फेलिक्स केरकेटटा जिला अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 15 | | जरही पैक्स, तसरार पैक्स, झोतर पैक्स, पचौर पैक्स, | 08.05.2023 | जरही पैक्स | श्री सुनील प्रसाद | श्री फेलिक्स केरकेटटा जिला अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 16 | चिनिया | चिनियाँ पैक्स, डोल पैक्स, बरवाडीह पैक्स, हेताड़कला पैक्स, रणपुरा पैक्स, बिलैतीखैर पैक्स, | 04.05.2023 | चिनियाँ पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | श्री अश्विनी कुमार ओझा जिला सहकारिता पदाधिकारी |
| 17 | रमना | टण्डवा पैक्स, करनपुरा पैक्स, गम्हरिया पैक्स, बाहियारकला पैक्स, बाहियारखुर्द पैक्स, | 05.05.2023 | बाहियारकला पैक्स | श्री सुनील प्रसाद | श्री फेलिक्स केरकेटटा जिला अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 18 | | रमना पैक्स, सिलिदाग पैक्स, मण्डवानियाँ पैक्स, हरदागकला पैक्स, भागोडीह पैक्स, | 05.05.2023 | भागोडीह पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | श्री फेलिक्स केरकेटटा जिला अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 19 | रंका | बाहाहारा पैक्स, माणपुर पैक्स, खपरो पैक्स, तमगेकला पैक्स, कंचनपुर पैक्स, रंका पैक्स, खरडीहा पैक्स | 03.05.2023 | बहाहारा पैक्स | श्री संजय मिंज | श्री फेलिक्स केरकेटटा जिला अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 20 | | भौरी पैक्स, चुतरू पैक्स, बेलमादामर पैक्स, विश्रामपुर पैक्स,कटरा पैक्स, सेवाडीह पैक्स | 04.05.2023 | भौरी पैक्स ( गोदरमाना हाई स्कूल के पास समुदायिक भवन में) | श्री सुनील कुमार अग्रवाल | श्री फेलिक्स केरकेटटा जिला अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 21 | रमकंडा | रमकंडा पैक्स, रक्सी पैक्स, उदयपुर पैक्स, चेटे पैक्स, विराजपुर पैक्स, बलिगढ़ पैक्स, हरहे पैक्स | 05.05.2023 | रमकंडा पैक्स | श्री सुनील कुमार अग्रवाल | श्री फेलिक्स केरकेटटा जिला अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 22 | भण्डरिया | भण्डरिया लैम्पस, जनेवा लैम्पस,करचाली लैम्पस, बिजका लैम्पस, मदगड़ी क लैम्पस, पार्ट लैम्पस | 06.05.2023 | भण्डरिया लैम्पस | श्री सुनील कुमार अग्रवाल | श्री फेलिक्स केरकेटटा जिला अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 23 | बड़गड़ | बड़गड़ लैम्पस, टेहरी लैम्पस, परसवार लैम्पस, मदगड़ी च लैम्पस | 06.05.2023 | टेहरी लैम्पस | श्री संजय मिंज | श्री फेलिक्स केरकेटटा जिला अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 24 | बरडीहा | ओबरा पैक्स, बरडीहा पैक्स, | 02.05.2023 | प्रा0वि0,वभनी | श्री बिनोद कुमार सहाय | श्री अश्विनी कुमार ओझा जिला सहकारिता पदाधिकारी |
| | | जतरो बंजारी पैक्स, सलगा पैक्स, सुख नदी पैक्स | 05.05.2023 | जतरो बंजारी | श्री बिनोद कुमार सहाय | श्री अश्विनी कुमार ओझा जिला सहकारिता पदाधिकारी |
| 25 | मझिआंव | रामपुर पैक्स, करमडीह पैक्स, बोदरा पैक्स, पुरहे पैक्स, करूई पैक्स | 09.05.2023 | करमडीह पैक्स का गोदाम भवन | श्री बिनोद कुमार सहाय | श्री अश्विनी कुमार ओझा जिला सहकारिता पदाधिकारी |
| | | खरसोता पैक्स, तलसबरिया पैक्स, सोनपुरवा पैक्स, मझिआंव कला पैक्स, मोरबे पैक्स | 03.05.2023 | खरसोता पंचायत भवन | श्री बिनोद कुमार सहाय | श्री अश्विनी कुमार ओझा जिला सहकारिता पदाधिकारी |
| 26 | खरौंधी | खरौंधी पैक्स, सुण्डी पैक्स, राजी पैक्स, चॉदनी पैक्स, करवाडीह पैक्स | 03.05.2023 | खरौंधी | श्री उदय कमल | श्री अश्विनी कुमार ओझा जिला सहकारिता पदाधिकारी |
| 27 | | अमरोरा पैक्स, सिसरी पैक्स, आरंगी पैक्स, कृपा पैक्स, | 04.05.2023 | आरंगी पैक्स | श्री सुनील प्रसाद | श्री अश्विनी कुमार ओझा जिला सहकारिता पदाधिकारी |
| 28 | सगमा | सगमा पैक्स, बीरबल पैक्स, सोनडीहा पैक्स, कटहरकला पैक्स, | 04..05.2023 | सगमा | श्री पासक्ल डुंगडुंग | श्री फेलिक्स केरकेटटा जिला अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 29 | धुरकी | धुरकी पैक्स, खुटिया पैक्स, खाला पैक्स, भण्डार पैक्स, रक्सी पैक्स | 01.05.2023 | धुरकी | श्री परमानन्द सिंह | श्री फेलिक्स केरकेटटा जिला अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 30 | | टाटीदीरी पैक्स, अम्बाखोरिया पैक्स, गनियारी कला | 01.05.2023 | टाटीदीरी पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | श्री फेलिक्स केरकेटटा जिला अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 31 | भवनाथपुर | अरसली द0 पैक्स, भवनाथपुर पैक्स, व्यापार मण्डल भवनाथपुर, चपरी पैक्स | 09.05.2023 | प्रखण्ड मुख्यालय | श्री मनोज प्रसाद गुप्ता | श्री अश्विनी कुमार ओझा जिला सहकारिता पदाधिकारी |
| 32 | | सिंदुरिया पैक्स, मकरी पैक्स | 09.05.2023 | मकरी पैक्स | श्री मनोज प्रसाद गुप्ता | श्री अश्विनी कुमार ओझा जिला सहकारिता पदाधिकारी |
| 33 | विशुनपुरा | विशुनपुरा पैक्स, अमहरखास पैक्स | 04.05.2023 | विशुनपुरा पैक्स | श्री मनोज प्रसाद गुप्ता | श्री अश्विनी कुमार ओझा जिला सहकारिता पदाधिकारी |
| 34 | | पिपरी कला पैक्स, पतिहारी पैक्स,सारग पैक्स | 04.05.2023 | पिपरी कला पैक्स | श्री मनोज प्रसाद गुप्ता | श्री अश्विनी कुमार ओझा जिला सहकारिता पदाधिकारी |
| 35 | नगरउटारी | नगरउटारी पैक्स, अघौरा भोजपुर पैक्स, व्यापार मण्डल नगरउटारी,गरबांध पैक्स जंगीपुर पैक्स, पाल्हेकला पैक्स | 05.05.2023 | अघौरा भोजपुर पैक्स | श्री मनोज प्रसाद गुप्ता | श्री फेलिक्स केरकेटटा जिला अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 36 | | पिपरडीह पैक्स, चितविश्रामपुर पैक्स, कुशदण्ड पैक्स, अहिरपुरवा पैक्स | 06.05.2023 | पंचायत भवन नरही | श्री मनोज प्रसाद गुप्ता | श्री फेलिक्स केरकेटटा जिला अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 37 | | हलिवंता पैक्स, कुम्बाखुर्द पैक्स, पुरैनी पैक्स, विलासपुर पैक्स | 06.05.2023 | हलिवंता पैक्स | श्री अनमोल भेंगरा | श्री फेलिक्स केरकेटटा जिला अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 38 | डण्डा | डण्डा पैक्स, भिरखी पैक्स, छपरदगा पैक्स | 03.05.2023 | भिरखी पैक्स | श्री नन्दलाल प्रसाद पासवान | श्री अश्विनी कुमार ओझा जिला सहकारिता पदाधिकारी |

सदस्यता ग्रहण करने हेतु समिति के अध्यक्ष/ प्रबंधकारिणी को प्रपत्र –V में आवेदन करते हुए 10 रूपये सदस्यता शुल्क तथा 100 रूपये हिस्सा पुंजी मद में कुल–110 रूपये जमा करना होगा। समिति के द्वारा 15 दिनों के अन्दर नये सदस्यो को सदस्यता प्रदान कर दी जायेगी। यदि समिति के अध्यक्ष द्वारा सदस्य बनाने में कोताही बरती जाती है तो कृषक जिला सहकारिता पदाधिकारी गढ़वा/सहायक निबंधक सहयोग समिति गढ़वा अंचल गढ़वा के कार्यालय में फोटोयुक्त प्रपत्र–V आवेदन पत्र तथा अपने पहचान हेतु अपना आधार कार्ड छायाप्रति संलग्न करेंगे।

PR 296261 Co-opretive(23-24)D

जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा

# रोहित के जन्मदिन पर प्लेऑफ से बाहर होने का खतरा

**एजेंसी। मुंबई**

खराब दौर से जूझ रही मुंबई इंडियंस को अपने कप्तान रोहित शर्मा के जन्मदिन पर प्लेऑफ से बाहर होने का खतरा मडंरा रहा है। दरअसल, 30 अप्रैल को कप्तान रोहित अपना 36वां जन्मदिन मनाएंगे। उनकी टीम हर विभाग में भी तक फेल हुई है। अगर वो राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हार जाते हैं तो उनकी मुश्किलें बढ़ जाएंगी। मुंबई को राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजों को रोकने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। राजस्थान इस समय अंक तालिका में शीर्ष पर है जिसने चेन्नई सुपर किंग्स पर पिछले मैच में एकतरफा जीत दर्ज की। पिछले तीन में से दो मैच गंवाने के बावजूद संजू सैमसन की टीम हर विभाग में बेहतरीन फॉर्म में है। दूसरी ओर मुंबई की डैथ गेंदबाजी चिंता का विषय बनी हुई है जिसकी वजह से उसे पिछले दो मैचों में पराजय का सामना करना पड़ा। पिछले सप्ताह वानखेड़े स्टेडियम पर हुए मैच में मुंबई के गेंदबाजों ने आखिरी पांच ओवरों में 96 रन देकर पंजाब को चमत्कारिक जीत दर्ज करने का मौका दिया। इसके अलावा गुजरात टाइटंस के खिलाफ आखिरी 24 गेंद में 70 रन दे डाले। मुंबई के शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा क्योकि राजस्थान की बल्लेबाजी में काफी गहराई है। रोहित शर्मा, ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव को प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी।



### 8वें स्थान पर मुंबई

**मुंबई** इस समय दस टीमों में आठवें स्थान पर है। गेंदबाजी में देखना होगा कि कोहनी की चोट से जूझ रहे इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर खेलने के लिये फिट हैं या नहीं। जासन बेहरेनडोर्फ, रिले मेरेडिथ और अर्जुन तेंदुलकर महंगे साबित हुए हैं। दूसरी ओर राजस्थान के बल्लेबाज इस पिच पर 200 से अधिक रन बना सकते हैं। उनके पास जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल जैसे शीर्षक्रम के बल्लेबाज हैं तो मध्यक्रम में संजू सैमसन, देवदत्त पड्डिकल, शिमरोन हेटमायेर और ध्रुव जुरेल उतरते हैं। जुरेल ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। राजस्थान की सबसे बड़ी ताकत उसकी गेंदबाजी हैं जिसमें युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन जैसे धुरंधर स्पिनर हैं। दोनों मिलकर आठ मैचों में 23 विकेट ले चुके हैं। बायें हाथ के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट प्रभावी रहे हैं और छह मैचों में नौ विकेट चटका चुके हैं।

### टीमें

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान और विकेटकीपर), अब्दुल बसिथ, मुरुगन अश्विन, रविचंद्रन अश्विन, केएम आसिफ, ट्रेंट बोल्ट, जोस बटलर, केसी करियप्पा, युजवेंद्र चहल, डोनोवन फरेरा, शिमरोन हेटमेयर, जेसन होल्डर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, ओबेड मैककॉय, देवदत्त पडिक्कल, रियान पराग, कुणाल सिंह राठौर, जो रूट, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आकाश वशिष्ठ, कुलदीप यादव, एडम जम्पा।

**मुंबई इंडियंस :** रोहित शर्मा (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, टिम डेविड, डेवाल्ड ब्रेविस, तिलक वर्मा, इशान किशन (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, विष्णु विनोद, कैमरन ग्रीन, अर्जुन तेंदुलकर, रमनदीप सिंह, शम्स मुलानी, रिले मेरेडिथ, नेहल वढेरा, ऋतिक शौकीन, अरशद खान, डुआन जानसेन, पीयूष चावला, कुमार कार्तिकेय, राघव गोयल, जोफ्रा आर्चर, जेसन बेहरेनडॉर्फ, आकाश मधवाल।

# मैं कोहली को दोबारा कप्तान बनते देखना पसंद करूंगा : रवि शास्त्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व भारतीय प्रमुख कोच रवि शास्त्री ने विराट कोहली के मानसिक धष्टिकोण और उनकी कप्तानी को लेकर हाल में बातचीत की। शास्त्री ने उभरते तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और उनके खेल के सभी फॉर्मेट में खेलने की संभावना पर भी अपने विचार साझा किये। ईएसपीएन क्रिकइंफो से बात करते शास्त्री ने कहा, पिछले साल हम बैठकर बातचीत कर रहे थे कि क्या उन्हें ब्रेक की जरूरत है या नहीं। उन्होंने जैसे सारी दुनिया का बोझ अपने कंधों पर ले रखा था। अब वह उत्साह से भरपूर नजर आ रहे हैं। उनका खेल के प्रति जूनून, ऊर्जा और उत्साह सब वापस आ चुके हैं जो सबसे अच्छी बात है। रन बनें या न बनें लेकिन आपको उनके अंदर जोश, उत्साह और खेल के प्रति आनंद सब लौट आया है, दिखाई देता है, खासतौर पर विराट कोहली जैसी विशेषता वाले खिलाड़ी के लिए।



यह पूछने पर कि क्या वह इंग्लैंड-भारत सीरीज के पांचवें टेस्ट में विराट को कप्तान के रूप में देखना पसंद करते जब चोटिल रोहित शर्मा की जगह जसप्रीत बुमराह को कप्तान बनाया गया था, शास्त्री ने कहा, जब रोहित चोटिल हुए थे तो मुझे लगा कि विराट से पूछा जाएगा। यदि मैं उस समय होता। मुझे विश्वास है कि राहुल द्रविड़ भी वही काम करते। मैं नहीं जानता। मैंने उनसे बात नहीं की थी। मैं बोर्ड को सिफारिश करता कि यह सही होगा कि वह टीम का नेतृत्व करें क्योंकि वह उस टीम का हिस्सा थे जिसने सीरीज में 2-1 की बढ़त बनायी थी और वह खिलाड़ियों का सर्वश्रेष्ठ निकाल सकते थे।

यह पूछे जाने पर कि क्या विराट को फिर से टीम का नेतृत्व करने पर आपत्ति हो सकती थी, शास्त्री ने कहा, मुझे नहीं लगता कि ऐसा होता। यह आपके देश का नेतृत्व करने के बारे में है और इन परिस्थितियों में आपको अपना सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी आगे करना होगा। आपका नियमित कप्तान चोटिल है।

क्या वह टीम का हिस्सा नहीं थे। आपको देखना होगा कि दांव पर क्या है आप जानते हैं कि 2-1 से आगे रहते हुए इंग्लैंड को इंग्लैंड में हराना। कितनी टीमों ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया को एक ही वर्ष में हराया है। अर्शदीप की सराहना करते हुए शास्त्री ने कहा, जितना मैं उसे देखता हूं मुझे लगता है कि वह भारत के लिए सभी फॉर्मेट में खेल सकते हैं।

# विजय ने दिलाई जीत

## गुजरात पहुंचा अंक तालिका में नंबर 1 पर



**एजेंसी। कोलकाता**

आईपीएल 2023 के 39वें मैच में गुजरात टाइटंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स को उसी के घर में 7 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ गुजरात अब अंक तालिका में 9 मैचों में 6 जीत के साथ पहले स्थान पर आ गया। वहीं केकेआर को 9 मैचों में छठी हार का सामना करना पड़ा। जीत के हीरो विजय शंकर साबित हुए जिन्होंने 24 गेंदों में नाबाद 51 रन बनाए। साथ ही डेविड मिलर ने 18 गेंदों में नाबाद 32 रन बनाए।

इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (39 गेंद, 81 रन) और विस्फोटक हरफनमौला आंद्रे रसेल (19 गेंद 34 रन) की संकटमोचक पारियों से गुजरात टाइटन्स के सामने 180 रन का लक्ष्य रखा। केकेआर के अन्य बल्लेबाज जहां गुजरात की गेंदबाजी के आगे संघर्ष करते नजर आये, वहीं गुरबाज ने 39 गेंद पर पांच चौकों और सात छक्कों के साथ 81 रन की आतिशी अर्द्धशतकीय पारी खेली। रसेल ने अंत में 19 गेंद पर दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से ताबड़तोड़ 34 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। गुजरात ने टॉस जीतकर केकेआर को बल्लेबाजी के लिये आमंत्रित किया। नारायण जगदीशन ने चार चौके लगाकर लय हासिल की लेकिन मोहम्मद शमी ने उन्हें 19 रन के स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद गुरबाज का प्रहार शुरू हुआ।

गुरबाज ने चौथे ओवर में हार्दिक पांड्या को दो छक्के जड़कर रफ्तार बढ़ाई। शमी ने अगले ओवर में शार्दुल ठाकुर को आउट किया लेकिन गुरबाज इस ओवर में भी 11 रन जोड़ने में सफल रहे। गुरबाज ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी, हालांकि केकेआर के अन्य बल्लेबाज गुजरात के आगे शांत रहे। वेंकटेश अय्यर 14 गेंद पर 11 रन बनाकर आउट हो गये, जबकि कप्तान नीतीश तीन गेंद पर चार रन ही बना सके। केकेआर को अंतिम ओवरों में रिंकु सिंह से आक्रामकता की उम्मीद थी लेकिन उन्होंने खाता खोलने के लिये पांच गेंदों का समय लिया और शुरूआती नौ गेंदों पर दो रन ही बना सके।

रिंकु ने अंततः 14वें ओवर में मोहित शर्मा को छक्का लगाकर पारी की रफ्तार बढ़ाई, जबकि गुरबाज ने 15वें ओवर में अपने हमवतन राशिद खान को एक छक्का और एक चौका लगाते हुए कुल 17 रन बटोरे। रिंकु और गुरबाज के बीच पांचवें विकेट के लिये हुई 47 रन की साझेदारी केकेआर को बड़े स्कोर की ओर ले जा रही थी लेकिन नूर अहमद ने दोनों बल्लेबाजों को पवेलियन लौटा दिया। गुरबाज अपने शतक से 19 रन दूर रह गये जबकि रिंकु 20 गेंद पर 19 रन ही बना सके। रसेल ने पारी की अंतिम गेंद पर आउट होने से पहले कुछ अच्छे शॉट खेले, लेकिन गुजरात ने आखिरी पांच ओवर में सिर्फ 45 रन देकर केकेआर को 179/7 के स्कोर पर रोक दिया।

## मेदवेदेव ने जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया



**मैड्रिड (स्पेन)।** विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव ने मैड्रिड ओपन में अपना अभियान इतालवी क्वालीफायर आंद्रिया ववासोरी के खिलाफ शनिवार को 6-4, 6-3 की जीत के साथ शुरू किया। मेदवेदेव ने दूसरे दौर का यह मुकाबला एकतरफा अंदाज में एक घंटे 22 मिनट में जीता। ववासोरी ने पहले राउंड में एंडी मरे को हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की थी। लेकिन वह दूसरे दौर में मेदवेदेव के खिलाफ वैसा करिश्मा नहीं कर पाए। दूसरी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव की बड़ी सर्विस और बेसलाइन से हिटिंग का इतालवी खिलाड़ी मुकाबला नहीं कर पाए। इस जीत के साथ मेदवेदेव ने मैड्रिड में अपना रिकॉर्ड 2-3 कर लिया है। वह 2021 में भी यहां तीसरे दौर में पहुंचे थे। 27 वर्षीय मेदवेदेव का तीसरे दौर में एक और क्वालीफायर एलेक्जेंडर शिवचेंको से मुकाबला होगा।

# मई में सलाहकार का पद छोड़ेंगे एंड्रयू स्ट्रॉस

**एजेंसी। लंदन**

पूर्व इंग्लिश बल्लेबाज एंड्रयू स्ट्रॉस मई में होने वाले इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की एजीएम में ईसीबी बोर्ड के रणनीतिक सलाहकार और प्रदर्शन क्रिकेट समिति के अध्यक्ष का पद छोड़ देंगे। स्ट्रॉस, जिन्होंने फरवरी और मई 2022 के बीच इंग्लैंड मेन्स क्रिकेट के अंतरिम प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य किया, ने 2020 में बोर्ड की भूमिका निभाई, लेकिन अब उन्हें लगता है कि पद छोड़ने का सही समय है। स्ट्रॉस, जिन्होंने पहले तीन साल से अधिक समय तक इंग्लैंड क्रिकेट के निदेशक के रूप में भी काम किया है, ने कहा, मैंने ईसीबी में अपने समय का वास्तव में आनंद लिया है और हमारी इंग्लैंड टीमों के लिए एक सफल अवधि में योगदान देने पर गर्व है। संगठन के बाहर बढ़ती प्रतिबद्धताओं के साथ, दुख की बात है कि मैंने अपनी वर्तमान भूमिका से दूर जाने का फैसला किया है। मैं नए बोर्ड को शुभकामनाएं देता हूं। ईसीबी के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन ने कहा,



एंड्रयू ने कई वर्षों में कई अलग-अलग भूमिकाओं में अंग्रेजी क्रिकेट को उत्कृष्ट सेवा दी है। मैंने अध्यक्ष के रूप में मेरे समय में प्रदान की गई सलाह और विशेषज्ञता को बहुत महत्व दिया है, और उनके साथ काम करने का आनंद लिया है। हम वर्तमान में उनकी प्रभावशाली उच्च प्रदर्शन समीक्षा से अधिकांश सिफारिशों को लागू कर रहे हैं, जिससे मुझे विश्वास है कि हमारी इंग्लैंड की पुरुष टीम को उनकी सफलता को बनाए रखने में मदद मिलेगी। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनके पास खेल में योगदान देने के लिए और भी बहुत कुछ है और उम्मीद है कि वह भविष्य में खेल में वापसी करेंगे।

### कप्तानी में धोनी जैसे हैं हार्दिक पांड्या

# उसने कुछ अच्छी आदतें ली हैं : सुनील गावस्कर



**एजेंसी। कोलकाता**

भारत के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि गुजरात टाइटन्स के कप्तान हार्दिक पांड्या अपने व्यक्तित्व को टीम पर नहीं थोंपते जो उन्हें महेंद्र सिंह धोनी जैसा बनाता है। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम क्रिकेट लाइव पर कहा, 'कई बार कप्तान अपना व्यक्तित्व और टीम का व्यक्तित्व एक जैसा करने की कोशिश करते हैं। टीम का और कप्तान का रवैया एक सा हो यह जरूरी नहीं है।' उन्होंने कहा, 'हार्दिक अपनी सोच गुजरात टाइटन्स पर थोंपने की कोशिश नहीं कर रहे। यह एक कप्तान के तौर पर उनकी विरासत होने वाली है।

वह इस मामले में महेंद्र सिंह धोनी से बहुत मिलते हैं और उन्होंने अपने पूर्व भारतीय कप्तान से कुछ अच्छी आदतें ली हैं।' गावस्कर का मानना है कि पांड्या की इस खासियत के कारण गुजरात कुछ करीबी मुकाबले हारने के बावजूद मजबूती से आईपीएल में वापसी कर पाई। गत चैंपियन गुजरात टाइटन्स फिलहाल सात मैचों में 10 अंकों के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है।

# पुरुष बास्केटबॉल विश्व कप 2027 की मेजबानी करेगा कतर



**नई दिल्ली।** कतर पुरुष बास्केटबॉल विश्व कप 2027 की मेजबानी करेगा। अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल महासंघ (फीबा) ने शुक्रवार को उक्त जानकारी दी। फीबा ने नवंबर और दिसंबर में खेले गए पुरुषों के फुटबॉल विश्व कप के लिए अपग्रेड किए गए मेट्रो और सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क का हवाला देते हुए कहा कि दोहा 32-टीमों के हिस्सेदारी वाले बास्केटबॉल विश्व कप के सभी मैचों का मंचन करेगा। फीबा ने 2023 टूर्नामेंट ड्रा की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को कहा, एक ही शहर में खेलने वाली सभी टीमों के साथ, प्रशंसक सब कुछ पहले से ही योजना बना सकते हैं और एक अनोखे अनुभव का आनंद ले सकते हैं, क्योंकि सभी स्थान एक-दूसरे से 30 मिनट के दूरी पर हैं। कतरी सरकार ने एक बयान में कहा, मेगा-स्पोर्ट इवेंट की मेजबानी के प्रतिष्ठित पोर्टफोलियो ने फीबा को बिना किसी हिचकिचाहट के निर्णय की पुष्टि करने का विश्वास दिलाया। विश्व रैंकिंग में 89वें नंबर की कतर टीम मेजबान के रूप में स्वतः ही क्वालीफाई कर लेगी। कतर ने आखिरी बार 2006 विश्व चैंपियनशिप में इस प्रतियोगिता में भाग लिया था, हालांकि उस दौरान वह अपने सभी पांच मैच हार गया था। फीबा ने यह भी कहा कि 2026 में महिला विश्व कप की मेजबानी जर्मनी करेगा। 16 टीमों का टूर्नामेंट बर्लिन में खेला जाएगा।

### महिला नेत्रहीन टी20 द्विपक्षीय सीरीज

# नेपाल ने भारत को दस विकेट से हराकर सीरीज जीती

**एजेंसी। काठमांडू**

मनकेशी चौधरी और बिनीता पन की नाबाद 209 रन की ओपनिंग साझेदारी की बदौलत नेपाल ने यहां मुलपानी में खेली जा रही ब्लाइंड महिला टी20 द्विपक्षीय सीरीज के चौथे मैच में भारत को 10 विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। नेपाल ने पहला मैच जीता था जबकि भारत ने अगला मैच जीतकर श्रृंखला में बराबरी कर ली थी, हालांकि नेपाल ने तीसरा और फिर आज चौथा मैच जीतकर श्रृंखला में बढ़त बना ली। नेपाल की कप्तान भगवती भट्टारी ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए भेजा। भारतीय टीम ने पहले छह ओवरों में तेजी से विकेट गंवाए और फिर गति नहीं पकड़ सकी। केवल 29 रन के स्कोर पर दीपिका, बसंती हांसदा और रवानी पवेलियन लौट गए। इसके बाद कप्तान, एच, गंगा और झिली बिरुआ ने चौथे विकेट के लिए 93 रनों की साझेदारी करके पारी को फिर से जीवित किया। गंगा 13वें ओवर में 27 गेंदों में 56 रन बनाकर आउट हुईं। इसके दो ओवर बाद ही झिली 28 गेंदों में 44 रन बनाकर आउट हो गईं। सिमू दास (32), फूला सरीन (24) और यू. वर्षा (14) ने अंत में कुछ बेहतरीन पारियां खेलकर भारत का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। भारत ने अंततः 20 ओवर में 6 विकेट पर 207 पारी समाप्त की। नेपाल के लिए सरिता घिमिरे ने एक विकेट लिया। जवाब में नेपाल ने 17.5 ओवर में मनाकक्षी चौधरी (116) के बेहतरीन शतक और बिनीता पून (89) के शानदार अर्धशतक की बदौलत बिना कोई विकेट खोए 209 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### आईपीएल 2023

### हार के बाद कप्तान धवन बोले

# बहुत रन देने का खामियाजा भुगतना पड़ा

**एजेंसी। मोहाली**

शुक्रवार को आईपीएल 2023 के 38वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स ने पंजाब किंग्स को 56 रनों से धूल चटाई। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। लखनऊ ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 257 रन बनाए, जिसके जवाब में पंजाब 19.5 ओवर में 201 रनों पर सिमट गया। मैच के हार के बाद पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने कहा कि टीम ने बहुत फालतू रन दिए और उन्होंने कहा कि स्पिनर की जगह अतिरिक्त तेज गेंदबाज खिलाने का फैसला गलत साबित हुआ। धवन ने कहा, हमने बहुत रन फालतू दिए जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा।" टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी के फैसले पर उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को लेकर उतारने की रणनीति गलत साबित हुई जबकि केएल राहुल ने एक अतिरिक्त स्पिनर उतारा था। मैने कुछ बदलने की कोशिश की जो आज नहीं चली लेकिन कोई बात नहीं । मेरे लिए यह अच्छा सबक है और अब मजबूती से वापसी करूंगा।"



मैच की बात करें तो काइल मायर्स और मार्कस स्टोइनिस की आक्रामक पारियों के दम पर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने आईपीएल के इतिहास का दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाने के बाद पंजाब किंग्स को शुक्रवार को आईपीएल के मैच में 56 रन से हरा दिया। मायर्स ने पावरप्ले में बल्ले से आग उगलते हुए 24 गेंद में 54 रन बनाये जबकि स्टोइनिस ने 40 गेंद में 72 रन की पारी खेली जिसके दम पर लखनऊ ने पांच विकेट पर 257 रन बनाये। आयुष बडोनी ने 24 गेंद में 43 और निकोलस पूरन ने 19 गेंद में 45 रन बनाये। जवाब में पंजाब की टीम 19.5 ओवर में 201 रन पर आउट हो गई। अथर्व तायडे ने 36 गेंद में 66 रन बनाये जो आईपीएल में उनका पहला अर्धशतक है। लियाम लिविंगस्टोन (22 गेंद में 36 रन) और सिकंदर रजा (14 गेंद में 23 रन) हालांकि टिककर नहीं खेल सके।

### ऐसा दिन जब विरोधी टीम का हर दाव चल गया : जाफर



**पंजाब** किंग्स के बल्लेबाजी कोच वसीम जाफर ने लखनऊ सुपर जाइंट्स से मिली करारी हार के बाद कहा कि यह ऐसा दिन था जब विरोधी टीम की हर रणनीति कारगर साबित हुई। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आईपीएल के इतिहास का दूसरा सर्वोच्च स्कोर पांच विकेट पर 257 रन बनाये। जवाब में पंजाब की टीम 19.5 ओवर में 201 रन ही बना सकी। जाफर ने मैच के बाद कहा, यह ऐसा दिन था जब विरोधी टीम का हर दाव चल गया। लेकिन हमारे गेंदबाज मजबूती से वापसी करेंगे। उन्होंने कहा, हमारे गेंदबाज नहीं चल सके। उन्होंने पावरप्ले में आक्रामक शुरूआत की और रूके ही नहीं। हर बल्लेबाज चला। आयुष बडोनी, मार्कस स्टोइनिस, निकोलस पूरन। जब कोई ऐसे खेलता है तो उसे रोकना मुश्किल होता है। पावरप्ले के बाद भी उन्होंने लय नहीं खोई।

